# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 1 अप्रैल, 2026 | वर्ष -01 | अंक-45 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### दुबई से काठमांडू जा रहे फ्लाईदुबई के विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** दुबई से काठमांडू जा रहे फ्लाईदुबई के एक विमान की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक, काठमांडू में खराब मौसम के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद उसे लखनऊ की ओर डायवर्ट किया गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल लखनऊ से अनुमति मिलने के बाद फ्लाईदुबई की फ्लाइट संख्या एफजेड-1595 कोसुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान में कुल 157 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### पटना हाईकोर्ट ने अनंत सिंह के भतीजों को अग्रिम जमानत दी

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने मंगलवार को दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में अनंत सिंह के भतीजे धर्मवीर सिंह और कर्मवीर सिंह को अग्रिम जमानत दी। जस्टिस प्रभात कुमार सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत मंजूर की। वकील नरेश दीक्षित ने आरोपियों का प्रतिनिधित्व किया और अदालत के सामने उनका पक्ष रखा। वहीं, अतिरिक्त लोक अभियोजक सत्येंद्र सिंह ने राज्य सरकार की ओर से दलीलें पेश कीं। दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद, अदालत ने आरोपी को अग्रिम जमानत दे दी।

### सोनिया को मिली गंगा राम अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें 24 मार्च को बुखार होने के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉक्टरों के अनुसार वे एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स दी गई। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार सोनिया गांधी को 24 मार्च की रात 10:22 बजे बुखार के चलते सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### रोहतास जिले की तेलकप पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर मिला द्वितीय स्थान

**पटना।** बिहार के रोहतास जिले की तेलकप ग्राम पंचायत को वर्ष 2025 के लिए नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार (राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार) के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने ग्राम पंचायत की मुखिया अनीता टोप्पो को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# नालंदा के शीतला मंदिर में भगदड़, 8 की मौत

## चैत माह के अंतिम मंगलवार को शीतला मंदिर में जुटी थी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

नव संदेश ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मधड़ा स्थित शीतला मंदिर परिसर में मंगलवार को आस्था का एक बड़ा आयोजन मातम में बदल गया। मां शीतला की पूजा-अर्चना के लिए जुटी भारी भीड़ के बीच अचानक मची भगदड़ में 8 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सात अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। चैत माह का अंतिम मंगलवार होने के कारण शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस बार भी बड़ी संख्या में महिलाएं सहित पुरूष, बच्चे पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थें।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर परिसर में प्रवेश और निकास के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इसी बीच कुछ लोगों को पीछे के रास्ते से अंदर प्रवेश कराया जाने लगा, जिससे अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया और अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए और भगदड़ मच गई। इस दौरान कई महिलाएं गिर पड़ीं और भीड़ उनके ऊपर से गुजरती चली गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई और मंदिर परिसर कुछ ही मिनटों में त्रासदी का दृश्य बन गया। मंदिर परिसर में लगा बैरिकेडिंग टूट गया और लोग एक दूसरे के उपर से होकर गुजरने लगे। हादसे के बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आनन-फानन में

**07**
**लोग घायल, दीपनगर थाना क्षेत्र में घटी घटना, राहत कार्य में जुटा प्रशासन**





अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में आठ महिलाओं की मौत हो गयी वहीं एक अन्य महिला की मौत ईलाज के लिए विम्स अस्पताल में हो गया। घायलों का इलाज जारी है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नालंदा के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, अनुमंडलाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित तमाम वरीय अधिकारी अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को आपदा राहत के तहत 4 लाख रुपये, मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये और प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। घायलों के लिए भी मुआवजे की घोषणा की गई है। घटना के बाद

### दीपनगर थानाध्यक्ष समेत 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नालंदा (एनएसबी)।।** मधड़ा स्थित शीतला मंदिर में हुई दर्दनाक भगदड़ घटना के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही उजागर होने के बाद दीपनगर थाना के थानाध्यक्ष राजमणि को एसपी भारत सोनी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में चार अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित किया गया है। शुरूआती जांच में यह भी सामने आया है कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था चौकीदार के भरोसे छोड़ दी गई थी, जिसके कारण भीड़ अनियंत्रित हो गई और समय पर वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी गई। इस हादसे में 9 महिलाओं की मौत के बाद प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया तेज हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। एसआईटी का गठन किया जा रहा है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया। सीसीटीवी से पूरे मामले की जांच की जाएगी। हादसे के बाद पीड़ित परिवारों में भारी आक्रोश देखा गया। परिजनों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया था। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा और व्यवस्था की उचित तैयारी की गई होती, तो इतनी बड़ी घटना टाली जा सकती थी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि भगदड़ के दौरान लोग बेकाबू होकर महिलाओं के ऊपर से गुजरते रहे, जिससे कई जानें चली गई। घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राथमिक तौर पर इस हादसे के लिए मंदिर प्रबंधन और स्थानीय चौकीदार को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की है। हालांकि, सवाल यह उठ रहा है कि इतनी बड़ी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने पहले से पर्याप्त सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के उपाय क्यों नहीं किए। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे नालंदा जिले में शोक की लहर है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके घरों में मातम पसरा हुआ है। मरने वालों में मालो देवी उम्र 36 वर्ष, पति- अनिल केवट ग्राम- अपरा, थाना- हिलसा, देवन्ती देवी उम्र 60 वर्ष पति- महेंद्र साव, ग्राम- मोजफरा थाना- इस्लामपुर, कांती देवी उम्र 45 वर्ष पति- अर्जुन सिंह, दीपनगर, रीता देवी उम्र 70 वर्ष पति- दिनेश रजक, सकुनतकला, थाना- बिहार, आशा देवी उम्र 60 वर्ष पति- मिथिलेश झा ग्राम- कुंभी, थाना- वारिसलीगंज, जिला- नवादा, रेखा देवी उम्र 55 वर्ष, पति- कमलेश राम, ग्राम मथुरापुर, थाना- नूरसराय, गुडिया देवी उम्र 45 वर्ष पति- अजय साव, बबुरबन्ना, थाना- सोहसराय, क्रिन्ता देवी उम्र 45 वर्ष पति- योगेंद्र गोप, ग्राम- विशुनपुर, थाना- रहुई घायलों में कांति देवी, पति सुरेश राम, ग्राम- बहारी बिगहा, साक्षी सिन्हा उम्र 18 वर्ष पति विरेंद्र कुमार, महल्ला- रामचंद्रपुर, थाना- लहेरी, बिहारशरीफ, प्रीति देवी उम्र 35 वर्ष, पति छोटे जी, ग्राम- पुरानी संगत, थाना- सोहसराय, गीता देवी उम्र 40 वर्ष पति- अनिल राम, ग्राम- कुंभी, वारिसलीगंज, जिला- नवादा, मोहित कुमार उम्र 17 वर्ष पिता- मिथलेश कुमार, ग्राम- मुर्गियाचक, थाना- नालंदा, स्मृति कुमारी 24 वर्ष पति- सूरज कुमार, ग्राम- राणाबिगहा, थाना- दीपनगर, पंकज कुमार उम्र 21 वर्ष, पिता- अजय कुमार, ग्राम- निजायं, थाना- रहुई, अनुष्का सिन्हा उम्र 24 वर्ष पति- अजय कुमार, ग्राम- निजायं, थाना- रहुई नालंदा शामिल है।

**सभी पीड़ित परिवारों को आपदा राहत के तहत चार-चार लाख रुपये देगी सरकार**

**मुख्यमंत्री राहत कोष, प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा**

## दानापुर में गैस कटर से एटीएम काट कर ले उड़े 30 लाख रुपये

नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना से सटे दानापुर अनुमंडल के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित एसबीआई के एटीएम से बदमाश नकद तीस लाख रुपए चोरी कर फरार हो गए। घटना मंगलवार तड़के तीन से चार बजे के बीच की बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह, दानापुर डीएसपी बल और अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। सिटी एसपी पश्चिमी के मुताबिक विगत रात्रि में शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत के ढिबरी मोड़ के पास स्थित एसबीआई एटीएम में अज्ञात चोरों द्वारा गैस कटर का उपयोग कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा त्वरित उद्भेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस के मुताबिक बैंक के अधिकारियों ने बताया कि एटीएम में 30 लाख रुपए थे। सिटी एसपी पश्चिमी के मुताबिक बैंक अधिकारी रकम का ब्योरा लेने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। फिलहाल तीस लाख रुपए एटीएम में होने की




**अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर में मंगलवार तड़के तीन से चार बजे के बीच की घटना**

**वारदात के उद्भेदन के लिए विशेष पुलिस टीम का किया गया गठन**

प्रारंभिक जानकारी दी है। मौके पर श्वान दस्ता और फोरेंसिक टीम ने जांच किया है। फोरेंसिक टीम ने मौके से जांच के लिए सैंपल एकत्र कर के गई है। पुलिस की विशेष टीम उस क्षेत्र के सीसीटीवी की मदद से अपराधियों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

## सूरत में एक मकान में केमिकल ब्लास्ट के बाद आग, 5 की मौत

**सूरत (एजेंसी)** । गुजरात के सूरत के लिंबायत क्षेत्र में मीठी खाड़ी के पास स्थित एक मकान में केमिकल में विस्फोट होने से भीषण आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। बताया गया एक घर में साड़ियों का काम होता था, जिसके चलते वहां ज्वलनशील केमिकल रखा गया था।

केमिकल में अचानक ब्लास्ट होने से घर में जबरदस्त आग लग गई। इस हादसे में पांच लोग बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया।

## अदालतों को उड़ाने की धमकी देने वाला मैसूर से गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)।** पटना सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट समेत बिहार-झारखंड की अदालतों, एयरपोर्ट, शैक्षिक संस्थानों और ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला श्रीनिवास लुईस (47) गिरफ्तार हो गया है। दिल्ली की साइबर पुलिस ने श्रीनिवास को कर्नाटक के मैसूर वृंदावन लेआउट से पकड़ा है। श्रीनिवास लॉ की पढ़ाई कर चुका है।

## किशनगंज के एसडीपीओ तथा सहरसा के डीआरडीए निदेशक के ठिकानों पर छापा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले को लेकर आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने मंगलवार को सहरसा डीआरडीए वैभव कुमार के मुजफ्फरपुर औऱ सहरसा सहित 6 ठिकानों पर सुबह छापामारी की। मिली जानकारी के अनुसार सभी ठिकाने पर आर्थिक अपराध इकाई की टीम देर शाम तक वैभव कुमार के मुजफ्फरपुर स्थित मकान औऱ संस्थानों में छापामारी जारी

**ईओयू ने एक साथ कुल 12 ठिकानों पर की छापेमारी**

रखते हुए आय व अर्जित की गई संपत्ति से संबंधित कागजात व दस्तावेजों को जब्त कर जांच में जुटी है। वैभव कुमार पर 2 करोड़ 41 लाख 14 हजार की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह आठ बजे आधा दर्जन गाड़ियों से आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों की टीम बीपीएससी से चयनित अधिकारी वैभव कुमार के पैतृक गांव मुजफ्फरपुर के मनियारी पहुंची। जहां घर सहित आईटीआई कॉलेज में छापामारी शुरू की। अधिकारियों ने परिवार के सभी सदस्यों का फोन एक जगह जमा कराने के साथ ही घर



घर से जब्त चल अचल संपत्ति से संबंधित सूची बनाने में जुटी टीम।

की तालाशी शुरू की। छापामारी के क्रम में जांच टीम में शामिल अधिकारियों द्वारा बैंक खातों, जमीन-जायदाद के कागजात, विभिन्न निवेशों और अन्य वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों को जब्त किया गया है, जिसकी गहनता से छानबीन की जा रही है। जांच दल यह भी पता लगाने में जुटा है कि यह संपत्ति किन माध्यमों से अर्जित की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वैभव कुमार के पिता मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट में वरीय अधिवक्ता हैं, जबकि उनकी पत्नी चांदनी कुमारी प्राध्यापिका हैं। इसके अलावा उनका एक आईटीआई कॉलेज भी है, जो मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर एनएच-28 पर मनियारी थाना क्षेत्र के पास स्थित है। वहीं वैभव कुमार बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित अधिकारी हैं और कई जिलों में बीडीओ के पद पर कार्य कर चुके हैं। जबकि उनका छोटा भाई आईटीआई कॉलेज के निदेशक है। आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों के अनुसार आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का प्रथम द्दष्टया साक्ष्य पाया गया है, जो उनके ज्ञात आय से लगभग 78.03% अधिक है। इस मामले में वैभव कुमार के सहरसा और मुजफ्फरपुर में कुल 6 ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। जिसमे उनकी कुल अर्जित संपत्ति औऱ आय के स्रोत की जांच की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस पूरी कार्रवाई की पटना स्थित मुख्यालय से लगातार मॉनिटर की जा रही है।

## दीक्षांत समारोह शाश्वत सभ्यतागत संकल्प की पुनरावृत्ति : राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति नालन्दा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में हुई शामिल

नव संदेश ब्यूरो

**राजगीर :** नालन्दा, बिहार 31 मार्च 2026 भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज राजगीर परिसर में आयोजित नालन्दा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को संबोधित किया। यह अवसर विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान और वैश्विक जुड़ाव की निरंतर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने इस दीक्षांत समारोह को एक शाश्वत सभ्यतागत संकल्प की पुनरावृत्ति बताया।कहा कि ज्ञान का अंत नहीं होगा, संवाद बना रहेगा और शिक्षा मानवता की सेवा करती रहेगी। उन्होंने स्नातक होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और इस बात की सराहना की कि इस बैच में 30 से अधिक देशों के छात्र



शामिल हैं, जो इसके सशक्त अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने अपने भाषण में विशेष रूप से उल्लेख कियारू यह देखकर प्रसन्नता होती है कि आज का नालन्दा विश्वविद्यालय भी अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहा है। यह नालन्दा विश्वविद्यालय के एक प्रतिष्ठित ज्ञान एवं शिक्षा केंद्र के रूप में पुनः उभरने का शुभ संकेत है। मुझे विश्वास है कि नालन्दा विश्वविद्यालय एशिया और विश्व में एक अग्रणी शिक्षण संस्थान के रूप में उभरेगा। यह न केवल अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि अपने मूल्यों के लिए भी विशिष्ट पहचान बनाएगा। मुझे यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विश्वविद्यालय इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग (अन्तरविषयक शिक्षण), अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्थानीय समुदायों के साथ सहभागिता के माध्यम से इस दिशा में निरंतर अग्रसर है। विश्वविद्यालय की श्सहभागिताश पहल पर राष्ट्रपति ने आगे कहारू ष्किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अपने स्थानीय परिवेश से जुड़े रहना भी आवश्यक होता है। उसकी प्रगति का लाभ उस स्थानीय समाज को भी मिलना चाहिए, जहाँ वह स्थापित है। मैं विश्वविद्यालय की सहभागिता संवाद पहल की सराहना करती हूँ, जिसके माध्यम से स्थानीय समुदायों और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के साथ जुड़ने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।बिहार के राज्यपाल, सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने नालन्दा विश्वविद्यालय को निरंतरता और नवीनीकरण का प्रतीक बताया, जो अतीत के ज्ञान को वर्तमान की आकांक्षाओं के साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उन स्थायी मूल्यों का प्रमाण है जो मानवता के भविष्य का मार्गदर्शन कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री, डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के अद्वितीय अंतरराष्ट्रीय चरित्र पर जोर दिया। उन्होंने कहारू ष्यह विश्वविद्यालय अपने अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में अद्वितीय है।

## महिला से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के नालंदा में तीन बदमाशों ने एक शादीशुदा महिला के साथ सरेआम छेड़छाड़ की और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह चौंकाने वाली घटना बिहार के नालंदा जिले के नूरसराय में हुई। आरोपियों ने इस घटना का एक वीडियो भी बनाया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह मामला मंगलवार को उस वक्त सामने आया, जब यह वीडियो वायरल हो गया। नूरसराय पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर के अनुसार, यह घटना 26 मार्च की शाम को हुई थी, जब महिला पास की ही एक किराने की दुकान पर गई थी। घर लौटते समय कुछ युवकों के एक समूह ने महिला को घेर लिया और उसे परेशान करने की कोशिश की। महिला ने जब इसका विरोध किया और मदद के लिए शोर मचाया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की।

## टोल प्लाजा पर अब नहीं चलेगा कैश, एक से केवल डिजिटल माध्यम से भुगतान होगा मान्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल से जुड़े नियमों में बदलाव किया है और अब एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर डिजिटल भुगतान ही मान्य होगा, यानी अब हाइवे यूजर्स कैश में टोल का भुगतान नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा।

एनएचएआई के मुताबिक, एक अप्रैल से यात्री केवल टोल प्लाजा पर डिजिटल माध्यम जैसे फास्टैग और यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर पाएंगे। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली में दक्षता बढ़ाना और पारदर्शिता लाना है। अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी, जिससे लंबी कतारें कम होंगी और यात्रा का समय बचेगा। कैश लेन को हटाने से अधिकारियों को उम्मीद है कि यातायात खासकर व्यस्त



समय में सुचारू रूप से चलेगा। टोल बूथों पर तेजी से प्रोसेसिंग से ईंधन की खपत और वाहन उत्सर्जन में भी कमी आने की संभावना है, जिससे स्वच्छ पर्यावरण में योगदान मिलेगा। हालांकि, इस बदलाव से कुछ यात्रियों को असुविधा हो सकती है, खासकर उन लोगों को जो डिजिटल भुगतान के लिए तैयार नहीं हैं। वैध फास्टैग या पर्याप्त बैलेंस न होने पर वाहनों पर जुर्माना लग सकता है या उन्हें टोल प्लाजा पर रोका भी जा सकता है। ऐसे मामलों में, यात्रियों के पास टोल बूथों पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से तुरंत भुगतान करने का विकल्प होगा।

## खबरें : एक नजर में

### भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो : तेजस्वी यादव

**पटना/ एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नालंदा स्थित माता शीतला मंदिर में हुई भगदड़ की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि नालंदा के मघड़ा स्थित शीतला मंदिर में प्रशासनिक कुव्यवस्था के कारण हुई भगदड़ की हृदयविदारक घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह है कि घायलों के समुचित इलाज, मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता और घटना की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बंधक बनाकर युवक से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के यारपुर स्थित कैलाश अपार्टमेंट निवासी युवक प्रदीप पाठक के साथ बंधक बनाकर मारपीट की गई है। युवक कार चालक है। युवक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटना में शामिल दो आरोपियों को दबोच लिया गया है। प्रदीप पाठक मूल रूप से झांसी थाना नारायणपुर रहने वाला है। वह परिवार के साथ यारपुर में रहता है। प्रदीप के पिता के मुताबिक 29 मार्च की रात 10 बजे प्रदीप यारपुर स्थित कैलाश अपार्टमेंट की फ्लैट संख्या 103 में हम लोगों के साथ मौजूद था। इसी बीच मेरे गांव के अयोध्या राय के दामाद इंदु भूषण सिंह मेरे घर पर आए और मेरे पुत्र को मिलने का बहाना करके अगवा कर लिया। अपनी थार गाड़ी से लेकर चले गए। अपने घर पर ले जाकर भाई शशि भूषण सिंह के साथ पिटाई की। सोने की चेन अंगूठी और 20000 छीन लिए। मेरे बेटे ने इसी बीच मुझे कल कर दिया। घटना के बारे में बताया तो मैं कंकड़बाग थाने को कल किया। पुलिस और परिजन खोज रहे थे। इस दौरान बेटा लहूलुहान स्थिति में राजेंद्र नगर के पास मिला। वहां से परिजन ने पुलिस की मदद से लाकर इलाज कराया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक थार गाड़ी से अगवा करने के बाद इंदु भूषण सिंह बहादुरपुर थाना अंतर्गत संदलपुर स्थित अपने घर पर ले गया। वहां पर कमरे में बंधक बनाकर प्रदीप के साथ मारपीट की। बताया गया है कि इंदु भूषण सिंह और उसके परिजन प्रदीप पाठक से नाराज थे। गर्दनीबाग थानेदार प्रमोद कुमार के मुताबिक जागेश पाठक के द्वारा सूचना दी गई कि कुछ लोगों के द्वारा उनके बेटे को गाड़ी में बैठाकर ले गए हैं। इस सूचना के आधार पर जगह-जगह की तलाशी की गई और उनके पुत्र को जख्मी हालत में बरामद किया गया। इसके बाद उनका इलाज कराया गया। इस संबंध में इंदु भूषण ठाकुर और अमित ठाकुर को अरेस्ट कर के न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### ऑटो चालक ने कोतवाली के समीप एएसआई को मारी टक्कर

**पटना / एनएसबी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार को ऑटो चालक ने एएसआई को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद एएसआई हवा में उछलकर सड़क पर गिर गए और उनकी बाइक घीसटती हुई आगे चली गई। हादसे में एएसआई की वर्दी फट गई। सिर और हाथ में गंभीर चोट लगे हैं। सड़क पर गिरने के बाद एएसआई मनोज कुमार कुछ देर के लिए सड़क पर पड़े रहे। थोड़ी देर बाद जब राहगीर जुटे तो उन्हें उठाया और उन्हें पानी पिलाया। इसके बाद किसी तरह एएसआई कोतवाली थाने पहुंचे। घटना जीपीओ पुल पर हुई है। घायल एएसआई मनोज कुमार सिंह के मुताबिक कोतवाली थाने केस से संबंधित रिव्यू होना था। इसी रिव्यू में शामिल होने के लिए बाइक से जीपीओ फ्लाईओवर होते हुए कोतवाली थाने जा रहा था। इसी बीच पीछे से एक अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मनोज कुमार सिंह की शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस छानबीन में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अटो की पहचान करने की कोशिश जारी है। फिलहाल अटो की पहचान नहीं हो पाई है।

### दानापुर में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में मालिक को जख्मी कर बदमाशों ने लूटे चार लाख के गहने

**पटना/ एनएसबी।** दानापुर थाना क्षेत्र के आरपीएस काली मंदिर रोड स्थित वैष्णवी ज्वेलर्स दुकान में मंगलवार को बाइक सवारचार बदमाशों ने हथियार के बल पर चार लाख रुपये के सोने व चांदी के जेवरात लूट लिए। बदमाशों ने इस दौरान दुकान मालिक को रिवाल्वर के मुठ्ठे प्रहार कर जख्मी कर दिया। घटना तीन बजे दिन की है। बताया गया है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फायरिंग से इंकार किया है। पुलिस के मुताबिक दो बाइक पर सवार चार बदमाश अचानक दुकान घुसे। बदमाशों में दो ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि दो मास्क लगाए हुए थे। दुकान में घुसते ही उन्होंने हथियार दिखाकर लूटपाट शुरू कर दी। बदमाशों ने दुकान में घुसते ही काउंटर का शीशा तोड़कर सोने व चांदी के जेवरात निकाले। उन्होंने लकर में रखे जेवरात और पांच हजार रुपये नकद भी लूट लिए। जब दुकानदार सुमन कुमार ने विरोध किया, तो बदमाशों ने पिस्तौल के निचले भाग से सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। बताया गया है कि एक बाइक और एक स्कूटी पर सवार बदमाश आरपीएस इंजीनियरिंग कलेज की ओर फरार हो गए। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें चार अपराधी हाथों में पिस्तौल लिए दुकान में प्रवेश करते और लूटपाट कर भागते हुए साफ दिख रहे हैं। दुकानदार सुमन कुमार के मुताबिक घटना के समय दुकान में दो महिला ग्राहक और स्टाफ रंजीत कुमार मौजूद थे। सूचना मिलते ही रूपसपुर और दानापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दानापुर एएसपी शिवम धाकड़ के मुताबिक थाना को सूचना मिलते ही तुरंत मौके वारदात पर पुलिस पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। दुकान के मालिक को सिर पर चोटें आई है, उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। टेक्निकल टीम का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बदमाशों द्वारा भागने के क्रम में फायरिंग करने की बात से साफ इनकार किया है।

# बापू टावर और बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप 17वीं विश्वकर्मा अवार्ड्स 2026 के लिए चयनित

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** भवन निर्माण विभाग की ओर से निर्मित बापू टावर, पटना और बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप, वैशाली को 17वीं सीआईडीसी विश्वकर्मा अवार्ड्स- 2026 के लिए चयन किया गया है। यह चयन अचीवमेंट अवार्ड फर बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स श्रेणी में हुआ है। यह विभाग की उत्ष्ट निर्माण गुणवत्ता, इंजीनियरिंग कौशल और सांस्कृतिक महत्व की परियोजनाओं को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने वाली उपलब्धि है।

भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह विभाग के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि बापू टावर और स्मृति स्तूप विश्वकर्मा अवार्ड के लिए चयनित हुई है। यह उपलब्धि इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स एवं निर्माण टीम की मेहनत, तकनीकी उत्कृष्टता एवं समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग वास्तुकला व भवन निर्माण शैली में नित नए कीर्तिमान गढ़ देश-दुनिया के समक्ष बिहार की नई पहचान बना रहा है। पहले भी विभाग की महत्वपूर्ण निर्माण सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, पटना एवं अंजुमन इस्लामिया हल को विश्वकर्मा अवार्ड मिल चुका है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सतत प्रयास रहा है कि बिहार अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिक इंफ्रास्ट्रर का विकास करे।

विश्वकर्मा अवार्ड के लिए बापू टावर एवं स्मृति स्तूप का चयन उनकी दूरदर्शिता एवं कर्मनिष्ठा का उत्कृष्ट प्रमाण है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार के पर्यटन एवं सांसतिक गौरव को नई ऊंचाई मिल रही है।

पटना के गर्दनीबाग में महात्मा गांधी को समर्पित बापू टावर में गांधीजी की विरासत को आडियो-विजुअल्स, म्यूरल, मूर्तियों एवं लघु फिल्म के माध्यम से सजीव ढंग से दर्शाया गया है। महात्मा गांधी की जीवन यात्रा, सिद्धांतों और बिहार से उनके जुड़ाव को आधुनिक तकनीक के माध्यम से संग्रहालय में जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया है। बापू टावर न केवल पर्यटकों का आकर्षण है बल्कि युवाओं और छात्रों के लिए शिक्षा का केंद्र भी है। यह संग्रहालय पर्यटन को नई उंचाई प्रदान कर रहा है।

वैशाली में भगवान बुद्ध के स्मृति अवशेष को सुरक्षित रखने एवं बौद्ध धर्मावलंबियों के दर्शन के लिए 72 एकड़ भूखण्ड में निर्मित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप भवन निर्माण विभाग की एक शानदार उपलब्धि है। वैशाली की प्राचीन बौद्ध विरासत को संरक्षित एवं प्रचारित करने वाला यह भव्य स्तूप देश-विदेश के बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए एक नया केंद्र बन गया है।

# किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे : अशोक प्रसाद सिंह

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** उड़ीसा में बढ़ते किसान आंदोलन से घबराकर राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं दिनेश कुमार की गिरफ्तारी से बिहार का किसान आक्रोशित है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह, रामायण सिंह, भूप नारायण सिंह, प्रो आनंद किशोर, जनक देव सिंह गांधी जी, आशीष रंजन, अशोक कुमार सिंह, बैजनाथ शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, प्रदीप प्रियदर्शी, बृजेश राय, मुन्ना तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, देव कुमार सिंह, वशिष्ठ सिंह, भोला यादव, डा. श्यामनंदन शर्मा, हरिलाल सिंह, रामचंद्र आजाद, नरेश यादव, अमरेश नंदन, गोपाल कृष्ण, डॉ विनय, चंद्रशेखर यादव, प्रमोद सिंह एवं अभिमन्यु सिंह आदि ने किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर रोष प्रकट करते हुए चेतावनी भरे लहजों में सरकार द्वारा किसान आंदोलन को कुचलने की साजिश की घोर भर्त्सना किया।

साथ ही सरकार से मांग है कि किसानों की सभी जायज मांगों को लेकर संघर्षरत किसानों को संबोधित करने पहुंचे, किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं जनप्रिय किसान नेता दिनेश कुमार सहित सभी गिरफ्तार किसानों को अविलंब वेशर्त रिहा करें, वर्ना उड़ीसा के साथ संयुक्त बिहार के



बैठक करते संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता।

किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

विदित हो कि विगत 17 वर्षो से जनजातीय आजीविका और वन अधिकारों की सुरक्षा की जायज मांगों को लेकर संघर्षरत नव निर्माण कृषक संघ के संयोजक अक्षय कुमार के नेतृत्व में किसानों की 21 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 22 मार्च 2026 से उड़ीसा के कैंझर घाटागा तारिणी से भुवनेश्वर के लिए 5000 किसानों का विशाल कारबाँ लेकर पदयात्रा शुरू की। इस शांतिपूर्ण पदयात्रा के नौवे दिन कदम-कदम बढ़ाते हुए अपने मंजिल की ओर बढ रहे किसान पदयात्री जब नखरा पहुंचा तो नखरा में किसानों की विशाल सभा को संबोधित करने के लिए देश के सुप्रसिद्ध किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार जब उड़ीसा पहुंचे, तो मोदी जी की डबल इंजन की उड़ीसा सरकार उक्त सभी किसान नेताओं के उड़ीसा पहुंचने पर घबड़ा गई। अपने जनप्रिय किसान नेताओं को देखने एवं सुनने के लिए चारों ओर से वेताब हजारों-हजार किसानों का विशाल कारवां जब सभा स्थल पर जुटने लगी। अपने नेताओं के सम्मान में सड़क किनारे जमा होकर इंतजार कर रहे थे,तभी झूठे मनगढ़ंत आरोपों पर किसानों की सभा से राजमार्ग अवरुद्ध होंगे, इसी बहाने भारी मात्रा में पुलिसबलों को सभा स्थल पर जमा कर पुलिसिया तांडव मचाना शुरू किया।

# आज से पूरे बिहार में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार ने राज्यभर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक और संगठित कार्रवाई का फैसला लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों, अपर समाहर्त्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं, अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए 1 अप्रैल 2026 से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है।

इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में शहरी सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास के लिए अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर ही हम बेहतर यातायात, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित कर सकते हैं। हालांकि, हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। गरीब एवं असहाय लोगों के जीवनयापन को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उनका अतिक्रमण तभी हटाया जाए, जब उनके लिए रोजगार के वैकल्पिक साधन या पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाए। हमारा उद्देश्य केवल अतिक्रमण

**प्रधान सचिव ने दिया सीमा क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखने का सख्त निर्देश**

**नो मैन्स लैंड में अतिक्रमण पर गंभीर चिंता, पुनर्वास के बिना कार्रवाई नहीं**

**सभी जिलों को कार्य योजना बनाकर अभियान शुरू करने का आदेश**

हटाना नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ विकास को आगे बढ़ाना है, ताकि किसी भी जरूरतमंद की आजीविका प्रभावित न हो। सरकार की पहली प्राथमिकताओं में मुख्य धारा से पीछे छूटी हुई आबादी है। उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

वहीं प्रधान सचिव ने निर्देश देते हुए कहा है कि बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी उल्लेख किया गया है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा कई मामलों में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिनका अनुपालन अनिवार्य है।

#### सीमा क्षेत्रों में अतिक्रमण पर विशेष चिंता

राज्य सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के नो मैन्स लैंड में अतिक्रमण के मामलों को अत्यंत गंभीर बताया है। इन मामलों के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए सर्वे अफ इंडिया द्वारा सीमांकन के लिए संयुक्त सर्वेक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया है।

#### पुनर्वास के बिना नहीं हटेगा गरीबों का अतिक्रमण

राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि गरीब और असहाय लोग अक्सर जीविकोपार्जन के लिए सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करते हैं। इसलिए वेंडिंग जोन या वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना अतिक्रमण हटाने से उनके रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें।

#### जिलाधिकारियों की भूमिका पर स्पष्टता

पत्र में यह भी कहा गया है कि हालांकि जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाना विधिसम्मत है, लेकिन यह न्यायोचित नहीं माना गया है क्योंकि वे इस अधिनियम के तहत अपीलीय प्राधिकारी होते हैं। ऐसे में अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी स्तर के अधिकारियों को ही इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं।

#### शहरी सौंदर्यीकरण से जुड़ा अभियान

अतिक्रमण हटाने को शहरी सौंदर्यीकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए सरकार ने इसके लिए वित्तीय आवंटन भी जारी किया है। हाल ही में जारी पत्रों के माध्यम से विभिन्न जिलों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

#### अभिलेख संधारण और मनिटरिंग पर जोर

सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे अतिक्रमण वादों की सूची तैयार करें और उनका विधिवत संधारण करें। प्रत्येक मामले में नोटिस, तामिला और कार्रवाई की वर्तमान स्थिति का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य होगा।

# बिहार प्रतिभा का धनी प्रदेश है : प्रेम




नव ज्ञान कन्वेंट आदिलपुर का वार्षिकोत्सव।

**फतुहा (एनएसबी)।** नव ज्ञान कन्वेंट आदिलपुर के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी । समारोह के मुख्य अतिथि गांधीवादी प्रेम जी संस्थापक प्रेम यूथ फाउंडेशन ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा मानव जीवन का मूल आधार है । अब समय आ गया है कि हम लोग मैकाले शिक्षा पद्धति को समाप्त कर बुनियादी शिक्षा की ओर कदम बढ़ाया जाए । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति में बच्चों को पहाड़,जंगल, नदी , खेत और खलिहान में जायेगे । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे सामने गम्भीर खतरा है मोबाइल इसे बच्चों से दूर रखें । मोबाइल से बच्चों के मस्तिष्क का विकाश अवरोध हो रहा है यह हमारे छात्र छात्राओं के लिए मीठा जगर के समान है । तकनीक का उयोग बहुत ही सोच समझ कर करना है कही विकाश के नाम पर हम विनाश के कगार पर तो नही पहुँच गये है । बच्चों को नैतिक शिक्षा पर बल देने की जरूरत है । हमारी शिक्षण संस्थानों ने डक्टर, इंजीनियर, जज, कलेक्टर बनाने की होड़ में आदमी बनाना ही भूल गया है । भारत का गौरवशाली अतीत रहा है हमारे गुरुकुल से राम , कृष्ण, गौतम और महावीर बनते थे । हम नालंदा , तक्षशिला और विक्रमशिला विश्वविद्यालय चलाते थे जहाँ दुनिया भर से विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त किया । उन्होंने छात्र छात्राओं से लक्ष्य का निर्धारण कर आगे बढ़ने का आह्वान किया । बच्चों नारी शिक्षा एवं दहेज प्रथा पर लघु नाटक की प्रस्तुति किया । मौके स्कूल के निदेशक नीतीश कुमार, प्रचार्य तरुण कुमार , फतुहा हाई स्कूल के बड़ा बाबू दिनेश कुमार ठाकुर, शिक्षक के साथ हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# बख्तियारपुर-मोकामा सफर अब मिनटों में, फोरलेन का काम अंतिम चरण में, जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति

**249.881 करोड़ की लागत से 45.70 किलोमीटर लंबी सड़क का हो रहा चौड़ीकरण कार्य**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में सड़क कनेक्टिविटी को बढ़ाने के क्रम में महत्वपूर्ण परियोजना बख्तियारपुर- बाढ- मोकामा पथ (एनएच-31 से जुड़ा मार्ग) के चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इसके बाद करीब 45 किलोमीटर की दूरी तय करना वाहनों के लिए काफी आसान होगा। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पथ के चौड़ीकरण का काम अंतिम चरण में है। इसे यात्रियों के आवागमन के लिए जल्द खोल दिया जाएगा।

राज्य में सड़क अवसंरचना को सुढ़ करने की दिशा में पथ निर्माण विभाग बख्तियारपुर-बाढ- मोकामा पथ (एनएच-31 से जुड़ा लिंक पथ) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य कर रहा है। यह पथ करजान (बख्तियारपुर ताजपुर पुल) अथमलगोला से शुरू होकर बाढ़, पंडारक मोड़, शिवनार, मोकामा और फिर यहां से मोकामा बाजार होकर बाटा चौक तक जाता है।

पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि लिंक पथ के चौड़ीकरण कार्य के बाद आसपास के क्षेत्रों का जुड़ाव राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग से आसान होगा। एनएच-31 के जाम की समस्या से स्थाई तौर पर छुटकारा मिलेगा। साथ ही कृषि अधारित रोजगार और विपणन की सुविधा बढ़ने के साथ-साथ आसपास के इलाकों में रोजगार की संभावनओं को मजबूती मिलेगी।

**फैक्ट फाइल :** अथमलगोला से मोकामा बाटा चौक तक लिंक रोड चौड़ीकरण का कार्य
सड़क की लंबाई कुल 45. 70 किलोमीटर
परियोजना की लागत, 249. 881 करोड़
सड़क की चौड़ाई 6. 50 मीटर से फोर लेन के रूप में 11.00 मीटर।

# शीतला माता मंदिर में हुई मौतों के लिए सरकार जिम्मेदार : राजेश राम

दैनिक नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** नालंदा के शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ और 9 श्रद्धालुओं की मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य सरकार को इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया है।

पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के पंचायत स्तरीय नेताओं के पीछे घूमने के लिए पुलिस बल उपलब्ध रहता है, लेकिन शीतला माता मंदिर में आए हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार एक भी पुलिस जवान की तैनाती नहीं कर सकी। लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद वहां व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का एक जवान तक मौजूद नहीं था। भगदड़ के बाद लोग दम घुटने से तड़पते रहे, लेकिन समय पर एंबुलेंस तक नहीं पहुंची। यदि समय रहते घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजली देने के लिए सदाकत आश्रम में दो मिनट का मौन रखा गया। राजेश राम ने कहा कि दुर्भाग्य से बिहार में




पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता।

ऐसी सरकार है जो आम लोगों की सुरक्षा और जीवन की चिंता करने के बजाय उन्हें मुश्किलों में धकेल रही है। पहले रसोई गैस की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं और अब बिजली की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने टाइम आफ डे बिजली प्रणाली लागू कर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ने 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर जनता का वोट लिया, लेकिन चुनाव के बाद उसी जनता से यह राशि सूद-ब्याज समेत वसूलने का काम शुरू कर दिया गया है।

राजेश राम ने कहा कि शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक का समय घरों में खाना बनाने और बच्चों की पढ़ाई का होता है, लेकिन इसी समय बिजली की दरों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। वहीं भीषण गर्मी में रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक जब लोगों को पंखे और कूलर की जरूरत होती है, तब बिजली की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इसका सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पहले रसोई गैस की किल्लत और अब बिजली महंगी कर राज्य सरकार ने गरीबों के लिए खाना बनाना तक मुश्किल कर दिया है। राज्य के लगभग 1.88 करोड़ घरों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों और मध्यम वर्ग की आवाज बनकर खड़ी रही है।

# वरेण्य कवि और महान भाषा-वैज्ञानिक थे डा. मुरलीधर श्रीवास्तव शेखर

**जयन्ती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई कवि-गोष्ठी, प्रो. केसरी कुमार भी किए गए स्मरण**

**पद्मश्री रवीन्द्र राजहंस ने व्यंग्य-साहित्य को दिए अभिनव आयाम**

**पटना (एनएसबी)।** संस्कृत, अंग्रेजी, बाँग्ला और हिन्दी समेत अनेक भाषाओं के उद्भट विद्वान तथा महान शिक्षाविद डा . मुरलीधर श्रीवास्तव शेखर माँ भारती की सेवा करने वाले उन अंगुली-गण्य महापुरुषों में परिगणित होते हैं, जिन्होंने अपनी सर्वतोभावेन सेवा से वाग्देवी का विपुल और विमल आशीष प्राप्त किया। हिन्दी धातु कोश का सृजन कर, भाषा-परिष्कार के लिए उन्होंने जो कार्य किया, वह दुर्लभ है। वे विद्वता के पर्याय और वाग्मिता के दृष्टांत थे। उनकी कविताएँ तो ललिता देवी की पाओं से अलंत होती ही थी, उनके व्याख्यान और गद्य भी काव्य-लालित्य से पूर्ण होते थे।

यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयन्ती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन और प्रचार में शेखर जी का अवदान अतुल्य और नमनीय है। उनकी प्रतिभा बहुमुखी थी। विषय चाहे जो हो, साहित्य, दर्शन, कला, संसति, विज्ञान, सामाजिक-सरोकार अथवा



राजनीति, सभी विषयों पर वे अधिकार पूर्वक मोहक व्याख्यान देने में समर्थ थे। भारत, भारती और भारतीय संस्कृति के वे महान ध्वज-वाहक थे। उनके तीनों पुत्रों प्रो शैलेंद्रनाथ श्रीवास्तव, डा रवीन्द्र राजहंस और डा. वीरेंद्र नाथ और तीनों पुत्र-वधुओं डा वीणारानी श्रीवास्तव, डा. आरती राजहंस तथा डा मधु वर्मा ने भी उनकी ज्ञान-परंपरा और साहित्य-सेवा की विरासत को अग्रगामी बनाया।

डा सुलभ ने सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष प्रो केसरी कुमार और व्यंग्य के सुख्यात कवि डा रवीन्द्र राजहंस को भी स्मरण किया और कहा कि केसरी जी एक महान समालोचक और राजहंस जी व्यंग्य-साहित्य को नया आयाम देने वाले कवि थे। उनकी कविता कहाँ मिलता है भला आदमी इसके उदाहरण में प्रस्तुत किया जा सकता है।

समारोह के मुख्य अतिथि और बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने कहा कि आज स्मरण किए गए तीनों साहित्यिक विभूतियाँ लोकप्रिय प्राध्यापक, मनीषी विद्वान और अपने समय के महान कवि थे। अपनी तियों में वे सदैव अमर रहेंगे। मुरलीधर श्रीवास्तव जी अद्भुत वक्ता थे। उनके साहित्य और व्याख्यान से अमृत की वर्षा होती थी। उनके पुत्र पद्मश्री डा रवींद्र राजहंस, जो कौलेज आफ कौमर्स में अंग्रेजी के प्राध्यापक थे, हिन्दी में व्यंग्य लिखा करते थे। अनेक पत्रों में उनके व्यंग्य-स्तम्भ प्रकाशित होते थे। लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आंदोलन-काल में वे नुक्कड़-कवि-सम्मेलन में बहुत सक्रिए रहे। उन्होंने कहा कि यदि हमें उन्नत और अपराधमुक्त समाज बनाना है तो साहित्य का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

आरम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने कहा कि आदरणीय शेखर जी को देख कर समझा जा सकता था कि ज्ञान-परंपरा किसे कहते हैं। उनके साथ बैठने का अर्थ ज्ञान-परंपरा के साथ सत्संग करना था।

सम्मेलन की उपाध्यक्ष और शेखर जी की पुत्रवधू प्रो मधु वर्मा ने कहा कि शेखर जी अपने साहित्य में सदैव जीवन को मूल्य देते रहे। जीवन में प्रेम और उत्साह को उन्होंने सर्वोच्च स्थान दिया। राष्ट्रकवि दिनकर पर उन्होंने युग पुरुष दिनकर शीर्षक से अत्यंत हृदय-स्पर्शी रचना की थी, जिसके लिए दिनकर जी उनके प्रति अत्यंत श्रद्धास्पद भाव रखते थे। आचार्य शेखर के पौत्र पारिजात सौरभ, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पुष्पा जमुआर, विभारानी श्रीवास्तव, कमल नयन श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा तीनों साहित्यिक विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवयित्री आराधना प्रसाद, डा पूनम आनन्द, डा पूनम देवा, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, शमा कौसर शमा, मधुरानी लाल, ई अशोक कुमार, तनुजा सिंहा, पूनम कतरियार, डा अर्चना त्रिपाठी, कुमार अनुपम, इन्दु भूषण सहाय आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रवीर कुमार पंकज ने किया।

### किराना दुकान में शटर काट हजारों की चोरी

**फतुहा(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के शीशा मिल स्थित बीती रात एक किराना दुकान के शटर काट हजारों नगद के साथ किराना समान की चोरी की घटना का अज्ञात चोरों द्वारा घटना का अंजाम दिया गया है।इस संबंध में पीड़ित दुकानदार जयप्रकाश साव ने बताया कि मैं दस बजे रात्रि को दुकान बंद कर घर चला गया।इसी बीच देर रात्रि चोरों गैस कटर से दुकान का शटर काट चोरों ने दुकान से हजारों की समान चुरा भाग गए।दुकानदार ने बताया कि दुकान के गल्ला में रखा तीस हजार नगदी और हजारों की समान चोरी की गई है,जाते जाते चोरों द्वारा सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज करवाया है।

### बिजली का तार लदा लावारिस पिकअप वैन बरामद

**फतुहा(एनएसबी)।** पचरुखिया थाने की पुलिस ने सोमवार को गंगापुर से एक पिकअप वैन बरामद की है। वैन पर बड़ी मात्रा में बिजली के कवर वायर लदे थे। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक पिकअप वैन गंगापुर मंदिर के पास लावारिस स्थिति में खड़ी है। मौके पर जाने पर पता चला कि उस पर बिजली के तार भी लदे हैं। अब पकड़ी गई पिकअप वैन और बिजली के तार का सत्यापन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**बिरौल।** बिरौल-सहरसा-गंडोल पथ पर पुनाई चौक के पास सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार महाजन सहनी (40 साल) को टक्कर मार दी। महाजन सहनी नेहरा थाना अंतर्गत जगदीशपुर गांव के स्वर्गीय रामसेवक सहनी के पुत्र थे। वे अपनी ससुराल जमालपुर से लौटकर गांव आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें बिरौल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही बिरौल थाने की पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। ट्रैक्टर नंबर बीआर 33 जीबी 2163 को जब्त कर बड़गांव थाने ने अपने कब्जे में ले गया। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया गया।

### संस्कृत शिक्षा बोर्ड के 15 कर्मचारियों को लंबित सेवांत लाभ का भुगतान

**दरभंगा।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के 15 कर्मचारियों को वर्षों से लंबित सेवांत लाभ का भुगतान कर दिया गया। बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में संबंधित कर्मचारियों को सेवांत लाभ का चेक दिया। लंबे समय से लंबित इस भुगतान के पूरा होने से कर्मचारियों में खुशी है। कर्मचारियों ने अध्यक्ष की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी वर्षों से चली आ रही पुरानी आर्थिक समस्याओं का समाधान हुआ है। अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और उनके लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी किसी कर्मचारी के वैधानिक लाभ लंबित नहीं रहने दिए जाएंगे। कार्यक्रम में बोर्ड के सचिव नीरज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### आग से घर सहित उसमें रखे सामान जलकर राख

**सिंहवाड़ा।** कलिंगांव पंचायत के गोगौल गांव में अचानक लगी आग में संत कुमार यादव का घर जलकर राख हो गया। आग लगने से घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर आदि जलकर राख हो गये। आग की लपट देख अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि अचानक लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गृहस्वामी ने बताया कि आग से घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गये। उसने हजारों रुपये का सामान जलने की बात कही। इस घटना की जानकारी अंचलाधिकारी को दी गई है।

### मिथिलेश को दरभंगा ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर खुशी



**बेनीपुर।** प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को मझौड़ा चौक पर प्रखंड अध्यक्ष देवकी नंदन ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांग्रेस नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मिथिलेश कुमार चौधरी को दरभंगा ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी और पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रखंड अध्यक्ष देवकी नंदन ठाकुर ने कहा कि मिथिलेश चौधरी के जिला अध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि नए जिला अध्यक्ष का बेनीपुर में शीघ्र भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाए। इसके लिए जल्द ही जगह व तिथि तय की जाएगी। बैठक में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शिवाकुमार ठाकुर, चीनी झा, सुरेंद्र राय, प्रदीप कुमार ठाकुर, रोमेंद्र कुमार झा, संजय कुमार मिश्र, राहुल कुमार झा, हैदर अली खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मां वाणेश्वरी भगवती धाम में मना संजय झा का जन्मदिन

**मनिगाछी।** जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा का जन्मदिन मां वाणेश्वरी भगवती धाम में मनाया गया। जन्मदिन समारोह में दरभंगा जिले के मानिगाछी, तारडीह, बेनीपुर और दरभंगा सदर के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### दो होनहार बहनों ने लहराया परचम, पार्षद प्रतिनिधि ने किया सम्मानित



**बेनीपुर।** बिहार मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व गांव का नाम रौशन करने वाली बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय बालक की छात्रा अनुष्का कुमारी (465 अंक) व साक्षी कुमारी (459 अंक) ने सबको गौरवान्वित किया। जयानंद हाई स्कूल बहेरा की ये दोनों बहनें शिक्षक पिता सुभाष प्रभाकर महतो व विकास मित्र मां कोमल कुमारी की सुपुत्री हैं। क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता व पार्षद प्रतिनिधि आशीष रंजन दास उर्फ बीपी सिंह ने उनके घर पहुंचकर मिथिला परंपरा के अनुसार पाग-चादर, डायरी-कलम भेंट कर सम्मानित किया। मिठाई खिलाते हुए उन्होंने बधाई दी, शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की। माता-पिता को भी बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता का योगदान सराहनीय है। छात्राओं ने सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता व शिक्षकों को दिया। अनुष्का व साक्षी ने कहा, आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन कर गांव व परिवार का नाम रौशन करेंगी।

### विनयानंद व सुरेंद्र शैल को मिलेगा शोध व काव्य सम्मान

**कुशेश्वरस्थान।** प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की बात 2026 के जयराम शोध संस्थान सुल्तानपुर गांव में सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी शोध सम्मान और वासुदेव गोविंद काव्य शिरोमणि सम्मान की घोषणा कर दी गई है। इस शोध सम्मान में पाग, डोपटा, माला, मान-पत्र मिथिला विजय स्तंभ चित्र से सुसज्जित स्मृति चिह्न, चांदी का कलम और 11 हजार रुपए नगद राशि दी जाती है। अब तक यह सम्मान 2018 में डॉ. नरेश कुमार विकल्प, 2019 में भैरव लाल दास, 2022 में डॉ. महेंद्र नारायण राम, 2023 में डॉ. रामानंद झा रमण, 2024 में डॉ. रामावतार यादव और 2025 पंडित भवनाथ झा को दिया जा चुका है। वही प्रथम वासुदेव गोविंद काव्य शिरोमणि सम्मान 2024 में शंकर मधुपांस को और 2025 में डॉ. चंद्रमणि झा को दिया गया था। चयन समिति में डॉ. रंगनाथ दिवाकर और डॉ. अमर नाथ चौधरी दीप नारायण ने बताया कि इस वर्ष का सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी शोध सम्मान मंगरौनी निवासी पं विनयानंद झा को एवं वासुदेव गोविंद काव्य शिरोमणि सम्मान सुरेन्द्र शैल को दिया जाएगा। समारोह में 24 अप्रैल 2026 को गणमान्य महानुभाव की उपस्थिति में दिया जाएगा।

### जाले में दो-दिवसीय भाजपा मंडल सदस्यों का संगठनात्मक प्रशिक्षण शुरू



**जाले।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत जाले विधानसभा के सभी सात मंडलों का दो-दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग मंगलवार को चंदौना स्थित आरके मिश्रा कॉलेज में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के झंडोतोलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुई। उद्घाटन सत्र में जाले के विधायक जीवेश कुमार भी उपस्थित थे। सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष जय कृष्ण झा, पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम राय, भाजपा दरभंगा पश्चिम के जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी उर्फ मन्ना जी, जिला महामंत्री विजय कुमार चौधरी एवं सुजीत कुमार मल्लिक, प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष अंजनी निषाद, जिला मंत्री रिंकी देवी, ज्योति ष्ण झा लवली तथा विधानसभा संयोजक ड़ राघवेंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन बूथ, पंचायत एवं मंडलों को संख्या एवं प्रतिशत के आधार पर सम्मानित किया गया। साथ ही, 29 मार्च को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायतों एवं मंडलों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनसंघ कालीन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी विधायक जीवेश कुमार ने सम्मानितकर गौरव प्रदान किया गया। विधायक जीवेश कुमार ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक संवाद नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत करने का माध्यम है। इससे बूथ स्तर के कार्यकर्ता एकत्रित होते हैं और देश, राज्य तथा स्थानीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा होती है।

# गड़बड़ी रोकने को पेट्रोल पंपों पर तैनात होंगे मजिस्ट्रेट

**प्रभारी सचिव के साथ समीक्षा बैठक में डीएम ने दिया निर्देश**

**दरभंगा जिले में प्रतिदिन 12 से 13 हजार एलपीजी सिलेंडर की हो रही है आपूर्ति**



बैठक में मौजूद प्रभारी सचिव, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी।

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में सचिव, वाणिज्य कर सह प्रभारी सचिव दरभंगा संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एलपीजी, आवश्यक वस्तुओं, सेवाओं की उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा आदि बिंदुओं पर समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल डीजल, खाद्य सामग्री एवं आवश्यक सेवाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। समीक्षा के क्रम में सचिव ने जिले में प्रतिदिन हो रही एलपीजी गैस आपूर्ति, वितरण व्यवस्था तथा उपलब्ध स्टॉक की विस्तृत जानकारी ली। जिले में प्रतिदिन लगभग 12 से 13 हजार एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। सचिव ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से छापेमारी करें और सुनिश्चित करें कि कहीं गैस की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी या अवैध भंडारण नहीं हो। कालाबाजारी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए सचिव ने सॉफ्टवेयर विकसित करने का निर्देश दिया, जिससे शिकायतों का पंजीकरण एवं निगरानी सुगमता से की जा सके। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के भी निर्देश दिए । साथ ही अनुमंडल पदाधिकारियों को गैस एजेंसियों के साथ नियमित बैठक कर समन्वय और नियंत्रण बनाए रखने को कहा गया।

सिविल सर्जन, दरभंगा से दीदी की रसोई योजना में एलपीजी गैस की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई, जिस पर बताया गया कि वर्तमान में कोई समस्या नहीं है। सिविल सर्जन को नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को लेकर भी संतोषजनक स्थिति की जानकारी दी गई। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधियों ने भी पुष्टि की कि जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंपों पर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया, ताकि आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि पेट्रोल, घरेलू गैस एवं डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी, उप विकास आयुक्त श्री स्वपिल, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री विकास कुमार, सभी प्रखंड आपूर्तिध्पणन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अगले सत्र से सीटेट में मैथिली भाषा को शामिल कराने की हो रही पहल

**जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने में जुटी केंद्र सरकार**

**केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने सांसद गोपाल जी ठाकुर को दिया आश्वासन**

**कक्षा 6-10वीं तक की पढ़ाई मैथिली भाषा में शुरू करने तथा इस भाषा में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए की जा रही है पहल**

नवसंदेश ब्यूरो



केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा।** कक्षा 6-10 की पढ़ाई तथा अगले सत्र से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में मैथिली को शामिल किए जाने के साथ कौशल विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ गोपाल जी ने मंगलवार को केंद्रीय कौशल विकास उद्यमिता तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से संसद भवन में भेंट कर विस्तार से चर्चा की तथा इन विषयों से संबंधित आग्रह पत्र सौंप कर शीघ्र पहल करने का अनुरोध किया।

सांसद डॉ. ठाकुर ने केंद्रीय राज्य मंत्री से हुई भेंट तथा चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उन्हें बताया है कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में अगले सत्र से मैथिली भाषा भी शामिल रहेगी जिससे इस भाषा के माध्यम से देश स्तर पर सभी प्रकार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षक बनने का अवसर प्राप्त होगा जिससे भारी संख्या में रोजगार भी उपलब्ध होंगे।

सांसद डॉ. ठाकुर ने बताया है कि केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने उन्हें जानकारी दी है कि मैथिलीभाषी क्षेत्रों के विद्यालयों में कक्षा 6- 10वीं तक की पढ़ाई मैथिली भाषा में शुरू करने तथा इस भाषा में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए पहल की जा रही है।सांसद डा ठाकुर ने मैथिली भाषा के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता तथा संवेदनशीलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह तथा शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व शिक्षा राज्य मंत्री श्री चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा मैथिली भाषा को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल किए जाने तथा मिथिला क्षेत्र में कक्षा 6-10 की पढ़ाई मैथिली भाषा किए जाने के विषय को लेकर वे लंबे समय से प्रयासरत हैं तथा 13 जनवरी 2022 , 13 मार्च 2023, 25 जून 2023 तथा 6 जून 2024 तथा 4 अगस्त 2025 को इस संबंध में विभागीय मंत्री को पत्र के माध्यम से पहल करने का आग्रह किया था तथा लोकसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से अपनी बात रखी थी।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री चौधरी के द्वारा दी गई जानकारी के आलोक में सांसद डा ठाकुर ने बताया कि मैथिली भाषा के लिए केंद्र सरकार के इस तरह की पहल के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी अध्यापक के साथ अविभावक की भी : डॉ. सुरेन्द्र मोहन झा



**दरभंगा (एनएसबी)।** मंगलवार को लहेरियासराय पब्लिक स्कूल, हाउसिंग बोर्ड कलोनी, लहेरियासराय के वार्षिकोत्सव का उदघाटन डॉ. सुरेन्द्र मोहन झा , पूर्व कुलपति लना मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. लाल मोहन झा, सचिव डॉ. रमन जी चौधरी, विद्यालय के निदेशक डॉ. विशाल गौरव, विद्यालय के प्राचार्य वागीश कुमार झा एवं रश्मि झा ने संयुक्त रूप से किया । इस अवसर पर डॉ. झा ने बच्चों को राष्ट्र निर्माण के लिए कड़ी मेहनत एवं अनुशासित रहने को कहा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापक के साथ साथ अविभावक की भी जिम्मेदारी होनी चाहिए जिससे बच्चों का विकास सतत एवं निरंतर चलता रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य वागीश कुमार झा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विशाल गौरव ने अविभावकों को आश्वस्त किया कि आपके बच्चे जब इस विद्यालय से निकलेंगे तो वो अनुशासित एवं अपना एक अलग पहचान लेकर विद्यालय से निकलेंगे।सांस्तिक कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम, नाटक,युगल गीत,एवं गायन प्रस्तुत किया गया जिसमें हिंदी नाटक कंजूस पंडित एवं मूर्ख नौकर ,अंग्रेजी नाटक मोबाइल का लत, मैथिली नाटक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे बच्चों का चक धूम धूम, मोरनी बाग में, मां काली एक्ट, मैने पायल जो छानकाई, शरारत,रंगीलो मारो ढोलना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव का थीम नारी वंदन पर आधारित था। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति मोनिका, अनन्या, इशिता, शांभवी, राजनंदिनी, सक्षम,अंशु,निखिल,अनामिका,शिवम, आदया, राशिका आदि ने किया।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाना अत्यंत सराहनीय डॉ. राजेश



दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चे को सम्मानिम क्रांति के अगवा बच्चे।

**अनाथ छात्र को गोद लेकर डीपीएस कुशेश्वरस्थान ने पेश किया शिक्षा की नई मिसाल**

**अनाथ बच्चे की इंटर तक पढ़ाई, कपड़े और भोजन का व्यवस्था करेगा दिल्ली पब्लिक स्कूल**

**स्कूल में वार्षिक समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न**

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड के खलासी स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल कुशेश्वरस्थान में आयोजित वार्षिक समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जिसमें मेधावी एवं टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने विद्यालय के निदेशक शमीम हैदर के साथ छात्रों को ग्रेजुएशन गाउन, टोपी, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह के दौरान होनहार और अनाथ छात्र विवेक कुमार, पिता- स्वर्गीय संजय यादव,माता- माला देवी, ग्रामपोस्ट- दिनमो, थाना- कुशेश्वर स्थान, जिला- दरभंगा को विशेष रूप से गोद लिया गया तथा उसकी इंटर तक की पूरी पढ़ाई, कपड़ा एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय की ओर से निशुल्क करने की घोषणा की गई, जिसे लोगों ने सराहा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रथम हस्पिटल के संस्थापक ड़ राजेश झा ने निदेशक शमीम हैदर की सराहना करते हुए कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने गोद लिए गए छात्र के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी समस्याओं का अपने अस्पताल में निशुल्क इलाज करने का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर पप्पू सिंह ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही अवसर और सहयोग देने की। इस बच्चे को गोद लेकर उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठाना समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है, जिससे अन्य लोग भी आगे आएंगे।

## विद्या कोचिंग सेंटर के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम

**हायाघाट (एनएसबी)।।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणामों में स्थानीय आनंदपुर स्थित कोचिंग संस्थान विद्या कोचिंग सेंटर की सफलता के उपलक्ष्य पर बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मंगलवार को सम्मानित किया गया। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की है, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है।संस्थान के निदेशक अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर संस्थान का मान बढ़ाया है। इस वर्ष संस्थान के छात्र आशीष रंजन ने जिला स्तर पर टप टेन में अपना नाम सुनिश्चित करवाया। उन्होंने छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा, ष्यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि ग्रामीण परिवेश के बच्चे भी अपनी मेहनत से ऊंचे मुकाम हासिल कर रहे हैं। विद्या कोचिंग सेंटर सदैव छात्रों को सरल और प्रभावी तरीके से शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।ष परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्थान में मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी कोचिंग की शिक्षण पद्धति और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्थान के कुछ छात्रों ने अच्छे अंक ( 400) प्राप्त किए हैं। तो उनके नाम और अंक आशीष रंजन - 469 काजल कुमारी - 464 रिचा कुमारी - 460 दीप्ति प्रिया - 454अंजली कुमारी - 435 आदि प्रमुख हैं।

## कबीर सेवा संस्थान ने की दो अज्ञात शवों की अन्त्येष्टि

**दरभंगा (एनएसबी)।** दो अज्ञात शवों की अन्त्येष्टि कबीर सेवा संस्थान द्वारा की गई। दोनों शव अशोक पेपर मिल थाना क्षेत्र स्थति रेल लाइन के पास अकराहा ग्राम से बरामद हुए थे। एक की लाश 26 मार्च की रात एवं दूसरी 28 मार्च की सुबह मिली थी। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों शव की उम्र लगभग 50 वर्ष थी और पहनावा एवं अन्य माध्यम से हिंदू प्रतीत हो रहे थे। दोनों की मृत्यु ट्रेन से कटने से हुई है। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद निर्धारित तीन दिन से अधिक रखने के बाद भी शव की पहचान नहीं होने पर थाना द्वारा शव को विधिवत कबीर सेवा संस्थान को अंत्येष्टि हेतु सौंपा गया। शव से बरामद कपड़ा इत्यादि को सुरक्षित रखा गया है। शव के अवशेष भी कबीर सेवा संस्थान द्वारा न्यूनतम तीन माह तक सुरक्षित रखा जाता है। ताकि बाद में भी शव की पहचान होने पर उनके परिजन अस्थि को प्राप्त कर सकें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहद आवश्यकता : संजय

**भाजपा नेता ने किया शांति सर्वज्ञा हेल्थ केयर का उद्घाटन**

**मौके पर लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़**



उद्घाटन करते पप्पू सिंह, हरे कृष्ण सिंह, शांति देवी और अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के कुशेश्वरस्थान प्रखंड के ग्राम मझियाम कटवारा घाट में ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शांति सर्वज्ञा हेल्थ केयर का विधिवत उद्घाटन भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, हरे कृष्ण सिंह और शांति देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार सिंह को नई स्वास्थ्य सेवा शुरू करने के लिए सभी अतिथियों ने शुभकामनाएं दीं।

उद्घाटन समारोह में शांति हॉस्पिटल पटना के संचालक डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. नीति कुमारी, प्रथम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजेश झा, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. रोहित कुमार झा, रविंद्र कुमार सिंह, मणिकांत झा, गुरुकुल क्लासेस के संस्थापक केशव चौधरी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी सहित कई लोग एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

मौके पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच, हड्डी एवं जोड़ संबंधी परामर्श, फिजियोथेरेपी सलाह, रक्तचाप एवं शुगर जांच और विभिन प्रकार की खून जांच की गयी। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को उचित परामर्श और आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराईं। इस अवसर पर पप्पू सिंह ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहद आवश्यकता है। शांति सर्वज्ञा हेल्थ केयर की शुरुआत से यहां के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ऐसे प्रयास समाज के लिए अत्यंत सराहनीय हैं और हम हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### पेट्रोल पंप और गैस एजेन्सी का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा, मापतोल निरीक्षक सुधीर कुमार, रिपेयर मनोज पाठक, अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी शामिल रहे। जानकारी के अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी ने एनएच 28 स्थित अनन्या ऑटोमोबाइल एवं विजयवंत एंड सन्स पेट्रोल पंप पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप पर मौजूद स्टॉक का वेरिफिकेशन किया। वही उपभोक्ताओं को दिए जा रहे पेट्रोल एवं डीजल की जांच भी की। जांच के दौरान दोनों पेट्रोल पंप पर डीजल और पेट्रोल पाया गया। साथ ही साथ ही ग्राहकों को आपूर्ति भी किया जा रहा था। इसके अलावा गैस एजेंसी पर पहुंच कर उन्होंने स्टॉक का वेरिफिकेशन किया और नियमानुकूल उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बता दें की पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की किल्लत को लेकर इन दोनों कथित रूप से अफवाह फैलाया जा रहा है। इसके बाद प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। आम लोगों से अनुमंडल पदाधिकारी ने अपील की है कि अफवाह पर ध्यान ना दे। डीजल पेट्रोल और रसोई गैस उपलब्ध है। साथ ही कहा कि गलत अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से पेश आएगी।



### मुस्कान कुमारी ने किया वनवीरा पंचायत को गौरवान्वित

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड के वन वीरा पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय बनवीरा की छात्रा मुस्कान कुमारी ने बोर्ड की परीक्षा में 448 अंक प्राप्त कर पूरे वन बीरा पंचायत को गौरवान्वित कर दिया है। प्रमोद कुमार राय की पुत्री मुस्कान कुमारी ने कल 500 अंकों में 448 अंक प्राप्त कर वनवीरा पंचायत को गौरवान्वित करते हुए अपने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को भी प्रथम श्रेणी में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया है। उसकी सफलता पर विधायक रणविजय साहू,मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार शर्मा, पैक्स अध्यक्ष बबलू कुमार यादव,सरपंच हरेंद्र पंडित, प्रमोद कुमार महतो, राजद नेता राकेश कुमार यादव, मुन्ना कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार भगत जी, पूर्व जिला पार्षद राजकेश्वर पासवान, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय आदि ने बधाई दी है।



### सिटी सेंट्रल हाई स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए अकादमिक कैलेंडर जारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** दैनिक कक्षा संचालन केलिए रूटीन और विद्यालय की गतिविधियों के विधिवत संचालन के लिए शैक्षणिक कैलेंडर का निर्धारित होना बेहद आवश्यक एवं महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यूं कहें कि, विद्यालय में अनुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का पहला चरण है एकेडमिक कैलेंडर और रूटीन। सिटी सेंट्रल हाई स्कूल में सत्र 2026-27 के अकादमिक कैलेंडर जारी करते हुए विद्यालय के निदेशक संजीव पांडेय ने उक्त बातें कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अकादमिक कैलेंडर और रूटीन विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का आधार होता है, जो पूरे सत्र को सुव्यवस्थित और उद्देश्यपूर्ण बनाता है। इस क्रम में उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि, वे इस कैलेंडर के अनुसार कार्य करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करें। वहीं अपने संबोधन में वरिष्ठ प्राचार्य सी.के. ठाकुर ने कहा कि, सुनियोजित योजना और योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन से ही शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार संभव है। उन्होंने शिक्षकों को नई ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मुलाथारा कविता करुणाकरण, प्राचार्य सुषमा, उप प्राचार्य सुषमा ठाकुर, प्राचार्य सुप्रिया झा, राधेश्याम ठाकुर, मनीष भारद्वाज, राहुल पांडेय, रश्मि श्री, आनंद शंकर, निशा कुमारी सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों ने दिखाया दम

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के छतौना स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विज्ञान, तकनीक एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया तथा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिसमें में मनीष कुमार मणि, अमर कुमार, लालु कुमार, दीपक कुमार, पंकज कुमार, केशव कुमार वर्मा, राखी ठाकुर, मोनिका मोहन, तान्या भारती एवं तलत फारिया शामिल रहे। सभी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों को शिक्षा के विकास के लिए आवश्यक बताया। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।



### प्रतिनियुक्ति की आड़ में बीआरसी-बीईओ कार्यालय में जमे कई शिक्षक

**झ राजकीय मध्य विद्यालय लड़झा घाट की व्यवस्था चरमराई,**
**झ भगवान भरोसे बच्चों की पढ़ाई झ 419 बच्चों पर सिर्फ 2 शिक्षक**

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय, लड़झा घाट की शैक्षणिक व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। विद्यालय में कुल 419 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, लेकिन इनको पढ़ाने के लिए सिर्फ दो शिक्षक ही उपलब्ध हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई किस तरह हो रही होगी, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे ग्रामीणों में व्यापक क्षोभ व रोष देखा जा रहा है। इस बाबत ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में पठन-पाठन पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहा है। सरकारी मानकों के अनुसार सामान्यतः 40 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन यहां स्थिति बिल्कुल उलट है। सैकड़ों बच्चों के बीच दो शिक्षकों के सहारे सभी कक्षाओं का नियमित संचालन कर पाना लगभग असंभव हो गया है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि, लड़झा घाट विद्यालय में शिक्षकों का घोर अभाव है, जबकि दूसरी ओर बिथान बीआरसी और बीईओ कार्यालय में कुछ शिक्षक प्रतिनियुक्ति पत्र निर्गत कराकर बेवजह बैठे रहते हैं। आरोप यह भी है कि कुछ शिक्षक विद्यालयों में पढ़ाने के बजाय बीआरसी व बीईओ कार्यालय को राजनीति का अड्डा बनाकर समय बिता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे शिक्षकों की वास्तविक तैनाती विद्यालयों में हो, तो कई स्कूलों की स्थिति सुधर सकती है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज झा ने पूछे जाने पर बताया कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और राजकीय मध्य विद्यालय, लड़झा घाट में शिक्षकों की कमी दूर करने का प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।




# सफलता के पीछे नहीं, उत्कृष्टता की ओर भागना चाहिए : डॉ. मांजरिक मृणाल

## हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग के साथ ज्ञानदा नेशनल एकेडमी का 16वां स्थापना दिवस संपन्न


उद्घाटन करते अतिथि।


अतिथि को सम्मानित करते ए.के. डॉ. झा।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


उपस्थित अभिभावक।

**ओईनी (एनएसबी)।** स्थानीय ज्ञानदा नेशनल एकेडमी परिसर में मंगलवार को सुबह से ही उत्साह, उमंग और हर्ष का साम्राज्य था। मुख्य सड़क से दुल्हन की तरह सजे विद्यालय के प्रवेश द्वारा तक जगह जगह विद्यालय से पास आउट विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे छात्रों के होर्डिंग्स विद्यालय के 16 वर्षों की उपलब्धि का बखान कर रहे थे। वहीं पूरा परिसर रंग बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के हर्ष किलोल व कहकहों से गुंजायमान था। अवसर था क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सहकार ज्ञानदा नेशनल एकेडमी के 16वें स्थापना दिवस समारोह का। मंगलवार को ज्ञानदा नेशनल एकेडमी का 16 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वागत गीत के बाद सर्वप्रथम मुख्य अतिथि वारिसनगर के विधायक डॉ. मांजरिक मृणाल, वारिसनगर के लोकप्रिय पूर्व विधायक अशोक कुमार मुन्ना, पूर्व जिला पार्षद सह भूतपूर्व प्रखंड प्रमुख संजय कुमार सिंह, सहित आगत अतिथियों संग स्कूल के निदेशक अविनाश कुमार ने करतल ध्वनि के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात निदेशक श्री कुमार एवं बछवाड़ा के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी सह हाइवे हॉस्पिटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. अमरेंद्र कुमार झा एवं प्राचार्य ने अतिथियों का मैथिल परंपरा के अनुसार माला, शॉल, पाग, एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनन्दन किया। उद्घाटन सत्र का संचालन संजय कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन, व स्वागत की औपचारिकता के बाद आगत अतिथियों ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए बच्चों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मृणाल ने अपनी जीवन यात्रा व उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बिहार और समस्तीपुर की धरती का अपना समृद्ध और गौरवशाली इतिहास किया। इस दौरान उन्होंने अपने गौरवशाली अतीत को याद रखने की बात कही और कहा कि हमारा अतीत हमें बेहतर करने केलिए प्रेरित करता है। डॉ. मृणाल ने कहा कि, कभी सफलता के पीछे नहीं, उत्कृष्टता की ओर भागना चाहिए। इस केलिये जिस क्षेत्र या विषय में अभिरुचि हो उसका सूक्ष्मता और गहराई के साथ अध्ययन करिए, सफलता अपने आप मिलेगी। उन्होंने कहा कि, स्कूल एक मात्र ऐसी जगह है जहां बच्चों समेकित रूप से सर्वांगीण विकास होता है। यही वह जगह है जहां से भविष्य की दशा और दिशा दोनों तय होती है। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ऐ गिरीनंदनी... के संग भाव नृत्य के साथ आरम्भ समारोह के दूसरे चरण में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियों से अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। जिसमें छोटेझछोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से अचंभित किया। वे घंटों सम्मोहन की अवस्था में झूमते तालियां बजाते दिखे। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्तर पर आयोजित शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता बृज नंदन राय, जदयू नेता रौशन सिंह, प्रखंड प्रमुख रविता तिवारी, समाजसेवी चिकित्सक डॉ. संजय कुमार झा, कन्हाई ठाकुर, डॉ. अग्निश किरण, आदित्य अंशु झा, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# समस्तीपुर शहरी से कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनी अनीता राम


अनीता राम का फाइल चित्र।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के केंद्रीय नेतृत्व ने महापौर नगर निगम समस्तीपुर अनिता राम को समस्तीपुर शहरी क्षेत्र का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। केंद्रीय नेतृत्व के इस फैसले से जिले के कांग्रेस कार्यकताओं, प्रशंसकों व समर्थकों में व्यापक उत्साह एवं हर्ष का माहौल है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस जनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, अनिता राम, प्रियंका गाँधी, कृष्णा अल्लावारू, सुशील पासी, अखिलेश प्रसाद सिंह, राजेश राम आदि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। बताते चलें कि, श्रीमती राम पुराने कांग्रेसी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। इनके दादा स्मृति शेष चूल्हाई राम कांग्रेस के प्रखर नेता व 1972 ई. में विधायक भी रह चुके हैं। वहीं श्रीमती राम कल्याणपुर विधान सभा से कांग्रेस की प्रत्याशी भी रह चुकी हैं। इस मनोनयन से उत्साहित पुराने कांग्रेसी कार्यकताओं और समर्थकों ने कहा अनीता राम को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना उनके संघर्ष, पार्टी के लिए प्रतिबद्धता और समर्पण का सम्मान है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले से निश्चित रूप से समस्तीपुर कांग्रेस को नई ऊर्जा और ऊंचाई मिलेगी। वहीं श्रीमती राम ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि, कांग्रेस के पुराने कार्यकताओं की वापसी सुनिश्चित करने के साथ साथ नई पीढ़ी में कांग्रेस के प्रति विश्वास जगाना, पार्टी व संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना और पार्टी के सिद्धांत व विचारों को नए सिरे से जन जन तक पहुंचना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। अध्यक्ष बनाए जाने की खबर फैलते ही जिले भर से बधाईयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष राम कलेवर प्रसाद सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अब्बू तमीम, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भूपनेश्वर राम, एखलाकुर रहमान सिद्दीकी, अजनी मिश्र, सुमन कुमार, देविता गुप्ता, शम्भु प्रसाद सिंह, श्री डोमन राम, पूसा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, शिवराम ठाकुर, मुकुन्द कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, रंजन शर्मा, अबू तनवीर आदि सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हैं।

## समस्तीपुर ग्रामीण के कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने सिद्धार्थ क्षत्रिय


सिद्धार्थ क्षत्रिय का फाइल फोटो।

**मोहिउद्दीननगर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए मोहिउद्दीननगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सिद्धार्थ क्षत्रिय को समस्तीपुर जिला (ग्रामीण) अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके इस मनोनयन से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिद्धार्थ क्षत्रिय लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। वे मोहिउद्दीननगर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी भी रह चुके हैं और संगठन के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव, जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। श्री क्षत्रीय के अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में पार्टी जिले में और अधिक सशक्त होगी तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।बधाई देने वालों में कांग्रेस विचार विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण भगत, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता आयुष भगत, अरविन्द ठाकुर, उमाशंकर सिंह, डॉ. एन खान, अरुण कुमार तथा सच्चिदानंद कुवंर सहित कई अन्य नेताओं और कार्यकताओं के नाम शामिल हैं। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कामना की है। इस अवसर पर श्री क्षत्रिय ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकताओं को साथ लेकर चलने तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## गैस के बाद डीजल पेट्रोल केलिए मचा हाहाकार, राजद प्रवक्ता ने की समस्या के शीघ्र समाधान की मांग

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि समस्तीपुर शहर में अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल तथा डीजल खत्म होने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई पेट्रोल पंप कई शाम से ही बंद है ' हरिहर प्रसाद पेट्रोल पंप बहादुरपुर तथा स्टेशन रोड स्थित एच.पी.घोष पेट्रोल पंप पर लोगो को घंटों लाइन में लगने और काफी मशक्कत के बाद पेट्रोल तथा डीजल मिल रहा हैं ' लेकिन इस समस्या को लेकर कोई भी पेट्रोल पंपों के प्रबंधक स्पष्ट जवाब देने को तैयार नहीं है। सोमवार शाम से ही स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। रोजमर्रा के काम, ऑफिस, स्कूल सहित तमाम जरूरी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए और जनता को राहत दी जाए।

## मौलाना मजहरुल हक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में समारोहपूर्वक हुआ सत्रारंभ




**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरुल हक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में डीएलएड सत्र 2025-27 के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं केलिए सत्रारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजुम वारिस की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष मो० अबू तमीम एवं सचिव मो० अबू सईद ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राध्यापिका प्रो. सविता कुमारी के सरस्वती वंदना से हुई। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० अशोक कुमार अकेला ने मैथिल परंपरानुसार पाग एवं चादर देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अपने संबोधन में मो० अबू तमीम ने छात्र-अध्यापक एवं छात्र-अध्यापिकाओं को खएळ-2025 में सफलता प्राप्त कर बिहार के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से एक इस महाविद्यालय में नामांकन लेने पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव मो० अबू सईद ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं पूरी ईमानदारी एवं लगन के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजुम वारिस ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए महाविद्यालय परिवार में उनका स्वागत किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण, जिनमें डॉ० राहत करीम, रंजना कुमारी, स्वाति कुमारी, डॉ हरजिंदर कौर, विकास कुमार, प्रशांत कुमार, डॉ० सेराज अहमद, मो० नजीर, मो० दानिश, शशि कुमार, मो० तारिक रजा, मो० फैयाज, जुल्फिकार आलम, कामिनी जायसवाल, राम शंकर राय, रंजन कुमार, अवधेश कुमार, प्रमोद कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# मेधा सम्मान समारोह में प्रमुख ने छात्रों को किया सम्मानित


सम्मानित बच्चों के साथ प्रखंड प्रमुख व जनप्रतिनिधि।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के हरपुर बोचहा पंचायत में छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में शत-प्रतिशत उत्तीर्णता प्राप्त कर अपने स्कूल, शिक्षण संस्थान, माता-पिता एवं अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इसे लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम अध्यक्षता में उनके आवासीय परिसर में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी एवं उपप्रमुख रामलखन साह उपस्थित थे। इस अवसर पर पंचायत के 13 छात्रों को प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी ने नोटबुक, कलम के साथ मैडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। प्रमुख ने छात्रों से आगे की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा उत्साहवर्द्धन किया। प्रमुख ने कहा कि गर्व की बात है कि हरपुर बोचहा पंचायत के छात्रों ने कड़ी मेहनत व लगन से मैट्रिक की परीक्षा में परचम लहराया है। मालुम हो की पंचायत के छात्र प्रियांशु कुमार शर्मा ने 461 अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं। वहीं छात्र प्रियांशु राज 458, अंकित साह 451, शिवनी राज चौहान 444, सोनम कुमारी 432, पूनम कुमारी 432, तन्नू कुमारी 431, आयुष कुमार 423, आदित्य राज 417, रेशमी कुमारी 416, रॉकी राज 414, रिद्धि कुमारी 413 एवं रिमझिम कुमारी ने 409 प्राप्तांक हासिल किया है। जिसको लेकर उपप्रमुख रामलखन साह ने सभी सफल छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे की पढ़ाई करने के साथ ही उनके परिजन से भी उन्हें पढ़ाई को लेकर उत्साहित किये जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सुखदेव चौधरी ने किया। मौके पर अनिकेत कुमार सिंह, विकास कुमार, प्रिंस सिंह, सोनू कुमार शर्मा, मो. असरफ हुसैन, राजेश कुंवर, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

## डीबीकेएन कॉलेज नरहन में महावीर जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**विभूतिपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय; डीबीकेएन कॉलेज नरहन में प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ) आदित्य चंद्र झा के नेतृत्व एवं निर्देशन में मंगलवार को महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा महाविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महावीर जयंती पर महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण विचार संगोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय कैलेंडर छुट्टी के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षकेत्तरकर्मी, छात्र-छात्राओं तथा स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत महावीर स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। मौके पर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शशि शेखर द्विवेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर के विचार किसी एक कालखंड के लिए नहीं अपितु सर्वकालिक और शाश्वत है। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर झा सहित कई उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। प्रधानाचार्य (डॉ) झा ने अपनी संदेश में महावीर स्वामी के पंचशील (सत्य अहिंसा अस्तेय अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य) को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता पर बल देते हुए आह्वान किया कि विश्व शांति के लिए आज भी महावीर स्वामी का दर्शन अनुकरणीय और समिचीन है। मौके पर कर्मचारियों में अनिल कुमार, दीपक राम, पुष्पा कुमारी, राजेश कुमार, कारीदास आदि ने सक्रिय भागीदारी की जबकि छात्र-छात्राओं में कीर्ति रानी, काजल, सोनाली, करीना, पूजा, रश्मि, अंजलि, अमरजीत, संतोष, राहुल सलमा प्रवीण चांदनी सुनीता केशव झा, अभिनव कुमार आदि ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई।

## संक्षिप्त खबरें

### बोर्ड में अच्छे अंक लाने को लेकर विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को किया गया सम्मान

**बिस्फी/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय औसी बभनगामा उत्तर के सभागार में बिहार बोर्ड एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक मोहम्मद जियाउद्दीन ने किया. वहीं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुनील कुमार शर्मा ने की. दसवीं एव 12 वीं परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने को लेकर सफल विद्यार्थियों को पाग,दोपटा एवं मैडल व प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया. शगुफ्ता परवीन 432, तन्नूम प्रवीण 412 एवं नफीसा खातून को 405 सहित एक दर्जन से अधिक छात्राओं को 400 से अधिक अंक प्राप्त हुए. प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का फल है. सम्मान देने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और अन्य विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के लिए प्रेरणा मिलती है. मौके पर शिक्षकों अभिभावक ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्साहवर्धन किया. इस मौके पर शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद नूर आलम, प्रवेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, मो इनामुल हक, रहमतुल्ला, अनुज कुमार सुमन, आयशा हयात सहित कई लोग उपस्थित थे!



### तकनीकी ज्ञान को लेकर बच्चों को क्या कराया गया परिभ्रमण

**बिस्फी/एनएसबी।** उच्च माध्यमिक विद्यालय बसबरिया नुरचक के प्रधानाध्यापक जय शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में बच्चों का भ्रमण कराया गया. विद्यालय के शिक्षक मो रिजवान, मनोज पासवान, प्रतिभा कुमारी शाहिद अख्तर सहीत सभी शिक्षक शामिल हुये. छात्र-छात्राओं को राजकीय बुनियाद रामकृष्ण तिलक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खिखड़ी पट्टी बिस्फी ले जाया गया वहां के प्रधानाध्यापक रणविजय कुमार के द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया है. वहां के अनुदेशक अंगद कुशवाहा, महावीर कुमार एवं लैब टेक्नीशियन उत्सव कुमार द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई. बच्चों में तकनीकी ज्ञान एवं उसके प्रति रुचि दिखा. प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों को अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने का एक मंच मिला. अक्सर बच्चों को लगता है दसवीं के बाद विज्ञान, कला और वाणिज्य यही संकाय हैं जिसे पढ़ना है लेकिन आज उन्हें आईटीआई के कई ट्रेड जैसे इलेक्ट्रिकल, टाटा एडवांस लैब के विषय में जानकारी मिली. जिससे बच्चे काफी प्रभावित हुए.



### पान की दुकान करने वाले पिता के पुत्री मैट्रिक परीक्षा में अव्वल नंबर लाया

**लदनियां/एनएसबी।** मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राओं ने भी बेहतर अंक प्राप्त किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई छात्र इंजीनियरिंग, कुछ छात्र डॉ तो कुछ ने बीडीओ बनने की इच्छा जताई है।इसी कड़ी में महथा लदनियां गांव निवासी शालू कुमारी, पिता - संतोष कुमार चौधरी जो पान दुकान करता है एवं माता - रुवी कुमारी गृहिणी हैं के पुत्री ने मैट्रिक परीक्षा में 400 अंक प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। उसने अपनी पढ़ाई महथा लदनियां हाई स्कूल से ग्रामीण परिवेश में किया। गणित में 94 , हिंदी में 81, संस्कृत में 76 अंक हासिल किया है। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।लोगों ने इसके इस उपलब्धि पर बधाई दी है।बधाई देने वालों में पवन कुमार चौधरी, दीपक कुमार दास, बब्लू कुमार दास, चन्द्र वीर साह, सरोज कुमार यादव, संतोष कुमार यादव, एवं प्रेम नाथ गोसाईं ने दी है।उन लोगों ने बच्ची के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी /एनएसबी।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि लदनियां थाना द्वारा गस्ती के क्रम में सूचना मिली कि कांड सं0-127/26 के प्राथमिकि अभियुक्त रबिन्द्र यादव उर्फ टमाटर लदनियां थाना अन्तर्गत धौरी पुल के पास एक अन्य अपराधकर्मी के साथ किसी अपराधिक घटना का प्लान बना रहा है। सुचना प्राप्त होते हीं उक्त सुचना को वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार सूचना के सत्यापन एंव आवश्यक कारवाई हेतू दल-बल के साथ धौरी पुल के नजदिक पहुँचा गया तो पुलिस वाहन को देखते हीं 02 व्यक्ति भागने लगे जिसे पुलिस बल के सहयोग से दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम/पता पुछने पर अपना नाम 01. रबिन्द्र यादव उर्फ टमाटर एंव 02 जितेन्द्र कुमार साह, जिला-सिरहा नेपाल बताया। तत्पश्चात तलासी नियमों का पालन करते हुए दोनो का बारी-बारी से तलासी लिया गया, तो रबिन्द्र यादव उर्फ टमाटर के बाँए कमर में खोसा हुआ 01 देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जब्त परादर्श को बिधिवत जब्ती सूची तैयार कर जब्त किया एंव दोनो व्यक्तियों को बिधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया।



### 103 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध

**मधुबनी /एनएसबी।** जिले में 31 मार्च तक 52 हजार 193 एलपीजी गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध है। अब तक कुल बुकिंग 4 लाख 11 हजार 108 है। जिले में एलपीजी गैस वितरण सामान्य ढ़ंग से हो रही है। जिले के विभिन्न कंपनियों के सभी एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचने की आवश्यकता है।प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है।सभी उपभोक्ताओं को अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नही है। अनावश्यक गैस एजेंसियों पर भीड़ नही लगाए एवं अपनी बारी का प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी से गैस प्राप्त करें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।




### सुरक्षित ईंधन उपयोग एवं अफवाहों से रहे सतर्क

**मधुबनी /एनएसबी।** जिला प्रशासन द्वारा आमजन को सूचित किया गया है कि जिले में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। अतः आम नागरिकों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक खरीददारी या भंडारण से बचें।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कुछ भ्रामक सूचनाओं के कारण लोग आवश्यकता से अधिक ईंधन खरीदने का प्रयास कर रहे हैं, जो न केवल अन्य उपभोक्ताओं के लिए असुविधा उत्पन्न करता है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत जोखिमपूर्ण है।

# मधुबनी में कांग्रेस संगठन को मिली नई मजबूती, नए जिलाध्यक्षों के चयन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**मधुबनी/एनएसबी।** जिले में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। जिला कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठन के तहत नलिनी रंजन झा (ईस्ट) एवं मीनादेवी कुशवाहा (वेस्ट) को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस फैसले का मधुबनी,जयनगर, बेनीपट्टी, झंझारपुर, फुलपरास, बिस्फी, सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

निर्णय की जानकारी मिलते ही कांग्रेसी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कई स्थानों पर छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित कर नए जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यकताओं का मानना है कि दोनों नेताओं का लंबा राजनीतिक अनुभव और जमीनी पकड़ संगठन को नई दिशा प्रदान करेगी।वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने कहा कि नलिनी रंजन झा और मीनादेवी कुशवाहा वर्षों से पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं। संगठन के विस्तार और मजबूती में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को जिले में नई पहचान और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यकताओं के अनुसार, नए नेतृत्व के आने से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इससे न केवल पुराने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि नए लोगों के भी पार्टी से जुड़ने की संभावना बढ़ेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों जिलाध्यक्ष संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे।इस अवसर पर जयनगर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, प्रदेश डेलीगेट नवेंदु झा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र साह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विशंभर पूर्वे, डॉ. मुकेश कुमार महासेठ, मोहम्मद चांद, अजय झा, मुकेश कुमार सिंह, राजकमल आजाद, सुजीत यादव, धनुष लाल महतो, कार्यकारी अध्यक्ष नित्यानंद झा, गुड्डू साह, रविंद्र पोद्दार, अरुण प्रधान, अवधेश सिंह, अरुण सिंह, मो. मुतुर्जा, मो. आरिफ, मो. किताबुद्दीन, अनुरंजन सिंह, प्रदीप पंजियार सहित कई कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया।सभी नेताओं ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में दोनों जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी मधुबनी जिले में अपनी पकड़ और मजबूत करेगी तथा जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता को और बढ़ाएगी।




मधुबनी पूर्वी के कांग्रेस अध्यक्ष मीना कुमारी के साथ समर्थक /मधुबनी पश्चिम के कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी रंजन झा रूपण

# लूट की योजना बना रहा युवक हथियार सहित गिरफ्तार

**जयनगर /एनएसबी।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं बटालियन ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जयनगर स्थित एसएसबी मुख्यालय के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के निदेर्शानुसार सोमवार की रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया, जो कथित रूप से लूट की योजना बना रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमला कंपनी के कंपनी कमांडर सहायक कमांडेंट तासी पलधन के नेतृत्व में एसएसबी जवानों की एक टीम ने सीमा क्षेत्र में गश्ती के दौरान संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा एवं एक धारदार तलवार बरामद की गई। हथियारों की बरामदगी के बाद जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान खजौली थाना क्षेत्र के दतुआर गांव निवासी पंकज कुमार सिंह (पिता-महेश्वर सिंह) के रूप में की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में यह आशंका जताई जा रही है कि युवक किसी आपराधिक वारदात, विशेष रूप से लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में था। हालांकि, इस संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर अपराध और तस्करी की संभावनाओं को देखते हुए लगातार सतर्कता बरती जा रही है। रात के समय विशेष गश्ती अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इसी सतर्कता के कारण यह सफलता हाथ लगी है।गिरफ्तार युवक को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जयनगर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह अकेले इस घटना को अंजाम देने वाला था या उसके साथ अन्य लोग भी शामिल थे। इस दिशा में पुलिस द्वारा विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।इस कार्रवाई के बाद सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता और बढ़ गई है। एसएसबी ने स्पष्ट किया है कि सीमा पर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने एसएसबी की इस कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह की मुस्तैदी से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। जयनगर और आसपास के इलाकों में एसएसबी एवं पुलिस की संयुक्त सक्रियता से कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।



गिरफ्तार अभियुक्त।

# देसी कट्टा व एक गोली के साथ अपराधी रविंद्र यादव उर्फ टमाटर गिरफ्तार

**लदनियां /एनएसबी।** लदनिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर एन एच संख्या 227 पर धौरी पुल के पास अपराधी रविंद्र यादव उर्फ टमाटर को एक देसी कट्टा व एक गोली एवं दूसरा जीतेन्द्र कुमार साह को खदेर कर गिरफ्तार कर लिया गया. घटना सोमवार रात की है. एस आई पुलिस चौधरी दलबल के साथ पदमा चौक पर वाहन चेकिंग में था. मिली सूचना सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए दलबल के साथ योगिया की ओर चल दिया. धौरी पुल के पास सड़क किनारे पेड़ के निचे दो व्यक्ति खड़ा देखा. जो पुलिस को असहज लगा. पुलिस गाड़ी देखकर दोनों भागने लगा. खदेर कर दोनों को पकड़ा गया. संग तलाशी में रविंद्र यादव उर्फ टमाटर के संग से एक देसी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ. रविंद्र यादव उर्फ टमाटर उम्र 21 वर्ष राम सुफल यादव का पुत्र है. जो चौपार गांव का रहने वाला है. जबकि दूसरा अपराधी जितेंद्र कुमार साह उम्र 34 वर्ष की पहचान राम प्रसाद साह के पुत्र के रूप में की गई. जो पड़ोसी राष्ट्र नेपाल सिरहा जिले के महेशबारी थाना अंतर्गत कटहा गांव का रहने वाला है.पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष अनूप कुमार ने इस बात पूछने पर बताया पकड़ा गया अपराधी रविंद्र यादव उर्फ टमाटर लदनियां थाना कांड संख्या - 127 / 026 में आर्म्स एक्ट के नामजद है. उन्होंने कहा कि एस आई पुलिस चौधरी के आवेदन के अलोक में कांड संख्या 128/ 026 दर्ज कर दोनों अपराधी को न्यायिक हिरासत मधुबनी भेज दिया गया है।



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ पुलिस पदाधिकारी।

### 103 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध

**मधुबनी /एनएसबी।** जिले में 31 मार्च तक 52 हजार 193 एलपीजी गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध है। अब तक कुल बुकिंग 4 लाख 11 हजार 108 है। जिले में एलपीजी गैस वितरण सामान्य ढ़ंग से हो रही है। जिले के विभिन्न कंपनियों के सभी एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचने की आवश्यकता है।प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है।सभी उपभोक्ताओं को अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नही है। अनावश्यक गैस एजेंसियों पर भीड़ नही लगाए एवं अपनी बारी का प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी से गैस प्राप्त करें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

# अनूदानित मूंग के प्रमाणित बीज के वितरण की तैयारी शुरू

**मधुबनी /एनएसबी।** जिले के सभी प्रखंडों में अनूदानित मूंग के प्रमाणित बीज के वितरण की तैयारी शुरू कर दिया गया है।रबी दलहन,तेलहन सहित विभिन्न फसलों के कटाई के बाद गरमा मौसम के फसल बुआई के लिए किसानों के मांग के आधार पर अनुदानित दर पर बीज मुहैया कराने की योजना बनाई गई है।गरमा मौसम में मूंग,उड़द, मक्का,अरंडी,जूट,बेबी कार्न एवं स्वीट कार्न का बीज पचास से अस्सी प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण किए जाने की संभावना है। जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में धन धान्य योजना के तहत एक लाख एक-ड़ में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना,खाद्य सुरक्षा योजना एवं कृषोन्नति योजना का अनुदानित दर पर गरमा फसल के मूंग का बीज पंचायत स्तर पर शीघ्र वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकारों को गरमा मूंग का बीज का आवेदन अधिक से अधिक संख्या में कराने का निर्देश दिया।किसानों के आवेदन मांग के आधार पर बीज वितरक को निर्देश दिया गया है। उन्होंने जिला के सभी प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी को पंचायत बार बीज का लक्ष्य तय करने का निर्देश दिया है। अगले कुछ दिनों में प्रखंड कृषि कार्यालय में किसान आधार कार्ड एवं किसान रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर अनुदानित दर पर बीज ले सकेंगे। अधिक उपजशील प्रभेद का प्रमाणित बीज का डिमांड किया गया है। जिससे किसानों को कम अवधि में अल्प लागत पर फसल लगाने में सहायता मिल सके।

# अगले तीन दिनों तक तेज रफ्तार की हवा बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि एवं वज्रपात होने का पूवार्नुमान

**मधुबनी /एनएसबी।** अगले तीन दिनों तक तेज रफ्तार की हवा बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि एवं वज्रपात होने का पूवार्नुमान मौसम विभाग ने जारी किया है। पिछले एक सप्ताह पूर्व रूक रूककर बारिश होने से कृषि और बागवानी फसलों को कमोवेश भारी नुक्सान हुआ था। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से किसानों को बची हुई खेतों में लगी फसल से अनाज निकालने की चिंता सताने लगी है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिला भर में एक लाख एक-ड़ के करीब गेहूं,पचास हजार से अधिक दलहन तिलहन सहित सब्जी फसल खेतों में लगी हुई है, तथा हजारों एकड़ में गरमा मौसम की फसल का बुआई हुई है। विगत दिनों आंधी के साथ बारिश का दौर चलते रहने से खेतों में तैयार एवं हरे भरे फसल का क्षति पहुंची है।रबी खेती के खड़ी गेहूं की फसल गिर गए हैं, सरसों एवं तोरी तैयार पके हुए फसल के दाने झड़ गई है।तेज बारिश की बूंदें एवं हवा के झोंकों से बागवानी फसलों में आम, लीची,निबू,कटहल तथा सब्जी फसलों में खीरा,लौकी, नेनुआ, झिमनी, भिंडी,कद्दू सहित विभिन्न गरमा फसलों के फूल एवं फल का नुकसान होने की जानकारी किसानों ने दिया है। किसानों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि गेहूं के गिरने से अधपके दाने चटक कर सूख रहे हैं। जिसके कारण गेहूं की उपज कम हो जाने की संभावना है।मसूर,बाकला, खेसारी,अरहर के पके हुए दाने भींगने से काले हो गए हैं। लेकिन कृषि विभाग किसानों के वेवसी देखकर फसल क्षति का मुआवजा देने के प्रति सक्रियता नहीं दिखा रहा है।हालांकि किसानों ने बताया कि लम्बे अंतराल पर वर्षा होने से नमी की कमी से जिस खेत में बुआई की समस्या थी वहां प्राकृतिक श्रोत से सिंचाई होने से फायदा भी हुआ है। आंधी के साथ बारिश होने से रबी फसलों को नुकसानदेह साबित हो सकता है। फिलहाल बेमौसम बारिश का दौर चलते रहने की संभावना मौसम विभाग ने अनुमान जताया है। बागवानी फसलों में आम के फूल खिले हुए मंजर तथा अगात किस्मों में सरसों आकार के दाने को बारिश की बूंदें चोटिल किया है।मटर आकार के टिकोले भी सर्द और गर्म के असर से रोगग्रस्त होने की संभावना प्रबल हो गई है। किसान सूमन झा, शिवशंकर साह आदि ने बताया कि चैत माह में बारिश का पानी तीता होता है जिससे आम एवं लीची के फूल एवं फल में फफूंद लग सकता है।मधुआ कीटो का आक्रमण भी तेज हुआ है।आम के पेड़ों पर पल्लवों के बीच रोगग्रसित ठूंठ मंजर ही दिख रहा है। पेड़ के निचे होते ही लसलसा पदार्थ गिर रहा है।पतों पर मधु जैसा श्रावित लसलसा की चिकनाहट दिख रहा है।केवल ।बघारों के रबी फसल के कटाई होने से मधुआ कीट बागों में बसेरा बना लिया है।आम के मंजरों को चूसने से काले होने लगे हैं।जिला कृषि पदाधिकारी ने असमय बेमौसम बारिश से होने वाले नुकसानों के आंकलन का निर्देश सभी प्रखंडों के कृषि पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने बताया कि वर्षा होने से खेतों में लगे फसलों की नमी की कमी दूर होगी।गरमा फसल मूंग,उड़द,मरूआ, मक्का सहित विभिन्न सब्जी फसल किसान बुआई कर सकते हैं। फिलहाल किसानों ने रबी खेती से खाली खेतों में गरमा फसल का बुआई कर रहे हैं। लेकिन मौसम पूवार्नुमान ने किसानों को बेहाल कर दिया है।



## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप की चपेट में आने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** औराई थाना क्षेत्र के बभनगामा पश्चिमी गांव में मंगलवार की दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने 7 वर्षीय बच्चे को कुचल दिया। इस हादसे में बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान मो मुस्ताक के सात वर्षीय पुत्र मो सोहराब के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी को घेर लिया, जबकि चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा जब वाहन की जांच की गई तो उसपर देशी शराब के पाउच बरामद हुआ, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया। वही बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। औराई थानाध्यक्ष हेमलता कुमारी ने बताया कि पुलिस वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है।



### समारोह आयोजित कर मनाया गया संस्कार भारती उत्तर बिहार प्रांत के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संजीव शर्मा का जन्मदिन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** संस्कार भारती उत्तर बिहार प्रांत के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा का जन्मदिन समारोह मंगलवार को धुमधाम से मनाया गया। स्थानीय अटल सभागार में संजीव कुमार शर्मा फ्रेंड कल्व एंड ब्रदर्स के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संजीव कुमार शर्मा के पिता पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने उन्हें स्नेह और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगो ने संजीव कुमार शर्मा के सरल स्वभाव औऱ उनके मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। मौके पर ओम प्रकाश झा, अशोक कुमार सिंह, तेजू झा, रंजीत चौधरी, मनीष भोपाली, जीवेश कुमार, सनत कुमार, विकास सहनी, शंभू प्रसाद सिंह, प्रमोद कुमार, रघुनन्दन प्रसाद सिंह उर्फ अमर बाबु, नंद किशोर निराला, परशुराम मिश्रा, अवधेश प्रसाद सिंह, बबलू कुमार, आनंद कुमार, पंकज कुमार, कुंदन कुमार, कुनाल आनंद, बसंत सिंह सिद्धू, अंकित कुमार, राघवेन्द्र कुमार राजीव कुमार, अभिषेक झा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



### भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर बैठक की गई। पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित किए जाने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयारकी गई और कार्यकताओं को घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को पहुँचाने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चा के अध्यक्षों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। जिनमें विवेक कुमार जिला अध्यक्ष, अरविंद सिंह उपाध्यक्ष, मुकेश शर्मा व मनोज तिवारी महामंत्री, परितोष सिंह व कृष्णा महतो जिला मंत्री, रंजन कुमार ओझा, भोला चौधरी, दिवाकर शर्मा, ओंकार पासवान, संजीव झा आदि उपस्थित थे।




### हत्या दर हत्या से चौतरफा भय का माहौल, अपराध पर रोक लगाने में सरकार विफल : माले

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** भाकपा-माले जिला सचिव कृष्णमोहन ने मुजफ्फरपुर जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हत्या-दर-हत्या से चौतरफा भय का माहौल है। अपराधी बेलगाम है। सरकार व प्रशासन अपराध पर रोक लगाने में असफल है। उन्होंने शहर में प्रोपर्टी डीलर और एक छात्रा की हत्या तथा सकरा में भी छात्रा की हत्या की तीखी भर्त्सना की है और इसके लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। माले सचिव ने सरकार से मांग की है कि इसके लिए पुलिस अधिकारियों पर सख्त कारवाई की जाये। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि अपराधियों को सत्ताधारी नेताओं का संरक्षण और पुलिस-प्रशासन से सांठगांठ तो नहीं है। सरकार को चाहिए कि भय और असुरक्षा के माहौल को खत्म करने के लिए सख्त कारवाई करे।

### मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार को विधानसभा में शून्यकाल समिति का सदस्य बनाए जाने पर जताया हर्ष

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार द्वारा मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार को शून्यकाल समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर नगर विधायक के समर्थकों, पार्टी कार्यकताओं व नगर के प्रबुद्ध लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रंजन कुमार को बधाई दी है। वक्ताओं ने कहा है कि नगर विधायक रंजन कुमार को यह अवसर मिलना नगरवासियों व पार्टी कार्यकताओं के लिए गर्व और सम्मान की बात है। यह दायित्व उनके अनुभव, सक्रियता एवं जनहित के प्रति समर्पण का प्रमाण है। विधायक समर्थको व पार्टी कार्यकताओं ने विश्वास जताते हुए कहा है कि वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करते हुए जनता की आवाज को मजबूती से सदन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

### सीतामढ़ी पुलिस में हड़कंपः लापरवाही पर 146 पुलिसकर्मियों से शो-कॉज, वेतन रोकने की चेतावनी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में प्रशासनिक अनुशासन और कार्य के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। मासिक कार्य विवरणी समय पर जमा नहीं करने वाले 26 थानों के कुल 146 पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ अनुशासन का डंडा चला है। एसपी ने इन सभी पुलिसकर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण (शो-कॉज) मांगा है। इस कार्रवाई की जद में इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों से लेकर पीटीसी तक शामिल हैं। विभाग की इस सख्त कार्रवाई ने पूरे जिले के पुलिस महकमे में खलबली मचा दी है, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया है कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**आदेश की अवहेलना और डीआईजी के निरीक्षण का दबावः**

मामले की गंभीरता इस बात से भी बढ़ जाती है कि तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) का जिले में प्रस्तावित निरीक्षण होना है। इसे देखते हुए सभी अनुसंधानकताओं को हर माह की 10 तारीख तक अपनी मासिक रिपोर्ट संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, फरवरी माह की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी जमा नहीं की गई। एसपी द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी अनुपालन न होने को मुख्यालय ने 'कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता' और 'वरीय पदाधिकारी के आदेशों की अवहेलना' माना है।

**संतोषजनक जवाब न मिलने पर मार्च का वेतन होगा जब्तः**

एसपी अमित रंजन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संबंधित पुलिस पदाधिकारियों द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके मार्च 2026 के वेतन को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था। पुलिस महकमे में चर्चा है कि समयबद्ध कार्य निष्पादन को लेकर अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। अधिकारियों को दी गई 24 घंटे की समय सीमा यह दशार्ती है कि विभाग जल्द से जल्द सभी लंबित फाइलों और रिपोर्टों का निपटारा कर आगामी निरीक्षण के लिए पूरी तरह तैयार होना चाहता है।

**थानाध्यक्षों पर गिरी गाज, जल्द हो सकता है बड़ा फेरबदलः**

इस बड़ी कार्रवाई के बाद जिले के कई थानों में तनाव का माहौल है। चर्चा यह भी है कि कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने वाले कई थानाध्यक्षों की कुर्सी अब खतरे में है। पुलिस सूत्रों की मानें तो आगामी कुछ दिनों में विभाग के भीतर एक बड़ा फेरबदल देखा जा सकता है, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वालों को जिम्मेदारी दी जाएगी और अक्षम अधिकारियों को लाइन हाजिर किया जा सकता है।

# बज्जिका दिवस के रूप में मनाई गई भगवान महावीर की जयंती

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के नयाटोला स्थित थियोसोफिकल लॉज के सभागार में मंगलवार को बज्जिका विकास मंच मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर की जयंती बज्जिका दिवस के रूप में मनाई गई। चितरंजन सिन्हा कनक की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत एवं मंच संचालन करते हुए बज्जिका विकास मंच के उपाध्यक्ष साहित्य मार्तण्ड उदय नारायण सिंह ने कहा कि भगवान महावीर के समय बज्जिकांचल की भाषा प्राकृत थी, जो तत्कालीन जनपदीय भाषा थी और आज की बज्जिका उसी प्राकृत भाषा का विकसित रूप है। उन्होंने सोदाहरण कहा कि अम्मा, महिला, गुरु, भगवान और ऐसे सैकडों शब्द हैं जिन्हें आज हम बज्जिका में उसी रूप में इस्तेमाल करते हैं जैसे पहले प्राकृत में किया जाता था। प्रकृत में भी श,ष के बदले स का प्रयोग होता है, जिसे हम बज्जिका भाषा में भी प्रयोग करते हैं। इस तरह आज की बज्जिका प्राकृत भाषा का ही विकसित रूप है। डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारी बोली का नामाकरण बज्जिका भले ही 1936 में हुआ, लेकिन यह भाषा निश्चित रूप से महावीर और बुद्ध के समय की जनपदीय भाषा है। डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह ने कहा कि बज्जिका नामाकरण का श्रेय निश्चित रूप से पंडित राहुल सांकृत्यान को जाता है। लेकिन यह भाषा ई सन से 600 -700 वर्ष पहले से जन- भाषा के रूप में बोली जाती है। जिस जनभाषा को पहले प्राकृत कहा जाता था उसे ही आज हम बज्जिका कहते हैं।अपने अध्यक्षीय संबोधन में चित्तरंजन सिन्हा कनक ने कहा कि निश्चित रूप से बज्जिका प्राकृत की बेटी है। प्राकृत का अर्थ है स्वभावतः अर्थात बिना बंधन का। प्राकृत भाषा का कोई व्याकरण नहीं है।इसका सीधा अर्थ है कि प्राकृत पंडितों की नहीं तत्कालीन आमजनों की भाषा थी। ठीक उसी तरह बज्जिका भी विद्वानों की नहीं आज के आम नागरिकों की भाषा है, जिसे आज ढाई से तीन करोड़ लोग बोलते हैं। लेकिन भारत में होने वाली जनगणना में बज्जिका का निर्धारित नहीं होना बज्जिकांचल की जन भावना का अनादर है। बज्जिकांचल विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र राकेश ने कहा कि जबतक बज्जिका अष्टम सूची में शामिल नहीं होगी तबतक हम चैन से नहीं बैठेंगे। इस मामले को लेकर आन्दोलन चलता रहेगा। इस अवसर पर डॉ पुष्प गुप्ता, प्रेम कुमार वर्मा, राजेश प्रसाद शाही, रमेश प्रसाद श्रीवास्तव, उमाशंकर प्रसाद चौरसिया, सुनीता सोनी, अनिल शंकर ठाकुर, डॉ उषा किरण ने भी अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में बज्जिका अनुरागी लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, प्रमोद नारायण मिश्र, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, शोभा भवानी, ब्रजनन्दन सिंह एवं गोपाल शिवम आदि उपस्थित थे। संगठन मंत्री मधुमंगल ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

## प्रेमचंद के बाद उर्दू उपन्यासों में चरित्र चित्रण कला पर लिखी गई तीसरी पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर फारूक अहमद सिद्दीकी की अध्यक्षता में सादपुरा स्थित जाहिदा मंजिल में पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पहले सत्र में स्वागत समारोह के बाद, प्रोफेसर मसूद अरशद हाशमी, प्रोफेसर अल्तमिश दाऊदी, प्रोफेसर खुर्शीद अनवर अरमान (पटना मदरसा शिक्षा बोर्ड के सदस्य), प्रोफेसर हसन रजा, प्रोफेसर मुहम्मद इकबाल हुसैन, डॉ. जलाल असगर फरीदी और प्रोफेसर सैयद हसन अब्बास (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के फारसी विभाग) सहित विभिन्न गणमान्य लोगों ने पुस्तक और लेखक पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो फारूक अहमद सिद्दीकी ने पुस्तक प्रकाशन पर लेखक को बधाई दी और कहा कि मुजफ्फरपुर के साहित्यिक जगत के लिए यह सौभाग्य की बात है कि चरित्र लेखन विषय पर यह इस शहर की तीसरी महत्वपूर्ण पुस्तक है, जिसमें विशेष रूप से प्रेमचंद के बाद अपने उपन्यासों में इतिहास रचने वाले पात्रों को प्रस्तुत करने वाले लेखकों के चरित्र लेखन का विश्लेषण किया गया है। इससे पहले प्रोफेसर नजम अल-हुदा की दो पुस्तकें इसी विषय पर प्रकाशित हो चुकी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कई प्रमुख साहित्यिक और सामाजिक हस्तियों ने लेखक डॉ मुहम्मद सलीमउल्लाह को उनकी पुस्तक के प्रकाशन पर बधाई दी और इस साहित्यिक सत्र के आयोजन को शहर में साहित्यिक गतिविधियों में वृद्धि बताया। साथ हीं लोगों ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत मुहम्मद मेराज द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुआ। वहीं डॉ. मुहम्मद मति-उर-रहमान अजीज ने निर्देशक के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शहर के प्रख्यात कवियों अली अहमद मंजर, सिबघतुल्लाह हमीदी, ताज़िम गोहर, डॉ हसन रजा हाज़िक, महफूज अहमद आरिफ, जलाल असगर फरीदी और हिब्बानुल हक ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया। कविता सत्र की अध्यक्षता प्रो फारूक अहमद सिद्दीकी ने की और उन्होंने अपने तरनाम के साथ एक सुंदर गजल प्रस्तुत की। मौके पर मो एहतेशाम हुसैन, मो कलीमउल्लाह, डॉ रिजवान अहमद एजाज, प्रो सलमान, खलील-उर-रहमान कासमी, रजी अहमद, मोहम्मद इकराम, कासीर आलम, मो जफरुल्लाह, मो जियाउल्लाह आदि उपस्थित थे।


पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथिगण।

## बिहार प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ ने समारोह आयोजित कर मनाया संगठन का चौथा स्थापना दिवस

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ बिहार प्रदेश द्वारा मंगलवार को रेड क्रॉस भवन सभागार में संघ का चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन ने किया। संचालन बाजपट्टी प्रखंड महासचिव मो जमशेद आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मुकेश कुमार यादव ने शिक्षक हित में संघ के द्वारा अबतक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी निरंतर कार्य करते रहने की बात कही। विशिष्ट अतिथि जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने शिक्षकों से कहा की संगठन नेतृत्वकर्ता शशि रंजन सुमन शिक्षक हित में लगातार बेहतर कार्य कर रहें है। अभिषेक झा ने कहा कि शिक्षकों की हर छोटी बड़ी समस्या के निदान के लिए उन्हेंने एक टॉल फ्री नंबर जारी किया गया है। उसके माध्यम से शिक्षकों की समस्या का निदान करवाने का प्रयास कर रहें है और आगे भी करते रहेंगें। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड ने शिक्षकों कों सम्बोधित करते कहा की संघ अपने गठन से लेकर आज तक कई समस्याओं का निदान कराने में सक्षम साबित हुआ है जिसका साक्ष्य स्मारिका में संकलित है। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन ने शिक्षकों के सभी संवर्गो से एकजुट रहते हुए संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की। साथ ही संघ में आस्था व विश्वास जताने वाले विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक व प्रधान शिक्षक की भागीदारी के लिए धन्यवाद देते हुए प्रदेश स्तर से प्रखंड स्तर पर सभी प्रकोष्ठ का गठन करने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी अतिथियों कों शॉल व जानकी उद्भव का स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया। कार्यक्रम में गोपालगंज जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने शिक्षकों के ऊपर बनाये कई गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कार्यक्रम को प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार सिंह,उपाध्यक्ष रवि शंकर राय, सचिव जीतेन्द्र कुमार सुधांशु, कुणाल कुमार, राजेश्वर कुमार यादव, समाज सेवी रिंकू कुमारी अभिषेक मिश्रा, विजय कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, अजय कुमार सिंह,अजित कुमार सिंह, तिरहुत प्रमंडल प्रभारी एजाज अहमद, मो तनवीर अहमद ने सम्बोधित किया। मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।


दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते अतिथि व संगठन के नेतागण।

## केंद्र सरकार की गलत विदेश नीति के कारण उत्पन्न हुई है तेल औऱ गैस संकट : बंटी चौधरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** वर्तमान केन्द्र सरकार के गलत नीतियों के कारण आज देशवासियों को गंभीर उर्जा संकट मे डाला गया है। उक्त बाते मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान मे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमुई के पूर्व विधायक बंटी चौधरी ने कही। बंटी चौधरी ने कहा कि सरकार दवाब मे आकर गलत विदेश नीति का समर्थन कर रही है, जिस कारण वर्तमान उर्जा संकट इतना गहरा गया है। उन्होंने कहा कि देश मे एलपीजी की किल्लत है, बावजूद इसके अपने मित्र उधोगपति के लाभ के लिए एलपीजी की किमत सरकार ने बढाकर आमजन को महँगाई का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। वर्तमान मे केन्द्र सरकार ने पेट्रोलियम के स्पेशल टैक्स मे कटौती कर आम जनता मे घड़ीयाली आशूँ बहा रही है। जबकी मनमोहन सिंह के समय जब पेट्रोलियम की किमत अन्तरराष्ट्रीय बजार मे सबसे अधिक थी तब आमजन 70 रुपए का पेट्रौल उपयोग कर रहे थे। बंटी चौधरी ने कहा कि बिहार वासी को पता है बिहार के बिजली का मुनाफा किस उधोगपति मित्र को मिलता है। जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कहा सरकार के इस लुट के खिलाफ कांग्रेस पार्टी दो अप्रैल को राज्यभर के प्रखंड मे पिएम मोदी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन करेगी और 3 अप्रैल को पटना मे विशाल पर्दशन करेगी। प्रेसवार्ता मे नवसृजित काँटी जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही, महिला जिलाध्यक्ष जुही प्रितम, मुकेश त्रिपाठी, महताब आलम सिद्दकी, डाँ शंभू राम, विकास टुल्लु, त्रिभुवन पटेल, अमिताभ शरण, मोजक्कीर रहमान, कौशल किशोर चौधरी, बिनोद चौधरी, चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे ।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कांग्रेस के पूर्व विधायक।

### आईटीआई भ्रमण से छात्रों ने जाना तकनीकी शिक्षा का महत्व, बढ़ी कौशल विकास में रुचि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** 'ट्विनिंग ऑफ स्कूल' कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण कर तकनीकी शिक्षा की जानकारी हासिल की। उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनौरा पश्चिम एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय इंदरवा के छात्र-छात्राएं अपने-अपने प्रधानाध्यापकों के साथ राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सीतामढ़ी पहुंचे, जहां उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस दौरान विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी गई। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से स्थापित आधुनिक मशीनों एवं प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षकों ने मशीनों के कार्य करने की प्रक्रिया, तकनीकी शिक्षा के महत्व एवं रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया।

### जिला कांग्रेस का हुआ संगठनात्मक विभाजन : पश्चिमी मुजफ्फरपुर कांग्रेस के अध्यक्ष बने कांटी प्रमुख कृपा शंकर शाही, मुकुल को मिली पूर्वी की जिम्मेदारी

**मुजफ्फरपुर/एनएसबी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन में नई ऊर्जा फूंकने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर जिले के संगठन को पूर्वी एवं पश्चिमी हिस्सों में बांटते हुए अब पार्टी के दो जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया है।मुजफ्फरपुर पश्चिमी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे वर्तमान के कांटी प्रखंड प्रमुख कृपाशंकर शाही को दी गई है। जबकि मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष की कमान वर्तमान जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल को हीं सौपा गया है। वही मुजफ्फरपुर पश्चिमी कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनने पर कृपा शंकर शाही ने कांग्रेस आलाकमान, प्रदेश नेतृत्व और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे एक जमीनी कार्यकर्ता पर भरोसा जताने के लिए मैं कांग्रेस नेतृत्व का हृदय से आभारी हूँ। यह पद मेरे लिए केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा का एक नया अवसर है। मैं पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूँगा। ज्ञात हो कि पश्चिमी क्षेत्र में पारू, साहेबगंज, बरूराज, कांटी और मीनापुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को विस्तार करने की जवाबदेही नए जिलाध्यक्ष कृपाशंकर शाही के कंधों पर होगी।

# संघर्षों के मैट पर लिखी सफलता की कहानीः सीतामढ़ी की उभरती हुई खिलाड़ी शिवानी बनीं बिहार की बेस्ट डिफेंडर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार की बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि हौसले बुलंद हों, तो अभावों की दीवारें सफलता का रास्ता नहीं रोक सकतीं। पटना में आयोजित 'बिहार विमेंस कबड्डी लीग' में सीतामढ़ी जिले की उभरती हुई खिलाड़ी शिवानी कुमारी ने अपनी शानदार तकनीक और फौलादी इरादों से 'बेस्ट डिफेंडर' का खिताब अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ ही शिवानी को न केवल नकद पुरस्कार, बल्कि खेल मंत्री के हाथों एक स्कूटी भी उपहार स्वरूप मिली है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके गाँव लक्ष्मीपुर को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे राज्य की युवा महिला खिलाड़ियों के लिए एक नई प्रेरणा पेश की है।

**तीन साल की कड़ी तपस्या और एकलव्य सेंटर का साथः**

शिवानी कुमारी की यह सफलता रातों-रात नहीं मिली है, बल्कि इसके पीछे पिछले तीन वर्षों का कड़ा अभ्यास और पसीना शामिल है। शिवानी सीतामढ़ी स्थित 'कमला बालिका एकलव्य सेंटर' से जुड़ी हुई हैं, जहाँ उन्हें पेशेवर कबड्डी के गुर सीखने को मिले। विशेषज्ञों की देखरेख में 'एकलव्य' केंद्र के साथ नियमित अभ्यास ने उनकी खेल शैली को धार दी, जिसके परिणामस्वरूप वह राज्य स्तर के टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहीं। शिवानी बताती हैं कि उन्होंने पिछले तीन सालों से हर दिन खेल के प्रति समर्पित होकर मेहनत की है, जिसका मीठा फल आज उन्हें बेस्ट डिफेंडर के सम्मान के रूप में मिला है।


खेल मंत्री के हाथों उपहार स्वरूप मिली स्कूटी के साथ शिवानी कुमारी

**साधारण पृष्ठभूमिः पिता की मेहनत और बेटी का जज्बाः**

शिवानी एक बहुत ही साधारण परिवार से आती हैं, जहाँ आर्थिक चुनौतियां हमेशा खड़ी रहती थीं। उनके पिता, रामप्रवेश महतो, अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए घर से दूर एक निजी कंपनी में काम करते हैं। एक मजदूर पिता के लिए अपनी बेटी को खेल की दुनिया में आगे बढ़ाना आसान नहीं था, लेकिन शिवानी के अटूट विश्वास और जुनून को देखकर परिवार ने हमेशा उनका साथ दिया। सीतामढ़ी जिले के सोनवर्षा प्रखंड के लक्ष्मीपुर गाँव की इस मिट्टी ने एक ऐसी खिलाड़ी को जन्म दिया है, जिसने यह साबित कर दिया कि गरीबी कभी भी प्रतिभा की राह में रोड़ा नहीं बन सकती।

**भविष्य के सपने और जिले का बढ़ता गौरवः**

पटना में आयोजित इस लीग के दौरान खेल मंत्री ने शिवानी के प्रदर्शन की जमकर सराहना की। उन्हें इनाम में मिली स्कूटी उनकी गति और प्रगति का प्रतीक बन गई है। शिवानी की इस उपलब्धि से पूरे सीतामढ़ी जिले में हर्ष का माहौल है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शिवानी को आगे भी इसी तरह का प्रशिक्षण और सरकारी सहयोग मिलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब वह राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम की जर्सी में नजर आएंगी। उनकी यह कहानी उन हजारों लड़कियों के लिए उम्मीद की एक किरण है, जो सीमित संसाधनों के कारण अपने सपनों को दबा देती हैं।

# सीतामढ़ी में जमीन रजिस्ट्री के लिए मची 'आखिरी दौड़', रात तक खुले रहे कार्यालय


जिला निबंधन कार्यालय, सीतामढ़ी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में 1 अप्रैल से जमीन और मकान के सर्किल रेट (एमवीआर) में संभावित बढ़ोतरी की खबरों ने जमीन के बाजार को पूरी तरह गरमा दिया है। नए वित्तीय वर्ष के लागू होने से पहले लोग पुरानी दरों पर ही अपनी संपत्तियों का निबंधन कराने के लिए 'आखिरी दौड़' लगा रहे हैं। आज 31 मार्च की रात 8:00 बजे तक जिला निबंधन कार्यालयों में भारी भीड़ देखी गई और अधिकारी व कर्मचारी फाइलों को निपटाने में जुटे रहे। खरीदारों में इस बात का गहरा डर है कि यदि वे आज रजिस्ट्री नहीं कराते हैं, तो कल से उन्हें बढ़े हुए दरों के कारण अतिरिक्त राजस्व का भारी बोझ उठाना पड़ेगा। इसी आर्थिक चपत से बचने के लिए लोग आनन-फानन में सौदे पक्के कर रहे हैं और पिछले कई दिनों से निबंधन कार्यालयों में आवेदकों का हुजूम उमड़ रहा है।

निबंधन कार्यालयों की स्थिति यह है कि सुबह 10 बजे से शुरू होने वाला काम देर रात तक जारी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग के कर्मचारी बिना किसी अवकाश के, यहाँ तक कि रविवार को भी कार्य करते नजर आए। भारी भीड़ और दस्तावेजों के बढ़ते बोझ के कारण तकनीकी चुनौतियां भी सामने आई, जहां सर्वर पर दबाव बढ़ने से नेटवर्क धीमा होने की समस्या हुई।

**सर्किल रेट बढ़ने की आहट को लेकर वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रही भागम-भाग**

इसके बावजूद, जिला अवर निबंधक पंकज कुमार बसाक के नेतृत्व में टीम देर रात तक डटी रही ताकि अधिक से अधिक दस्तावेजों का निबंधन सुनिश्चित किया जा सके। मंगलवार की शाम 8 बजे के बाद भी कार्यालय की बत्तियाँ जलती रहीं और कतार में खड़े लोगों के चेहरे पर जल्द से जल्द रजिस्ट्री कराने की बेचैनी साफ दिखाई दी।

जमीन बाजार में आई इस अप्रत्याशित तेजी का सीधा लाभ सरकारी खजाने को हुआ है, जिससे राजस्व संग्रहण में जबरदस्त उछाल आया है। जिला निबंधन विभाग अपने वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच गया है। विभाग को इस वर्ष 246 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध 30 मार्च तक ही 236 करोड़ रुपये प्राप्त कर लिए गए थे और आज की रिकॉर्ड रजिस्ट्री के बाद इस लक्ष्य के पूर्ण होने की पूरी उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के 228 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य को काफी पहले ही पार कर लिया था। वर्तमान में प्रतिदिन 100 से 145 दस्तावेजों की रजिस्ट्री की जा रही है, जो प्रशासनिक सक्रियता और जनता के बीच व्याप्त संशय को दर्शाता है।

सर्किल रेट बढ़ने की सुगबुगाहट का असर केवल शहरी इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसकी व्यापक धमक देखी जा रही है। बढ़ती मांग को देखते हुए जमीन विक्रेताओं ने भी अपने तेवर सख्त कर लिए हैं और कई प्राइम लोकेशन वाली जमीनों के लिए खरीदारों के बीच होड़ मची है। ग्रामीण निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश कर जल्द से जल्द मालिकाना हक सुरक्षित करना चाहते हैं। हालांकि, विभागीय सूत्रों का कहना है कि राजस्व दरों में किसी बहुत बड़े बदलाव की संभावना कम है, फिर भी जनता के बीच व्याप्त आशंका ने बाजार को एक बड़ा 'बूम' दे दिया है। 1 अप्रैल से लागू होने वाली नई व्यवस्था के बाद ही स्पष्ट होगा कि जमीन की कीमतों में वास्तविक उछाल आता है या बाजार कुछ समय के लिए स्थिर हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बथनाहा में हुई 4,04,600 की लूटकांड का हुआ सफल उद्भेदन

**64,500 नगद राशि बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बथनाहा थाना क्षेत्र में हुई 4,04,600 की लूट कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। यह घटना 26 मार्च 2026 को वादी नवल साह (मुंशी) के साथ हुई थी, जिसके संबंध में कांड संख्या-159/26 दर्ज


गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक एवं उपस्थित अन्य।

किया गया था। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मामले के अनुसंधान में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, मानवीय एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संजय कुमार को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए यह भी बताया कि वह पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर एक अन्य आरोपी राजकुमार को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, हेलमेट, घटना के समय पहने गए कपड़े, लूटा गया मोबाइल, घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन एवं 64,500 नगद राशि बरामद की गई है। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजय कुमार, साकिन-निधिया, थाना-भटही एवं राजकुमार, साकिन-चकती मझुरा, थाना-सोनबरसा के रूप में की गयी है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### रुन्नीसैदपुर में लूट कांड का सफल उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र में 26 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस घटना में ग्राम अथरी के पास रेनिदीह निवासी हरिसिंह कुमार (उम्र लगभग 30 वर्ष), जो अपनी पत्नी व बच्चे के साथ बाजार से घर लौट रहे थे, को गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में कांड संख्या 122/26 दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, थानाध्यक्ष एवं तकनीकी टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह सामने आया कि पीड़ित सीएसपी संचालक नहीं थे, बल्कि वे घर से बस स्टैंड तक अपनी पत्नी को छोड़ने जा रहे थे, जिससे उनके पास बड़ी राशि होने की पुष्टि नहीं हो सकी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और मामले में कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार उर्फ मझनू मांझी, साकिन रानीपुर, थाना-रुन्नीसैदपुर, जिला-सीतामढ़ी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है। पुलिस मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है।

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई**

**अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी**

**महंगाई से बिहार की जनता बेहाल, भाजपा-जदयू सरकार हो रही मालामाल : भावना झा**

# मुफ्त बिजली के नाम पर जनता से धोखा टैरिफ बढ़ाकर लोगों को लूटने की साजिश

नव संदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** कांग्रेस की पूर्व विधायक भावना झा ने कहा कि देश आज कठिन दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को ये पता था कि इजरायल और ईरान के बीच तनाव है और अमेरिका कभी भी युद्ध भड़का सकता है। बावजूद इसके प्रधानमंत्री इजरायल चले गए। हमारे दशकों पुराने मित्र, जिसने हर मौके पर हमारा साथ दिया है उस इरान के दुश्मनों से मिले। लड़ाई चल रही है इरान, अमेरिका और इजराय़ल के बीच लेकिन मुश्किल में फंसे हैं हम भारत के लोग। रसोई गैस की किल्लत से घरों में चूल्हे नहीं जल रहे हैं। घंटों में लाइन में खड़े होने का बाद एक-एक सिलेंडर तीन-तीन हजार रुपए का मिल रहा है।

**2 अप्रैल 2026 को महंगाई के खिलाफ सभी प्रखंड मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस**

**कांग्रेस की पूर्व विधायक ने जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम में पत्रकार वार्ता को किया संबोधित**

जिला कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम गांधी मैदान में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भावना झा ने कहा कि जब सिलेंडर महंगे हुए तो लोगों ने अपने परिवार, बाल-बच्चों का पेट पालने के लिए बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हे खरीदे। लेकिन हाय री सरकार! आफत की घड़ी में लोगों को भर पेट खाना खाता देख भाजपा और जदयू की सरकार से रहा नहीं गया और सरकार ने शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बिजली की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ा दी। ये वही समय है जब घरों में खाना पकाया जाता है।

मित्रों, पेट्रोल और डीजल का संकट शुरू हो चुका है। कई शहरों में लंबी-लंबी कतारें लग रहीं हैं बावजूद इसके लोगों को पेट्रोल और डीजल नहीं मिल रहे हैं। हमारी और आपकी जरूरत की हर चीज महंगी होती जा रही है। एक तो हर चीज की किल्लत ऊपर से महंगाई की मार। ऐसा लग रहा है जैसे लुटेरों ने हमें चारों ओर घेर लिया है और जो मिल रहा है सबकुछ लूट रहे हैं।



ललित आश्रम में पत्रकार वार्ता को संबोधित करतीं कांग्रेस की पूर्व विधायक भावना झा एवं उपस्थित पार्टी के अन्य नेता।

पूर्व विधायक भावना झा ने कहा कि मोदी जी जब से आए हैं, देश लाइन में खड़े-खड़े परेशान है। नोटबंदी हुई तो देश लाइन में खड़ा हुआ, कई लोगों की लाइन में खड़े होने से मौत हुई। अचानक बिना कोई राहत दिए लॉकडाउन लगा दिया गया। सैकड़ों लोग सड़कों पर चलते-चलते भूख और प्यास से मर गए। मांओं की गोद में उनके भूखे बच्चे मरे। और अब मोदी की गलती से गैस मिलना मुश्किल हुआ तो नीतीश जी को उसमें जनता को लूटने का अवसर मिल गया और उन्होंने बिजली महंगी कर दी।

उन्होंने कहा कि इसलिए कांग्रेस पार्टी ने, हमारे नेता मल्लिकार्जुन खड़गे जी, राहुल गांधी जी और राजेश राम जी ने ठाना है कि जनता को मुश्किलों मे डाल कर लूटने वाली इन सरकारों का डट कर मुकाबला करना है और इनको उंखाड़ फेंकना है। इसकी शुरूआत हम 2 अप्रैल से कर रहे हैं। बिहार के हर प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी 2 अप्रैल को प्रदर्शन करेगी। फिर 3 अप्रैल को राजधानी पटना में कांग्रेस पार्टी का विराट प्रदर्शन होगा। हम जनता से अपील करते हैं कि बार-बार देश को संकट में डाल कर लूटने वाली सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरें।

मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष रकटू प्रसाद, प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि मो. अफाक खान, संजय कुमार बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, सीताराम झा, ताराकांत झा, आलोक सिंह, आफताब अंजुम बिहारी, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, प्रो. धीरज मिश्रा, विजय सिंह राठौर, चुन्नू सिंह, ऋतु ठाकुर, सोहन प्रसाद, राम पुकार महतो, दिलीप पांडे, अमजद खान, वीरेंद्र कुशवाहा, राजीव कुशवाहा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## प्रधानाध्यापक रामपुकार राय के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



विदाई सह सम्मान समारोह में सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के डुमरा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय मदनपुर में प्रधानाध्यापक सह प्रखंड अध्यक्ष, अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ डुमरा के रामपुकार राय के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय शिक्षक मो. नुरुल होदा मंसूरी ने की, जबकि संचालन शिक्षक राधेश्याम मंडल ने किया।

इस अवसर पर अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव दिलीप कुमार शाही ने रामपुकार राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सहज, सरल, मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं कुशल शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने 31 वर्षों के सेवा काल में दर्जनों छात्रों को इस काबिल बनाया, जो आज इंजीनियर, डॉक्टर तथा इसरो में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने शिक्षकों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की।

प्रदेश उपाध्यक्ष, शैक्षिक महासंघ सत्यनारायण राय ने कहा कि रामपुकार राय ने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को तराशकर उन्हें एक बेहतर इंसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी मंडल ने उनके विचारों, कर्मठता एवं मृदुभाषी स्वभाव को जीवन में अपनाने की बात कही।

प्रमंडलीय सचिव ज्ञानप्रकाश ने उन्हें एक माली के समान बताते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय रूपी बगिया को जिस तरह संवारकर सजाया है, वह अनुकरणीय है। अध्यक्षता कर रहे वरीय शिक्षक नुरुल होदा मंसूरी ने उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों ने उन्हें शाल, डायरी, कलम एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, पूर्व प्रधानाध्यापक रामलगन राय, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, सरोज कुमार श्रीवास्तव, शरिक अनवर उस्मानी, दिनेश कुमार कामत, नंदकिशोर सिंह, अभिनव कुमार, रामबाबू राय, मो. शब्बीर, उपेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संतोष ठाकुर, कृष्ण मुरारी राम, मनीषा कुमारी, रितु कुमारी, रीति कुमारी, जिन्नत प्रवीण, भोला राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## किसान नेताओं तथा किसानों को बिना शर्त रिहा नहीं किया जाता तो तेज होंगे आन्दोलन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** देश के जाने-माने किसान नेता राकेश टिकैत, किसान नेता सह सांसद सुधाकर सिंह, भाकियू के बिहार संयोजक दिनेश कुमार सिंह उड़ीसा के किसान नेता अक्षय कुमार सहित 750 किसानों को गिरफ्तार कर सभा तथा पदयात्रा को बाधित करने को उड़ीसा सरकार की तानाशाही तथा फांसीवादी कार्रवाई बताते हुए संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उतर बिहार के संयोजक डा. आनन्द किशोर, जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, उपाध्यक्ष अमरेन्द्र राय, चन्द्रदेव मंडल, शंकर मंडल, शशिधर शर्मा, ब्रजमोहन मंडल, महासचिव अवधेश यादव, अशोक कुमार सिंह, सचिव विजय कुमार सिंह, पारसनाथ सिंह, नन्द किशोर मंडल ने घोर निन्दा करते हुए सभी किसान नेताओं तथा किसानों को शीघ्र रिहा करने की मांग की है। नेताओं ने कहा है कि यह किसान-आदिवासी विरोधी हूकूमत का अलोकतांत्रिक कार्रवाई है।

**किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह, दिनेश कुमार सहित 750 किसानों की उड़ीसा में हुई गिरफ्तारी घोर निंदनीय : संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा**

जनजातीय आजीविका और वन अधिकारों की सुरक्षा के 21सूत्री सवालों पर नव निर्माण कृषक संघ के संयोजक अक्षय कुमार के नेतृत्व में पदयात्रा कर 5 हजार किसानों का मार्च उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर जा रहा था। आन्दोलनकारी किसानों के समर्थन में किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह तथा भारतीय किसान यूनियन बिहार के संयोजक दिनेश कुमार सिंह उड़ीसा पंहुचे जहां नखडा में किसानों की सभा आयोजित थी। सभा को विफल करने के लिए उड़ीसा की किसान-आदिवासी विरोधी तानाशाह हूकूमत ने तीनों किसान नेताओं सहित 750 किसानों को गिरफ्तार कर लिया। नेताओं ने कहा अगर किसान नेताओं तथा किसानों को बिना शर्त रिहा नहीं किया जाता तो आन्दोलन तेज होंगे।

**सीतामढ़ी में प्रभारी सचिव महेंद्र कुमार ने एलपीजी/पीएनजी सप्लाई स्टेटस से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की**

# गैस कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी नजर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** महेंद्र कुमार, प्रभारी सचिव, सीतामढ़ी-सह-सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में मंगलवार को एलपीजी/पीएनजी सप्लाई स्टेटस से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में इसके साथ ही माइग्रेंट वर्कर्स की स्थिति, फेक न्यूज और अफवाहों का काउंटर करना, उर्वरक की कालाबाजारी पर रोक, इस संबंध में विशेषकर बॉर्डर एरिया को फोकस करने, अन्य खाद्य पदार्थों की मूल्य की स्थिति इत्यादि से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गई।

जमाखोरी/ कालाबाजारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से रसोई गैस सिलेंडर/ कमर्शियल गैस सिलेंडर की उपलब्धता, बैकलॉग में आई कमी, अफवाहों पर नियंत्रण, नियंत्रण कक्ष की कार्य प्रणाली और प्रवासी मजदूरों के आगमन की स्थिति के साथ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए सचिव के द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। निर्देश दिया गया कि पीएनजी के कार्य में तेजी लाई जाए। बताया गया कि सीतामढ़ी जिले में बीपीसीएल द्वारा सीतामढ़ी शहर के वार्ड नंबर 1 से 25 तक कुल 3700 घरों में पीएनजी का पाइप लाइन लगाया गया है। इसके लिए डीसीयू (डीकंप्रेशन यूनिट) की स्थापना की जानी है। इस हेतु ग्राम भू भैरव प्रखंड डुमरा में भूमि चिन्हित किया गया है जिसे स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी है।



सीतामढ़ी समाहरणालय में बैठक करते सचिव महेंद्र कुमार व उपस्थित एसपी, डीडीसी व अन्य अधिकारी।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने जानकारी दी कि 062 26-250316 पर कंट्रोल रूम कार्य कर रहा है। जहां कुल प्राप्त शिकायतों की संख्या 236 है। कुल निष्पादित शिकायत की संख्या 230 है, 6 लंबित हैं। यानी निष्पादन का प्रतिशत 97.45 है।

बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी नियमित रूप से छापामारी करना सुनिश्चित करें, गैस सिलेंडर की होर्डिंग और कालाबाजारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाई जाए, अफवाहों पर न केवल नियंत्रण हो बल्कि उनके विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उर्वरक दुकानों पर नियमित रूप से छापामारी हो। विशेष कर बॉर्डर एरिया में संदेहास्पद उर्वरक दुकानों को चिन्हित कर उनका लाइसेंस रद्द किया जाए तथा उनके विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की जाए। एसएसबी के साथ समन्वय बनाई जाए। सभी आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी/ तस्करी रोकने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। प्रवासी श्रमिकों के आगमन को लेकर सूचना तंत्र को मजबूत करें।इस संबंध में माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, एडीएम संजीव कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडे, नगर आयुक्त गजेंद्र प्रसाद सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिंहा, जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी एसडीपीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विशाल जिला कृषि पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक डीपीएम जीविका कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं आइओसीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भायंदर के मारुति मंदिर में धूमधाम से मनेगी हनुमान जयंती : शास्त्री बलवन्त मिश्र

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुंबई के ठाणे जिला के भायंदर में महाराणा प्रताप रोड स्थित प्राचीन श्री मारुति मंदिर में इस वर्ष 43वां हनुमान जयंती वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री मारुति मंदिर संस्कृत विद्यालय ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। संस्थापक व सीतामढ़ी जिले के रीगा प्रखंड के मूल निवासी शास्त्री बलवन्त मिश्र ने आमंत्रण पत्र प्रेषित कर यह जानकारी दी है।

ट्रस्ट द्वारा जारी सूचना के अनुसार, उत्सव की शुरूआत 01 अप्रैल 2026 से होगी, जिसमें श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू किया जाएगा, जो अगले दिन तक निरंतर चलेगा। 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को मुख्य उत्सव के दिन प्रातः 6:30 बजे हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# सुगौली में राज्यस्तरीय कैडेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता का समापन, जहानाबाद बना ओवरऑल चैंपियन

**सुगौली(एन एस बी )।** के स्थित नंद उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय श्तृतीय राज्यस्तरीय कैडेट बालक एवं बालिका भारोत्तोलन प्रतियोगिता९ का सोमवार को अत्यंत भव्य और गरिमामय माहौल में समापन हो गया 28 मार्च से 30 मार्च तक चली इस खेल स्पर्धा में बिहार के विभिन्न जिलों से आए नन्हे भारोत्तोलकों ने अपनी शक्ति और तकनीक का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला,जिसमें जहानाबाद जिले की टीम ने अपने उत्ष्ट प्रदर्शन के दम पर श्ओवरअल चौंपियन९ का खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे और उनका मनोबल सातवें आसमान पर दिखा आयोजन की सफलता पर प्रकाश डालते हुए मोतिहारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव मोहम्मद रुस्तम आलम ने बताया कि सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक सहयोग से ही इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता का निष्पक्ष और सफल संचालन संभव हो पाया है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने इस आयोजन को न केवल यार बनाया,बल्कि बिहार में भारोत्तोलन के उज्जवल भविष्य की झलक भी पेश की

इस गरिमामयी अवसर पर बिहार भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अरुण ओझा,पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार केसरी और सचिव गिरिजेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) अलीहसन, प्रख्यात समाजसेवी इरशादुल्लाह उर्फ राजा भैया और अंचल सचिव (ब्च्) राकेश झा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में तकनीकी अधिकारी गुरविंदर सिंह और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी देखरेख में रेफरीगण ने सुव्यवस्थित ढंग से निर्णयन कार्य किया।

स्थानीय स्तर पर आयोजन को सफल बनाने में जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार,उपाध्यक्ष अशोक कुमार,कोषाध्यक्ष पवन कुमार,संयुक्त सचिव आरिफ एकबाल (छोटू) और प्रशांत कुमार सहित संगठन के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष नवीन कुमार ने सभी अतिथियों,खिलाड़ियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया, जिसके साथ ही इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ के विधिवत समापन की घोषणा की गई।



ट्रॉफी के साथ विजय टीम।

## संक्षिप्त खबरें

### मेहसी में पत्रकार हामिद रजा की पुत्री का निकाह सम्पन्न, गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति

**मेहसी(एन एस बी)।** पूर्वी चंपारण जिले के मेहसी क्षेत्र के मिर्जापुर में एक गरिमामय एवं सौपूर्ण समारोह के बीच वरिष्ठ पत्रकार हामिद रजा की पुत्री कहकशां कुलसुम का निकाह मोहम्मद सुहैल इब्राहिमी (पुत्र खुर्शीद आलम, निवासी हिंदू चकिया, बारा चकिया) के साथ संपन्न हुआ। निकाह की रस्म प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मौलाना मसलहुद्दीन अंसारी ने अदा कराई। इस अवसर पर शहर एवं बाहर से आए अनेक गणमान्य लोग, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और उलेमा की उल्लेखनीय उपस्थिति रहीस समारोह में वीआरएम मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के ड. जोहा, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता एडवोकेट इश्तियाक आलम, उर्दू विद्वान ड़ शमीम अहमद, बेतिया नगर निगम के पार्षद जुबैर आलम, ओझलपुर पंचायत के मुखिया अजय यादव, बरदाहा पंचायत के मुखिया मोहन सहनी, मेहसी के पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अखलाक, पूर्व मुखिया अता-उर-रहमान, मेहसी नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मोहम्मद अली टीपू, राजद नेता नूर-उल-हुदा,पूर्व प्रमुख इमाम हसन,मास्टर शाहिद रजा,मास्टर लतिफुर रहमान, अबुल कलाम आजाद, नरैन अंसारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए।इसके अलावा पत्रकारिता जगत से हसन इमाम, सुदीष्ट नारायण ठाकुर,तारकेश्वर दुबे, संजय सिंह समेत कई अन्य प्रमुख लोगों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रहीस निकाह समारोह सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा, जहां सभी उपस्थित लोगों ने नवविवाहित जोड़े के सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

### इस्लामपुर में लगी आग, घटना से मची आगरा-तफरी

**रक्सौल(एनएसबी)** प्रखंड के इस्लामपुर मुहल्ला में अचानक आग लगी की घटना से आसपास के इलाकों में अफरातफरी मच गयी है। इस घटना में इसा देवान, टून्ना शाह, मकसूद हजामत सहित चार लोगों के घर में खाना बनाने वाले चूल्हा से आग लगी। जिसमें फुस का घर,अनाज, फर्नीचर आदी जलकर राख हो गया। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से उक्त आग पर काबू पाया गया।

### गैस सिलिंडर के किल्लत को लेकर होटल संचालकों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**रक्सौल(एनएसबी)**सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति बंद करने के बाद सीमावर्ती शहर रक्सौल में स्थानीय होटल और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आपूर्ति ठप होने से न केवल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, बल्कि सैकड़ों कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। इस संबंध में शहर के प्रमुख होटल व्यवसायियों ने एकजुट होकर एसडीएम मनीष कुमार से मिल कर सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि गैस की अनुपलब्धता के कारण व्यवसाय पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। जिससे व्यापार चौपट होने के साथ अन्य कई प्रकार के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। होटल व्यवसायियों का यह भी कहना है कि यह समस्या केवल उनके व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े कर्मचारियों के भी समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो रहा है। बता दें कि विगत माह से ईरान अमेरिका के बीच जारी जंग के बाद से ईरान से भारत के लिए निर्यात होने वाला पेट्रोलियम पदार्थ और रसोई गैस के निर्यात बाधित हुआ है। जिस कारण बिहार सहित अन्य राज्यों में भी रसोई गैस का संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है। ज्ञापन देने वालों में कैंडी स्वीट्स हाउस, पंकज स्वीट्स, लालू ढाबा, बिकानेर स्वीट्स, प्रमोद पाव भाजी, न्यू पंकज स्वीट्स, अन्नपूर्णा स्वीट्स, लड्डू गोपाल

### आरएलएम का संगठन होगा मजबूत : डा. दीपक कुमार

**मोतिहारी(एन एस बी)।** मंगल वार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी कार्यालय में पूर्वी चम्पारण के ओलहा मेहता टोला के मुखिया भागीरथ प्रसाद, गायघाट पंचायत के मुखिया संतोष कुशवाहा, जय सिंहपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया विनोद कुशवाहा, मानिकपुर पंचयात के सरपंच राजीव रंजन प्रसाद, गायघाट के सरपंच सुरेश प्रसाद, बाबूलाल प्रसाद, जीतेन्द्र महतो, राजकुमार ठाकुर, रामविजय सहनी, संजय कुमार सिंह, विक्रमा कुशवाहा, हीरालाल यादव आदि सैकड़ो लोग पार्टी का सदस्यता ग्रहण किए है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष ड़दीपक कुमार, जिला संयोजक ईरमेश पासवान, प्रो सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में सदस्यता हुआ है। सभी नये सदस्यों को पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत व बधाई दिया।


समारोह में उपस्थित लोग।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संत सिंह कुशवाहा, रामपुकार सिन्हा, प्रमोद सिंह, रुपलाल कुशवाहा, राजनारायण कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, विजय सिंह, शंकर कुशवाहा, कौशल कुमार, मुन्ना यादव, हरिकिशोर कुशवाहा, लालबहादुर सिंह, ड़शैलेश कुशवाहा, मुकेश कुमार, लोकेश कुमार, रोज अहमद, धनंजय चंदेल, आयुष्मान कुमार, नितीश कुमार, मनीष गर्ग, राजू कुमार सिंह, राजकुमार कुशवाहा, भिखारी सिंह, उपेंद्र सिंह, मुजीबूर रहमान, प्रेम चंद प्रसाद, मंजीत यादव आदि है।

### सावधानी में ही सुरक्षा, अगलगी से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की विशेष गाइडलाइन

**लखीसराय (एनएसबी)।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और पछुआ हवाओं के बीच अगलगी की घटनाओं को रोकने के लिए बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने आम जनमानस के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श (एडवाइजरी) जारी की है। विभाग ने श्क्या करें और क्या न करें९ की एक विस्तृत सूची साझा करते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी दैनिक गतिविधियों में थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी अनहोनी को टाल सकते हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, खाना बनाते समय विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। स्ट्रोव, लकड़ी या गोइठा वाले चूल्हे पर खाना बनाते समय हमेशा सूती वस्त्र ही पहनने चाहिए और रसोई में किसी वयस्क की मौजूी अनिवार्य होनी चाहिए। तेज हवा के दिनों में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि खिड़की से आने वाली हवा सीधे चूल्हे के बर्नर तक न पहुंचे। इसके अलावा, गेहूं की ओसनी जैसे षि कार्य रात के समय और गांव के बाहर खलिहान में करने की सलाह दी गई है। प्रत्येक घर और खलिहान में पानी एवं बालू की समुचित व्यवस्था रखना जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। आपातकालीन स्थितियों के लिए विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि तेल से आग लगी हो, तो उस पर कभी भी पानी न डालें। ऐसी स्थिति में केवल बेकिंग सोडा, नमक का प्रयोग करें या उसे किसी भारी बर्तन से ढक दें। यदि घर के अंदर कोई फंस गया हो, तो खिड़की के बाहर चादर या तौलिया लटका दें ताकि बाहर मौजूद बचाव दल को आपकी स्थिति का पता चल सके। आग लगने की स्थिति में तुरंत दमकल विभाग को सूचित करें और उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। साथ ही, बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित जांच कराते रहें। वहीं, विभाग ने कुछ ऐसी आदतों पर रोक लगाने की बात कही है जो अक्सर आग का कारण बनती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब के नशे में हंगामा करते चार गिरफ्तार

**रक्सौल।** रेल पुलिस ने चार पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। पुष्टी करते हुए रेल थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि रेल परिक्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा करते चार पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में विभव शर्मा, उम्र 31 वर्ष,पिता गणेश शर्मा,घर नोनिया,थाना पहाड़पुर,कुणाल किशोर सिंह,उम्र 44 वर्ष, पिता नवल किशोर सिंह,घर आश्रम,थाना ढाका, संतोष कुमार,उम्र 32 वर्ष,पिता राजेश्वर साह,ग्राम नोनिया,थाना पहाड़पुर एवं शाबाब अंसारी,उम्र 40 वर्ष,पिता जवाहिर मियां,घर रक्सौल वार्ड संख्या 1,थाना हरैया जिला पूर्वी चंपारण का निवासी है। गिरफ्तार लोगों पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।

### निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रक्सौल।** 47वीं वाहिनी रक्सौल के द्वारा प्रखंड के धुपवा टोला में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसएसबी कमांडेंट संजय पांडेय ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित ग्राम-धुपवाटोला में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित पशु चिकित्सा शिविर में ड विनीत कुमार, सहायक कमांडेंट (पशु चिकित्सा), क्षेत्रक मुख्यालय, एसएसबी बेतिया द्वारा ग्राम- धुपवाटोला, हरैया, एवं भालुवाहा के 56 स्थानीय नागरिकों के कुल 222 पशुओं का उपचार कर फ्री दवाइयाँ दी गई। 36 पशुओं को विभिन्न बिमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण भी किया गया।मौके पर स्थानीय ग्रामीण सहित एसएसबी जवान मौजूद थे।

### मथुरापुर में सोलर लाइट खराब कचरे का उठाव नहीं होने से संक्रमण फैलने की आशंका

**तुरकौलिया।** मथुरापुर पंचायत के वार्ड एक के आमवा गांव में महिनों से स्ट्रीट लाइट खराब है। राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत कचरे का उठाव भी नियमित रूप नहीं किया जा रहा है। चारों तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ है। इसे लेकर आमवा गांव के संजीव कुमार ने बीडीओ संतोष राज को आवेदन देकर इस समस्या से अवगत कराया है। आवेदन में बताया गया है कि आमवा गांव में करीब एक दर्जन स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। जो लगने के बाद से ही खराब हो गया है। एकाध को छोड़ सभी सोलर लाइट खराब हैं। अंधेरे के कारण गांव में चोरी की घटनाएं भी बढ़ गई है। इतना ही नहीं कचरे का नियमित उठाव नही होने से जगह-जगह कूड़ा कचरा फैला हुआ है। पिपल पेड़ के पास गी का अंबार लगा हुआ है। जिससे दुर्गंध निकलता है। गी के कारण गांव में संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। आवेदन के माध्यम से सफाई सुनिश्चित कराते हुए तुरंत कचरा हटाने की और खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने की बीडीओ संतोष राज से मांग भी की गई है। इस बाबत बीडीओ से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नही हो सकी। ग्रामीणों का कहना था कि तुरंत समस्या का हल नही किया जाएगा तो सभी लोग 'इस मुद्दे को डीएम के जनता दरबार में उठाएंगे।

# शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण :अंजनी अशेष

## जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल में पीटीएम सह ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

**मोतिहारी।** शहर से सटे लक्ष्मीपुर स्थित जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी सह ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अंजनी अशेष ने कहा कि मशहूर वैज्ञानिक थमस अल्वा एडिसन के मुताबिक महज कुछ घंटे की परिभाषा से विद्यार्थी की मेधा का सम्यक मूल्यांकन करना संभव नहीं है। श्री अशेष ने मशहूर दर्शनशास्त्री अरस्तु का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अनुसार शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का विकास करना है।

मौके पर अभिभावकों ने भी अपने उद्गार प्रकट किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को परीक्षाफल प्रदान किए गए और अव्वल आए छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्त किया गया। मौके पर प्रीति कुमारी, उज्जवल श्रीवास्तव, नवीन वर्मा, रौशन त्रिपाठी, विक्रम वीर, विजय कुमार यादव, रितिका दुबे, प्रियंका झा, साक्षी वैभव, रौशनी राज, प्रियम कुमारी आदि मौजूद थे।


समारोह में उपस्थित लोग।

# जिला व प्रखंड कमिटी की बैठक

**मोतिहारी(एन एस बी )।** शहर के जिला परिषद के मैदान में में मंगलवार को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला व प्रखंड कमिटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने की। इस दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि 20 वर्षो से राष्ट्र की मुख्यधारा शिक्षा प्रदान करने वाले नियोजित शिक्षक विभाग के उदासीन रवैये के कारण नियम होने के बाबजूद प्रोन्नति एवं स्थानांतरण पाने से वंचित है। सरकार सिर्फ शिक्षकों की समस्या समाधान करने की डपोरशंखी व्यानबाजी करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार फैला हुआ है। जहां कार्यालय में नियम को ताख पर रखकर शिक्षक को प्रतिनियोजन कर जिले के शिक्षकों से अवैध वसूली की जाती है। यदि हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो जिले के शिक्षक संघ के बैनर तले आगामी 6 अप्रैल से आमरण अनशन करेंगे। वहीं वरीय जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि विशिष्ट शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान व विद्यालय अध्यापकों को संशोधित मँहगाई भत्ता, आवास भत्ता एवं वार्षिक वेतन वृद्धि कर भुगतान किया जाय। साथ ही संघ के माँगों को विभाग अविलम्ब पूर्ण करें वरना आन्दोलन और तेज की जायेगी। उन्होंने शिक्षकों से अपील किया कि जिले में सभी कोटि के यथा नियमित शिक्षक, नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक,प्रधान शिक्षक मजबुती से एकजुट रहें। संघ सभी के जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ कुमार ने कहा कि ातक योग्यताधारी विशिष्ट शिक्षक को प्रशिक्षण अवधि से 8 वर्ष की सेवा पर ातक ग्रेड में प्रोन्नति दें साथ ही नियोजित प्रारंभिक शिक्षकों को 12 वर्षो की सेवा पर अगले वेतनमान में प्रोन्नति देने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

मौके पर शिवेन्द्र कुमार, संतोष कुमार चौबे, श्यामबाबू भगत, शशिशेखर, उमेश पंडित, मोहन कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# 8 बोरा यूरिया जब्त, तीन दुकानों की बिक्री पर रोक

**मोतिहारी(एन एस बी)।** सीमा क्षेत्र में खाद की तस्करी और अनियमितताओं के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बनकटवा प्रखंड में औचक छापेमारी की। यह संयुक्त कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी श्री विजय कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री उदय शंकर के नेतृत्व में की गई।छापेमारी के दौरान बनकटवा नहर रोड पर मोटरसाइकिल से खाद की तस्करी करते हुए 8 बोरा यूरिया बरामद किया गया। हालांकि तस्कर मौके से मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।इसके अलावा चंपापुर कोईरिया चौक के समीप तीन खाद दुकानों की जांच की गई, जहां कई अनियमितताएं सामने आईंयादव खाद भंडाररू दुकान में 250 बोरा यूरिया स्टक में पाया गया, लेकिन स्टक पंजी, च्ै मशीन और बिल प्रस्तुत नहीं किए गए। प्रशासन ने तत्काल बिक्री पर रोक लगा दी है।ओम सांई षि सेवा केंद्ररू यहां 326 बोरा यूरिया और 50 बोरा डीएपी उपलब्ध मिला, लेकिन स्टक रजिस्टर और वास्तविक स्टक में अंतर पाया गया।

दुकान की बिक्री पर रोक लगाते हुए जांच जारी है।विकास खाद भंडाररू दुकान में यूरिया, फास्फेट और डीएपी मौजूद था, लेकिन स्टक पंजी और बिल प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर भी तत्काल प्रभाव से बिक्री रोक दी गई है।छापेमारी के दौरान जितना और घोड़ासहन के थानाध्यक्ष भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद की कालाबाजारी और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**संग्रामपुर(एन एस बी)।** प्रखंड के समीप अवस्थित ध्‍ ट्यूटोरियल्स कोचिंग संस्थान में कोचिंग के संचालक अभिषेक कुमार मिश्रा एवं पूर्वी संग्रामपुर पंचायत के मुखिया सुदिष्ट प्रसाद के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में चार सौ से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को शल ओढ़ाकर व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया।

संचालक अभिषेक कुमार मिश्रा ने बताया कि उनके कोचिंग संस्थान में बिहार बोर्ड में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले छोटू कुमार जिन्होंने 483 अंक प्राप्त किया है के साथ-साथ बृजेश कुमार 471, आर्या कुमारी 441, रोशन कुमार 435, आयुषी कुमारी 422, मानव कुमार 420, केशव कुमार 409, एवं सूरज कुमार ने 403 अंक लाकर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है इन सभी संस्थान में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह में उपस्थित आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय, अनुपम कुमार, मुखिया सुधीश कुमार, समाजसेवी शंभू प्रसाद ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही कोचिंग के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि संग्रामपुर में जितने भी कोचिंग संस्थान संचालित हैं उन सभी से उनके कोचिंग का रिजल्ट बेहतर है। संस्था के संचालक अभिषेक कुमार मिश्रा ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर आप अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल करना चाहते हैं तो ध्‍ ट्यूटोरियल में छात्रों का नामांकन करावें।

उन्होंने कहा कि आप हमें छात्र दें हम उन्हें भविष्य देंगे। इस मौके पर समाजसेवी अखिलेश मिश्रा, राहुल कुमार मिश्रा, शनि कुमार, अखिलेंद्र सिंह, शिक्षिका जूही कुमारी, रितु कुमारी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



सम्मानित होते सफल छात्र।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले के पदाधिकारियों ने किया खाद दुकानों जांच



**सहरसा (एनएसबी)।** मंगलवार को अपर समाहर्ता गणेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चैधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार वर्णवाल, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्रेयांश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिलांतर्गत विभिन्न प्रखंडों में अवस्थित खाद दुकानों व प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई,। सभी संबंधित को जमाखोरी कालाबाजारी अनियमितता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वही दुसरी ओर आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में उर्वरक की किल्लत जमाखोरी पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा की कार्रवाई जा रही हैं। एलपीजी गैस सिलेंडर वितरणह्ल की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, पीएनजर गैस उपलब्धता हेतु की जा रही कार्रवाई से संबंधित मीडिया ब्रीफिंग की गयी। सभी गैस एजेंसियों को नियमानुसार एलपीजी गैस वितरण कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। उर्वरक के संदर्भ में सभी संबंधित विक्रेताओं, प्रतिष्ठानों को अनियमितता संज्ञान में आने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सोनवर्षा के बीईओ जयकुमार यादव हुए सेवानिवृत्त विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवर्षा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयकुमार यादव के सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को बीआरसी भवन में भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जयकुमार यादव के लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जबकि प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी दानिस रजा को बीईओ का प्रभार मिलने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर दानिश राजा ने कहा कि वे शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा शिक्षकों और छात्र छात्राओं के हित में हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर शिक्षकों द्वारा सेवानिवृत बीईओ एव प्रभारी बीईओ को फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। जबकि सेवानिवृत बीईओ को विभिन्न उपहार,अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर विदा किया गया। मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष परमेश्वरी यादव, शिक्षक चंदन यादव, सुभाषचंद्र सिंह, रविंद्र यादव, मिट्ठू रजक, सुमन कुमार सिंह, ममता कुमारी, बिनोद यादव, नंदन कुमार सिंह, शत्रुघ्न साह, मो शहनवाज आलम, पंकज कुमार, अनिल साह, अमित कुमार, रौशन झा, सोहन सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।




### सोहा में गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि-पूजन एवं ध्वजारोहण का हुआ आयोजन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के सोहा ग्राम में अप्रैल महीने में आयोजित गायत्री महायज्ञ को लेकर मंगलवार को यज्ञ स्थल पर भव्य भूमि पूजन एवं ध्वाजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री शक्ति पीठ सहरसा से पधारे पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बीच विधिवत भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया। भूमि पुजन एवं ध्वाजारोहण के दौरान सम्पन्न हुए धार्मिक अनुष्ठानों के जजमान प्रेमशंकर सिंह एवं उनकी पत्नी राम दुलारी देवी थी। आयोजित होनेवाले गायत्री यज्ञ को लेकर अन्य तैयारियां टेंट, पेयजल, रौशनी एवं अस्थाई शौचालयों का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है। यज्ञ के संयोजक डां अरूण कुमार सिंह ने बताया की यज्ञ का आयोजन आगामी 16,17 एवं 18 अप्रैल को निर्धारित है। जिसमें यज्ञ के साथ साथ मुंडन, विवाह एवं दीक्षा जैसे अनुष्ठान भी शामिल है। भूमि पुजन के दौरान संजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह,सत्यदेव सिंह, लक्ष्मण कुमार सिंह, संजय सिंह, छोटू सिंह, गिरिश सिंह समैत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



### 2 अप्रैल को होगा नए शैक्षणिक सत्र का दीक्षांत समारोह

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** किड्जी बटराहा वार्ड नं 36 कहरा ब्लॉक रोड में 2026-27 नए शैक्षणिक सत्र का दीक्षांत समारोह का 2 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया जाएगा। उक्त बातों की जानकारी देते हुए किड्जी के निदेशक ई. पम्मी गौतम झा ने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो अपने सपनों की सुंदरता में विश्वास रखते हैं। उन्होंने 2026-27 शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ समारोह में शामिल होने के लिए आमजनों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर अपने छात्रों का खोज, विकास और उत्कृष्टता से भरे एक नए वर्ष में स्वागत करें।

### सुपर मार्केट कला भवन के आगे लगा हुआ हाई मास्क लाइट बनी शोभा की वस्तु।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सुपर मार्केट स्थित कला भवन के आगे लगा हुआ हाई मास्क लाइट कई महीनों से शोभा का वस्तु बनकर रह गया है। जिससे पूरा सुपर मार्केट शाम होते ही अंधेरे से पट जाता है। इतना ही नहीं सुपर मार्केट में कई सब्जी की दुकान सहित अन्य दुकान है। और बस स्टैंड भी है। बस स्टैंड से कई जगहों पर जाने वाली बसे खुलती है। इतना ही नहीं तीन बजे सुबह से यात्री अन्य जगहों पर जाने के लिए बस को पकड़ते है जो अंधेरा होने के कारण टार्च या मोबाइल जलाकर लाइट का काम कर बस पकड़ते हैं। कई बार तो अंधेरे में बस पकड़ने के लिए छोटी बड़ी घटनाएं भी हो चुकी है। बता दें कि जब हाई मास्क का लाइट सुपर मार्केट पर जलता था तो चारों तरफ जगमग जगमग होता था, जिससे खरीददारी करने वाले ग्राहकों व बस पकड़ने आने वाले यात्री को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती थी। अनेकों बार दुकानदार लाइट को ठीक कराने के लिए मांग कर चुके है लेकिन लाइट का सुधार नहीं हो सका है। दुकानदार सुंदर तांती, राजा साह सहित अन्य दुकानदारों का कहना है कि अगर लाइट ठीक हो जाय तो हम सभी दुकानदारों को कोई दिक्कत नहीं होगा।



### मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के तहत मध्य विद्यालय नवटोलिया के छात्रों ने किया परिभ्रमण

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय नवटोलिया, टेहरा के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न दर्शनीय स्थल का किया परिभ्रमण। मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के तहत नवटोलिया टेहरा मध्य विद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण पर भेजा गया। छात्र-छात्राओं का परिभ्रमण दल साथ 06 सदस्यीय शिक्षकों के टीम के साथ मधेपुरा जिले के सिंघेश्वर स्थान सहरसा जिले में मत्स्यगंधा काली मंदिर, जेपी पार्क प्रसिद्ध मां तारा स्थान,एवं कारु बाबा स्थान, दिवारी मां भगवती स्थान , कन्दाहा सूर्य मंदिर, एवं जिले के प्रसिद्ध महादेव मंदिर सहित अन्य तीर्थस्थलों का दर्शन कराया गया । परिभ्रमण दल के बस को विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष फुल कुमारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्याप मिट्ठू कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस परिभ्रमण दल को रवाना करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिट्ठू कुमार ने ने मौके पर उपस्थित विद्यालय शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का शिक्षा विभाग राज्य में शिक्षा के प्रति संकल्पित है। परिभ्रमण योजना के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राएं दार्शनिक स्थलों का दर्शन कर उनकी ऐतिहासिकता से मुखातिब होने का मौका मिलता है।



# डीआरडी, निदेशक वैभव कुमार के घर आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी

## 2 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति अर्जित करने का है आरोप, ससुराल में कैश गिनने की मशीन मंगाई गई, तीन गाड़ी में इओयू टीम के 12 लोग पहुंचे



बरामद हिरा, सोना, चांदी व अन्य समान



कागजात की जांच करते इओयू टीम



पलग के निचे से नोटों का बंडल।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सहरसा में आय से अधिक संपत्ति मामले में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। डीआरडीए के निदेशक वैभव कुमार के नया बाजार स्थित आवास पर आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने मंगलवार सुबह से छापेमारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई सुबह से लगातार जारी है और टीम घर के अंदर दस्तावेजों व संपत्ति से जुड़े साक्ष्य खंगाल रही है। सूत्रों के अनुसार, वैभव कुमार पर 2 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है, जो उनकी घोषित आय से लगभग 78 प्रतिशत ज्यादा बताई जा रही है। इसी मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने यह छापेमारी की है। फिलहाल, अधिकारी सहरसा में ही पदस्थापित हैं और छापेमारी के दौरान उनसे भी पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है और पूरे मामले पर लोगों की नजर बनी हुई है। वही दुसरी ओर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने मंगलवार को किशनगंज के एसडीपीओ गौतम कुमार के बिहार से बंगाल तक के ठिकानों पर छापेमारी की यह कार्रवाई किशनगंज के अलावा पूर्णिया, अररिया, पटना और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में की जा रही है। किशनगंज मेंआर्थिक अपराध इकाई की टीम सुबह करीब साढ़े 8 बजे ही गौतम कुमार के घर और ऑफिस पहुंचीं। वहीं दोपहर 12 बजे से गौतम कुमार के कार्यालय पर छापामारी शुरू हुई। तीन गाड़ी में इओयू टीम के 12 लोग पहुंचे। टीम ने कागजात, दस्तावेज और बाकी सामान की जांच की। एसडीपीओ गौतम कुमार के खिलाफ आय से 1 करोड़ 94 लाख अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है, जो उनकी आय से लगभग 60.27 प्रतिह्लात अधिक है। गौतम कुमार फिलहाल किशनगंज में ही हैं। एसडीपीओ ने अपनी गर्लफ्रेंड शगूफ्ता खातून के नाम कई जमीन खरीदी थी। हालांकि, बाद में शगूफ्ता ने गौतम के बेटों को सभी जमीन गिफ्ट कर लौटा दिया था। इधर, सहरसा वैभव कुमार के ठिकानों पर भी आर्थिक अपराध इकाई ने दबिश दी है। वैभव कुमार के मुजफ्फरपुर, सहरसा समेत 6 ठिकानों पर रेड की। वैभव कुमार पर 2 करोड़ 41 लाख 14 हजार की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में कार्रवाई की गई है गौतम कुमार वर्तमान में किशनगंज जिले में एसडीपीओ के पद पर तैनात हैं। इससे पहले, वे पटना में बीएमपी-5 में डीएसपी के रूप में कार्यरत थे। गौतम कुमार का सहरसा में पुश्तैनी घर है। पटना में घर बना रखा है। जबकि पूर्णिया में ससुराल है। आरोप है कि हाल के दिनों में उन्होंने जिले में अवैध बालू खनन, लॉटरी माफिया, तस्करी और लूट के कई मामलों में सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिससे कई बड़े गिरोहों का भंडाफोड़ हुआ था। इनसे काली कमाई का आरोप है। ये रेड किशनगंज के हाउसिंग कॉलोनी स्थित घर और पूर्णिया के कोरठबाड़ी स्थित उनके ससुराल में चल रही है। सूत्रों के मुताबिक ससुराल से भारी मात्रा में जेवरात मिले हैं। कैश गिनने की मशीन भी मंगाई गई है। जांच में सामने आया की गौतम कुमार ने अपने महिला मित्र शगूफ्ता खातून के नाम कई जमीन खरीदे थे, लेकिन बाद में शगूफ्ता ने डीएसपी के बेटों को सभी जमीन गिफ्ट कर दिया था। जानकारी के अनुसार गौतम कुमार पुलिस विभाग में 1994 बैच के दारोगा के रूप में पदस्थापित हुए थे। साल 1996 में उनकी पहली पोस्टिंग बतौर दारोगा के रुप में किशनगंज में ही हुई थी। पदोन्नति पाकर डीएसपी बने। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने अधिकतर समय सीमांचल के चार जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में ही सेवा दी। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान कई जमीन के कागजात, बैंक खातों की जानकारी, निवेश के दस्तावेज, महंगी गाड़ियां और सोने-चांदी के आभूषण से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। टीम उनके परिजनों और करीबी लोगों के नाम पर खरीदी गई संपत्तियों की भी जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में कई शहरों में प्लॉट, मकान और व्यावसायिक संपत्ति होने की बात सामने आई है। आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों का कहना है कि सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आय के स्रोत और संपत्ति के बीच अंतर का आकलन किया जा रहा है। अगर आय से अधिक संपत्ति का मामला साबित होता है, तो उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। सहरसा के नया बाजार के सराही मोड़ के पास किराए के मकान में रह रहे डीआरडी, डायरेक्टर वैभव कुमार के आवास पर इओ; की मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे से छापेमारी चल रही है। वैभव कुमार के खिलाफ कुल दो करोड़ 41 लाख 14 हजार रूपए आय से अधिक संपत्ति बनाने का आरोप है, जो उनकी आय से लगभग 78.03 प्रतिह्लात अधिक है। इसको लेकर वैभव कुमार के सहरसा और मुजफ्फरपुर समेत कुल 06 ठिकानों पर अलग-अलग टीमें छापेमारी कर रही हैं।



एसी घर के बाहर कुछ सुरक्षा कर्मी।

# उर्वरक की किल्लत व कालाबाजारी रोकने हेतु जिला पदाधिकारी का सख्त निर्देश

**थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के यहाँ सघन छापेमारी का आदेश, जिलें में प्रतिदिन 5,820 गैस सिलेंडर रिफिल की हो रही है आपूर्तिः दीपेश कुमार**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित भाइनिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन में जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार ने जिले में उर्वरक खाद की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने और संभावित किल्लत से बचाव हेतु कड़ा रुख अपनाया है।जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उर्वरक के सभी होलसेलर थोक विक्रेता एवं रिटेलर खुदरा विक्रेता के प्रतिष्ठानों और गोदामों पर तत्काल सघन छापेमारी सुनिश्चित करें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाद की जमाखोरी,कृत्रिम किल्लत पैदा करने की कोशिशों और अधिक कीमत पर विक्री ओवरचार्जिंग पर पूर्ण विराम लगाना है।जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जांच के दौरान यदि किसी भी दुकानदार या प्रतिष्ठान में स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक स्टॉक में कोई भित्रता या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध निम्नलिखित कार्रवाई की जाएगीः।संबंधित दुकानदार का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा।दोषी व्यक्तियों पर सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई आरंभ की जाएगी।जिले की वर्तमान स्थिति रिपोर्ट के आधार पर बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, जिले में पेट्रोलियम और गैस आपूर्ति की स्थिति संतोषजनक है, लेकिन संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया गया है। जिले में औसतन 7,922 मिलेंडरों की प्रतिदिन मांग है, जिसके विरुद्ध 5,820 रिफिल की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले में लगभग 3.3 दिनों का बैकलॉग है। जिले में वर्तमान में स्टॉक का स्तर एमएस पेट्रोल हेतु 39.3ज और एचएसडी डीजल हेतु 37.3ज बना हुआ है। जिले में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा 5,500 कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।जिला प्रशासन किसानों को आश्वस्त करता है कि खाद की उपलब्धता में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और विचैलियों या अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध ह्लजीरो टॉलरेंसह्ल की नीति अपनाई जाएगी।वही डीएम के निदेशानुसार अपर समाहर्ता विभागीय जांच गणेश कुमार,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चैधरी,जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार वर्णवाल,अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्रेयांश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिलांतर्गत विभिन्न प्रखंडों में अवस्थित खाद दुकानों,प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई,सभी संबंधित को जमाखोरी, कालाबाजारी, अनियमितता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



कालाबाजारी की जांच करते अधिकारी।

# गैस पेट्रोल एवं बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस करेगी उग्र प्रदर्शनः राजीव कुमार



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** वर्तमान समय देश में गैस, पेट्रोल, डीजल एवं बिजली बिल बढ़ोत्तरी को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पहुंच विधान परिषद के सदस्य राजीव कुमार ने मीडिया प्रतिनिधियों को कांग्रेस के आंदोलन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को ये पता था कि इजरायल एवं ईरान के बीच तनाव है।अमेरिका कभी भी युद्ध भड़का सकता है। बावजूद इसके प्रधानमंत्री इजरायल चले गये एवं हमारे दशकों पुराने मित्र इरान के दुश्मनों से मिले। इरान, अमेरिका एवं इजरायल के बीच युद्ध चल रहा है लेकिन हम भारत के लोग मुश्किल में फंसे हैं। रसोई गैस की किल्लत से घरों में चूल्हे नहीं जल रहे हैं। घंटों में लाइन में खड़े होने का बाद एक-एक सिलेंडर तीन-तीन हजार रुपये का मिल रहा है। जब सिलेंडर महंगे हुए तो लोगों ने बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हे खरीदे लेकिन सरकार ने शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक बिजली की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ा दी।पेट्रोल एवं डीजल का संकट शुरू हो चुका है।कई शहरों में लंबी-लंबी कतारें लग रही है। जरूरत की हर चीज महंगी होती जा रही है। जिसके खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतर रही है। दो अप्रैल को कांग्रेस पार्टी राज्य के सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन करेगी। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि आज ऐसा लग रहा है जैसे लुटेरों ने हमें चारों ओर घेर लिया है एवं जो मिल रहा है सबकुछ लूट रहे हैं। मोदी जी जब से आए हैं देश लाइन में खड़े-खड़े परेशान है। नोटबंदी हुई तो देश लाइन में खड़ा हुआ।अचानक बिना कोई राहत दिये लॉकडाउन लगा दिया। अब मोदी की गलती से गैस मिलना मुश्किल हुआ तो नीतीश जी को उसमे जनता को लूटने का अवसर मिल गया एवं उन्होंने बिजली महंगी कर दी। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने ठाना है कि जनता को मुश्किलों में डाल कर लूटने वाली इन सरकारों का डट कर मुकाबला करना है एवं इनको उखाड़ फेंकना है।इसकी शुरूआत हम दो अप्रैल से कर रहे हैं।

# प्रो महेंद्र झा को 'धात्री पात सन गाम' के लिए मिला साहित्य अकादमी का मूल पुरस्कार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कामनी ऑडिटोरियम में मंगलवार को भव्य समारोह में प्रो महेंद्र को साहित्य अकादमी सम्मान प्रदान किया गया।यह अविस्मरणीय पल मैथिली भाषा और साहित्य के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र झा को उनकी चर्चित कृति धात्री पात सन गाम के लिए साहित्य अकादमी का मैथिली भाषा में मूल साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है।यह सम्मान मिलने के बाद मिथिला क्षेत्र सहित पूरे साहित्यिक जगत में खुशी और गर्व का माहौल है। डा महेंद्र झा का जन्म 6 जनवरी 1947 को हुआ था। उन्होंने मैथिली में एम.ए. तथा पटना विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वे लंबे समय तक शिक्षण और साहित्य सृजन से जुड़े रहे। वर्ष 1971 से 2004 तक उन्होंने सहरसा कॉलेज के मैथिली विभाग में अध्यापन किया। बाद में 2004 से 2009 तक वे भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के पश्चिम परिसर पीजी सेंटर, सहरसा में विभागाध्यक्ष और मानविकी संकायाध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत रहे। 2009 में वे सेवा से सेवानिवृत्त हुए।श्री झा की साहित्यिक यात्रा बेहद समृद्ध रही है। उन्होंने कविता, संस्मरण, आलोचना और निबंध जैसी कई विधाओं में महत्वपूर्ण लेखन किया है। उनकी प्रमुख कृतियों में मेटायल पता पर अवैत चिट्ठी, 'दिक्पाल', 'पाठान्तर' समेत कई रचनाएं शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने मैथिली की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में कहानी, गीत, गजल और कविताएं भी लिखीं, जिनमें मिथिला की संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सरोकारों की गहरी झलक मिलती है।उनकी पुरस्कार प्राप्त कृति 'धात्री पात सन गाम' को मैथिली साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। इस पुस्तक में गांव, समाज और मानवीय संवेदनाओं को बेहद सजीव और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। साहित्य अकादमी द्वारा इस कृति को सम्मानित किए जाने से मैथिली भाषा और साहित्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।



साहित्य अकादमी पुरस्कार देते अतिथि।

# फाउंडेशन ऑफ साइंस एंड मैथमैटिक्स का जलवा, मैट्रिक में सैकड़ों छात्रों ने 400$ अंक लाकर लहराया परचम

**बच्चों को पलायन से बचाकर नजरों के सामने आगे की शिक्षा दिलायें अभिभावकः डॉ रजनीश रंजन**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा में एक बार फिर शिक्षा का परचम लहराते हुए फाउंडेशन ऑफ साइंस एंड मैथमैटिक्स कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के सैकड़ों छात्रों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने अभिभावकों का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे जिले और संस्थान का नाम भी रोशन किया। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में शहर के प्रेक्षागृह में मंगलवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि रजनीश रंजन, जेके जय सर, सुभाष सर और राजीव सर समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बच्चों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल उत्साह और गर्व से भर गया। इसके बाद मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर और अन्य सभी सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।संस्थान के डायरेक्टर रामचंद्र सर ने खुशी जताते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बच्चों ने बेहतरीन परिणाम देकर संस्थान की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हमारे यहां के बच्चे बिहार टॉपर बनकर संस्थान और सहरसा का नाम पूरे राज्य में रोशन करेंगे यही हमारी कोशिश है।वही डॉ रजनीश रंजन नें कहा कि संस्थान के बच्चों ने कठिन परिश्रम के बल पर यह सफलता प्राप्त किया है। उन्होने अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को जिला मे रहकर पढाई कराये। अपने बच्चों को पलायन से बचाकर अपने नजरों के सामने आगे की शिक्षा दिलायें।शहर में अब एक से बढ़कर शिक्षण व कोचिंग संस्थान खुल चुकी है। ऐसे में अपने बच्चों को कोटा,बेंगलूरू,पटना दिल्ली जाने की कोई आवश्यकता नही है। साथ ही उन्होने छात्र छात्राओ को मोबाइल से दुर रहने तथा ऑनलाइन शिक्षा के बदले किताबों से ही अपनी तैयारी करने की सलाह दी ताकि इंटरमीडिएट में भी मैट्रिक से अच्छी रिजल्ट अच्छे नंबर के साथ अच्छी रिजल्ट प्राप्त हो सके।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनीश रंजन।

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरा थाना अंतर्गत कार्यरत चोकीदार ने फर्जी दस्तावेज पर उठा लिए लाखो की राशि, न्यायालय के आदेश के बावजूद भी पुलिस चोकीदार पर नहीं कर रही है कार्रवाई

**पिपरा (सुपौल)।** खाकी का रौब भू-माफियाओं से तालमेल और भूमि संबंधित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों का संरक्षण जिसे प्राप्त हो उनके लिए वो कहावत सटीक है कि 'जैकर पिया कोतवाल ओकरा डर काहे का, कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है जो एक ग्रामीण चौकीदार वर्दी की आड़ में एक गरीब, लाचार मजदूर जो विभिन्न बिमारियों से ग्रसित रह रहे है व्यक्ति को पूर्वजों के नाम चल रहे जमाबंदी संख्या 1178 लगान रसीद वर्ष 2026 खतियान, वेस्टिंग, रिटर्न सहित सभी वेध दस्तावेज उपलब्ध होते हुए भी उन्हें चौकीदार के कारण वर्ष 2020 से ही विभिन्न न्यायालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है जो भूमि संबंधी मामलों की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करने के साथ साथ जिला के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों की ढुलमुल रवैया को भी उजागर करता है।

**क्या है मामला :** मामला सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड अंतर्गत पथरा उत्तर पंचायत के मौजा पथराजोल्हनियां की है जहां सुपौल अररिया रेलवे लाइन में खाता संख्या 1085 खेसरा 4453 रकवा 44.4 डीशमल भूमि रेलवे में अधिग्रहण की गई। उक्त जमीन की सभी वेध दस्तावेज पीडित पक्ष मुनिया देवी पति रामबहादुर पासवान के पूर्वज के नाम से अपडेट हैं इसके वाबजूद सरकार द्वारा दी गई उक्त जमीन की मुआवजा राशि 13 लाख 25 हजार 9 सो 2 रुपए जिला भू अर्जन कार्यालय में तैनात कर्मियों की मदद से गांव के ही गयाधर पासवान जो वर्तमान में ग्रामीण पुलिस ( चौकीदार) है अपने नाम से भुगतान करवा लिया। उक्त मामले को लेकर पीड़ित पक्ष अंचल कार्यालय से लेकर भू-अर्जन कार्यालय, डीसीएलआर कोर्ट, अपर समाहर्ता कोर्ट, समाहर्ता कोर्ट में अपने पूर्वजों के नाम चले आ रहे सभी वेध दस्तावेज प्रस्तुत किये। उपरोक्त सभी माननीय न्यायालयों ने प्रस्तुत दस्तावेज के अवलोकन के बाद पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया और माना कि साक्ष्य के आधार पर पीड़ित पक्ष मुनिया देवी को मुआवजा की राशि मिलनी चाहिए। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों ने फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर मुआवजा लेने वाले चौकीदार को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के नाम राशि जमा कराने के निर्देश दिए जो अबतक कागजों में ही सिमटा हुआ है। वर्दी का रौब इस तरह हावी है कि माननीय अपर समाहर्ता, समाहर्ता सुपौल कोर्ट में मुकदमा हारने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय ने पुलिस अधीक्षक महोदय सुपौल को पत्रांक 778 दिनांक 20.03.2023 के माध्यम गलत साक्ष्य के आधार पर भुगतान प्राप्त किए गये मुआवजा की राशि वसूली के लिए पत्र जारी कर कारवाई का निर्देश दिया। बाबजूद इसके अबतक चौकीदार गयाधर पासवान के द्वारा अवैध तरीके से उठाए गए उक्त राशि को जमा नहीं किया है । यहां तक कि पुलिस प्रशासन ने भी अबतक इनपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है । इधर पीड़ित पक्ष रेलवे में गई अपने पेतृक जमीन की राशि उठाव के लिए आलाधिकारी के चौखट खटखटाते रह गये है।

**चोकीदार को मिल रहा है विभाग का संरक्षण :** गलत साक्ष्य के आधार पर मुआवजा की राशि भू-अर्जन पदाधिकारी के नाम जमा नहीं करने पर जिला निलाम पत्र पदाधिकारी महोदय निलाम पत्र वाद संख्या 1065/2020 के आलोक में अपने पत्रांक 222-2 दिनांक 04.08.2023 को पत्र जारी कर पिपरा थानाध्यक्ष को चौकीदार गयाधर पासवान के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट के कार्यान्वयन को लेकर निर्देश दिया इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक महोदय को भी प्रेषित की गई बावजूद इसके खाकी की आड़ में गलत दस्तावेज के आधार पर भुगतान प्राप्त करने वाले जालसाज चौकीदार के उपर अबतक न तो कोई कारवाई नहीं हुई और ना ही फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्राप्त किए गये मुआवजा की राशि ही वापस की गई है । एक तरफ जहां जिला के वरीय अधिकारियों ने चौकीदार के विरुद्ध एसपी और थानाध्यक्ष को गिरफ्तारी से लेकर मुआवजा की राशि रिकवर करने का आदेश दिया है तो दूसरी तरफ चौकीदार ने न्यायालय में पीड़ित पक्ष के पूर्वज के नाम चले आ रहे जमाबंदी संख्या को रद्दीकरण का वाद दायर किया था जहां से भी उसे निराशा हाथ लगी। हाल ही में माननीय आयुक्त महोदय कोशी प्रमंडल सहरसा न्यायालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अपर समाहर्ता द्वारा प्रथम पक्ष की अपील नहीं सुनी गई जबकि पूर्व में अपर समाहर्ता द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रथम पक्ष को अपील के लिए पर्याप्त समय दिया गया जो साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए। आयुक्त महोदय के निर्देश पर पुनः अपर समाहर्ता के न्यायालय में मामला लंबित है अब देखना दिलचस्प होगा कि पूर्व में अपर समाहर्ता महोदय द्वारा जारी आदेश बरकरार रहती है या वर्तमान में कुछ और देखने को मिलता है। इधर पिडित पक्ष मुआवजा की राशि के लिए लगातार आलाधिकारियों के चौखट पर आये दिन हाजिरी लगाते थक गये है।

### राघोपुर में डीडीसी व एसडीएम ने गैस वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

**राघोपुर (सुपौल) ।** प्रखण्ड क्षेत्र के सिमराही स्थित गनपति एचपी गैस सेवा के गोदाम पर मंगलवार शाम करीब 3 बजे प्रशासनिक अधिकारियों ने गैस वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी सुपौल, वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार तथा बीडीओ सत्येन्द्र कुमार मौजूद थे । अधिकारियों ने



जांच पड़ताल करते डीडीसी व अन्य ।

गोदाम में उपलब्ध गैस स्टॉक और वितरण प्रक्रिया की बारीकी से जांच की गई । निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर मिल रहा है या नहीं। डीडीसी सुपौल ने बताया कि 29 मार्च का जिन उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग कराई थी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई और सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### एसडीएम सुपौल द्वारा गैस एजेंसी का किया गया निरीक्षण, निर्धारित दर पर गैस बिक्री के दिए निर्देश

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल द्वारा भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति की स्थिति की जांच की गई। संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा निर्धारित दरों पर ही गैस उपलब्ध कराई जाए। वहीं, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, किशनपुर द्वारा देवन एचपी गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का सत्यापन करते हुए गैस वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी या वितरण में अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


जांच पड़ताल करते एसडीएम

# डीएम-एसपी ने सिमराही स्थित उर्वरक थोक विक्रेता मेसर्स विकास आनंद के गोदाम का किया निरीक्षण

## उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण मेंअनियमित पर कार्रवाई के दिए संकेत

**सुपौल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी सावन कुमार, एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा संयुक्त रूप से राघोपुर प्रखंड अंतर्गत सिमराही स्थित थोक उर्वरक विक्रेता मेसर्स विकास आनंद के उर्वरक प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, स्टॉक पंजी, वितरण प्रणाली एवं निर्धारित दरों पर बिक्री की स्थिति की गहन जांच की गई। अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि किसानों को उर्वरक निर्धारित मूल्य पर एवं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो तथा किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न हो। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, वीरपुर, जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी भी उपस्थित थे जहां आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया।


उर्वरक जांच करते डीएम-एसपी।

## पिपरा में चार दिवसीय भगैत महासम्मेलन को लेकर निकली कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिला व पुरुष श्रद्धालु

**पिपरा (सुपौल) ।** अखिल भारतीय भ्रमणशील धर्म यज्ञ भगैत का, 63वां महासम्मेलन को लेकर मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बैलोखरा वार्ड 2 स्थित चार दिवसीय भगैत महासम्मेलन को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई, कलशयात्रा में 251 कुंवारी कन्याएं और महिलाओं ने भाग लिया। विभिन्न परिधानों में सजी संवरी कन्याएं और महिलाओं ने यज्ञ स्थल से गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ माथे पर कलश लेकर गांव के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए तिलावे नदी पहुंची जहां यज्ञाचार्य पंडित शम्भू यादव के द्वारा मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भरवाया गया और पुनः कलशयात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंचे और यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित कर विधि पूर्वक चार दिवसीय भगैत यज्ञ प्रारम्भ हुआ। आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि इस महासम्मेलन धर्म यज्ञ भगैत कार्यक्रम में जिलेभर के लोकगाथा भगैत मंडली के मुलगियान को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर लोकगाथा भगैत के विभिन्न पात्रों लोक देवता के प्रतिमा स्थापित की गई है जिसे देखने और पूजा अर्चना के लिए काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालु श्रोताओं के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कर बैठने की व्यवस्था सहित रात में ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था भी की गई है। यज्ञाचार्य शम्भु यादव दुगार्पुर एवं मालाधारी भुवनेश्वरी मंडल बैलोखरा के देख-रेख में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीण सूर्य नारायण यादव मुलगियान विदेशी यादव, अनिल यादव, बैजनाथ यादव, प्रभु यादव, हलधर यादव, उमेश यादव, मसूदन मंडल सहित समस्त ग्रामवासियों का सहयोग लिया जा रहा है।

## 11 हजार हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 14 वर्षीय बालिका झुलसी, विभाग पर लापरवाही के लगे आरोप

**वीरपुर (सुपौल)।** बसंतपुर प्रखंड के दीनबंधी पंचायत अंतर्गत कटैया वार्ड संख्या-1 में सोमवार की देर शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। घायल बच्ची की पहचान कटैया वार्ड-1 निवासी संतोष शर्मा की पुत्री कल्पना कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत वीरपुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार, कोसी-मेची लिंक परियोजना के तहत सिंचाई विभाग द्वारा भेंगा धार में सिल्ट सफाई एवं मिट्टी कटाई का कार्य कराया गया है। इस दौरान नहर के दोनों किनारों पर लगभग 30 से 40 फीट तक मिट्टी का ऊंचा टीला बना दिया गया है। इसी स्थान के किनारे से वर्षों पुरानी 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन गुजरती है, जिससे आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी डालने से पहले बिजली लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट नहीं किया गया। परिणामस्वरूप अब मिट्टी का टीला बिजली तार की ऊंचाई से भी ऊपर पहुंच गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति आसानी से तार के संपर्क में आ सकता है। यही लापरवाही हादसे का कारण बनी है ।


जमीन से कुछ ही दुरी पर लटकता ग्यारह हजार वोल्ट की तार।

**बिजली सिप्टिंग को लेकर सिंचाई विभाग एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी कर रहे है तमाशा**

स्थानीय लोगों ने बताया कि बांध के नीचे महादलित बस्ती स्थित है, जहां दर्जनों बच्चे प्रतिदिन खेलने के लिए बांध पर चले जाते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आश्चर्य की बात यह है कि मौके पर न तो किसी प्रकार की चेतावनी पट्टिका लगाई गई है और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं। दोनों विभागों के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने से आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई कर बिजली लाइन हटाने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। मामले में सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार ने कहा कि बिजली लाइन शिफ्ट करने की जिम्मेदारी बिजली विभाग की है जिसे सूचना दी गई हैं । वहीं बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि लाइन शिफ्टिंग का कार्य सिंचाई विभाग को करना है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा केवल सर्वे किया जाना है तथा खर्च का भुगतान सिंचाई विभाग को करना है। इस संबंध में 19 मार्च को सिंचाई विभाग को पत्र भी भेजा जा चुका है।

## गनपतगंज में महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, सामाजिक एकता और आस्था का दिखा संगम


शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु व अन्य ।

**राघोपुर (सुपौल)।** थाना क्षेत्र के गनपतगंज स्थित जैन मंदिर से मंगलवार को महावीर जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की सुंदर चित्रमय झांकी को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। रथ को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया था, जो पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बना रहा। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय नारों के साथ यह शोभायात्रा गनपतगंज बाजार सहित विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई निकली। श्रद्धालु ॄमहावीर स्वामी की जयॠ के जयघोष के साथ पूरे मार्ग में उत्साहपूर्वक शामिल रहे। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल में सराबोर नजर आया। अंततः शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर जैन धर्मावलंबियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के उपदेशों—अहिंसा, सत्य और करुणा—का स्मरण किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। शोभायात्रा के समापन के बाद मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

महावीर जयंती जैन धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जैन समाज के लोग उनके बताए मार्ग—अहिंसा, सत्य और सद्भाव—पर चलने का संकल्प लेते हैं और समाज में शांति एवं प्रेम का संदेश फैलाते हैं। गनपतगंज में आयोजित यह कार्यक्रम भी सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक बना। इस कार्यक्रम में बाबला बाबू, सुनील, अनिल भंडारी, समाजसेवी धीरेन्द्र यादव,विनय कुमार, दीनदयाल अग्रवाल, अंकित, सुमीत पगड़ियां, संजू पगड़ियां, नरेंद्र, सुरेंद्र, खजांची केदार माधोगरिया, दीनदयाल, राजेश अग्रवाल, राजेश पगरिया, नवीन, सोनू, अजित, छोटू जैन समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी के सहयोग और सहभागिता से यह आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### रामनगर में सड़क हादसा, दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

**नैनीताल।** रामनगर में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। कानिया चौराहे पर शाम करीब 7.30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रामनगर के ग्राम सावलदे निवासी तीन युवक अमित उर्फ दिगंबर पुत्र गोविंद सिंह (19 वर्ष), भास्कर पुत्र अमीर सिंह (21 वर्ष) और उमेश पुत्र वीरेंद्र सिंह (21 वर्ष) एक ही बाइक पर सवार होकर रामनगर की ओर आ रहे थे।

## लौकहा में हुआ धर्मराज सभा का आयोजन, इसे राजकीय दर्जा देने की उठी मांग

**सुपौल (एनएसबी)।** सदर प्रखंड अन्तर्गत लौकहा पंचायत में अखिल भारतीय लोकगाथा भगैत महासभा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्यस्तरीय भगैत महासम्मेलन के समापन के अवसर पर मंगलवार को धर्मराज सभा का आयोजन किया गया। धर्मराज सभा में सर्वसम्मति से लोकगाथा भगैत के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ॄभारत रत्नॠ , पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार की मांग भारत सरकार से किया गया। वहीं बिहार सरकार से धर्मराज महोत्सव को राजकीय महोत्सव की दर्जा दिलाने की मांग किया गया। धर्मराज सभा की अध्यक्षता करते हुए भगैत महासभा के संयोजक सह प्रवक्ता डॉ. अमन कुमार ने कहा कि लोकगाथा भगैत हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत दस्तावेज है। भगैत भारतीय संस्कृति की आत्मा है। जो जीवन के नैतिक मूल्य, निःस्वार्थ प्रेम, साहस, दया, करुणा, सब्र, कर्तव्य, भाईचारा और एकजुटता की सीख देती है। भगैत सभी धर्मो के सर्वश्रेष्ठ विचारों का अद्भुत संगम है। लोकगाथा भगैत मानवता की असली पाठशाला है। जिसमें धर्म, कर्म, कर्तव्य और प्रेम का पाठ पढ़ाया जाता है। मानवता सर्वोत्तम धर्म है। डॉ. कुमार ने कहा कि दाता धर्मराज की कथा सम्पूर्ण मानव जाति के लिए आवश्यक है। इंसानियत को मारकर धर्म को ऊपर उठाना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। कोई भी धर्म एक दूसरे से लड़ने के लिए नहीं बल्कि सद्भाव, प्रेम और भाईचारा के लिए बना है। बल्ड बैंक से खून लेते वक्त कोई नहीं पूछता है कि खून हिन्दू का है या मुस्लिम का, सिख का है या इसाई का या किस जाति का है पर और मामले में इतना बड़ा भेद-भाव समाज के लिए कहीं से उचित नहीं है।यज्ञशाला मंत्री गजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि आपसी संबंध सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण जैसा होना चाहिए।एक ने कुछ मांगा नहीं और दूसरे ने सबकुछ देकर कभी जताया नहीं।वार्षिक सभापति घिनाय यादव ने कहा कि आध्यात्म का मार्ग ज्ञानियों का मार्ग है। इसे अपनाने की आवश्यकता है। वार्षिक उपसभापति अनंत प्रसाद यादव एवं कोषाध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद यादव ने कहा कि भगैत भारतीय संस्कृति और सभ्यता की सर्वोत्तम प्रहरी है। भगैत श्रवण करने से मानव का कल्याण होता है।धर्मराज सभा में महासभा कोषाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, परमेश्वरी यादव, मासिक सभापति महेश्वरी यादव, यदुनंदन यादव, शिवन यादव,अच्छेलाल यादव, रामचन्द्र यादव, चंदेश्वरी यादव, गंगा बाबू, उमेश मेहता, छूतहरु भगत, खट्टर यादव, अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार यादव आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किए।

**कार्यक्रम के संयोजक सह प्रवक्ता डॉ. अमन ने सभा को किया संबोधित, कहा सभी धर्म सदभावना की देती है संदेश**


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. अमन व अन्य ।

## डीडीसी ने बाल गृह का किया निरीक्षण, व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त सारा अशरफ द्वारा वृहद आश्रय गृह स्थित बाल गृह, युनिट 01 एवं युनिट 02 में आवासित देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए देखभाल, भोजन, शिक्षा एवं मनोरंजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए बनाए गए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई तथा इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। दोनों गृहों में आवासित बच्चों के लिए उपलब्ध शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन कर इन्हें निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बच्चों के उनके परिवार में पुनर्वासन की स्थितियों की भी समीक्षा की गई। गृह में आवासित बच्चों से बात कर उन्हें दी जा रही सेवाओं की भी जानकारी प्राप्त की गई एवं जिम्मेवार को व्यवस्था सुधार के लिए निदेशित किया गया।





गंगा के कटाव से गांव को बचाने के लिए खगड़िया के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के माथार नाव घाट पर मां गंगा की पूजा करते ग्रामीण।

# कटाव पीड़ितों ने किया गंगा पूजन और उपवास

**खगड़िया (एनएसबी)।** रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के माथार नाव घाट पर गंगा कटाव से बचाव के लिए गंगा पूजन और उपवास का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के पूर्व सरपंच शिवनंदन यादव तथा मंच संचालन रामपुर गोगरी के मुखिया कृष्णानंद यादव ने किया।

**खगड़िया, बेगूसराय और मुंगेर की पांच पंचायतों रघुनाथपुर बरारी, टीकारामपुर, मध्य रहीमपुर, उत्तरी रहीमपुर और दक्षिणी रहीमपुर के गांवों पर कटाव का खतरा**

सर्वप्रथम हजारों महिलाओं ने गंगा पूजन कर गंगा मां से प्रार्थना की कि हे गंगा मां अब यहां से लौट जाइए तथा हमारे घर परिवार और खेत को सुरक्षित रहने दीजिए। सभी काटव पीड़ित परिवारों ने सरकार से आग्रह किया कि दियारा क्षेत्र को बचाने के लिए यथाशीघ्र 14 किलोमीटर का बंडाल निर्माण करें, जिससे खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर के पांच पंचायत रघुनाथपुर बरारी, टीकारामपुर, मध्य रहीमपुर, उत्तरी रहीमपुर और दक्षिणी




कटाव से बचाव के लिए उपवास पर बैठे ग्रामीण।

रहीमपुर का गांव तथा जमीन गंगा काटव से बच जाय।

मौके पर सभा को संबोधित करते हुए ई. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार हमारी मांगों को जल्द से जल्द मान ले अन्यथा बड़े आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि काटव पीड़ितों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाएं जिससे हमारी रक्षा हो सके। आंदोलन के नेतृत्वकर्ता युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि आंदोलन की सफलता विचारधारा पर निर्भर करती है। आज तक इतिहास गवाह है अहिंसक आंदोलन ही सफलता की सीढ़ी बनी है। चाहे आजादी की लड़ाई हो, चाहे छात्र आंदोलन जयप्रकाश आंदोलन की बात हो, चाहे अन्ना हजारे का आंदोलन हो और यह बड़ी लड़ाई भी अहिंसक तरीके से ही लड़ कर गंगा के कटाव से मुक्ति दिला सकते हैं। आंदोलन में भाग लेने वालों में जनार्दन यादव, राजद जिला अध्यक्ष मनोहर यादव, जदयू नेता सुमित कुमार चौधरी, सुभाष चंद्र जोशी, संजय यादव पैक्स अध्यक्ष रहीमपुर, उमेश प्रसाद सिंह, ललित चौधरी, पांडव यादव, पूर्व मुखिया टीकारामपुर मक्खन साह, योगेंद्र प्रसाद यादव, युवा शक्ति प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष यादव, बबलू यादव, उमेश यादव, सरजू यादव, नागो यादव, सूर्यनारायण यादव, अधिवक्ता गोपाल मंडल, शंकर यादव, पंचायत समिति सदस्य देवन यादव, सिंटू पासवान, जनार्दन यादव, प्रफुलचंद्र घोष, पांडव यादव पूर्व मुखिया टीकारामपुर, अरविंद यादव, साहब यादव, शशि पासवान, उदय यादव, प्रमोद यादव सहित हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। आंदोलन का समर्थन करते हुए सभी नेताओं ने गंगा मां को साक्षी मानकर संकल्प लिया कि इस आंदोलन को तन मन और धन से साथ देंगे। तब तक लड़ाई लड़ते रहेंगे जब तक सरकार द्वारा कटाव का स्थाई समाधान नहीं किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाने की ली शपथ

**महेशखूंट।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बन्नी घाट पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गंगा आरती कर गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर गोगरी बीडीओ रघुनंदन आनंद ने बताया कि जल है तो कल है थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोगरी प्रखंड के सभी गंगा ग्राम में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। गंगा में कूड़ा, कचड़ा व पॉलीथिन नहीं डालने तथा नहाते हुए साबुन तथा कपड़े को धोते समय डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग नहीं करने की शपथ लोगों को दिलायें। प्रखंड समन्वयक सुभाष कुमार ने बताया की गंगा मुक्ति दाती कहलाती है। गंगा को मां की दर्जा दिया गया है। इसलिए गंगा को स्वच्छ, सुन्दर व निर्मल बनाने के लिए सभी की जिम्मेवारी बनती है। थीम के अनुसार सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को काम करना है। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद पासवान, स्वच्छता पर्यवेक्षक गणेश कुमार, दुलारचंद कुमार, अरुण कुमार, संजय तिवारी आदि मौजूद थे।

### रामधुनी यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश शोभायात्रा

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के पचौत गांव में तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। यज्ञ को लेकर मंगलवार को 401 कुमारी कन्याओं ने सकरोहर पंचायत अंतर्गत चनंदह भगवती स्थान पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा पाठ कर मंदिर का परिभ्रमण करते हुए कलश लेकर रवाना हुई। कलश शोभा यात्रा धरक्का सिंह वासा होते हुए पुनर्वास गांव होते हुए कलश शोभा यात्रा पचौत गांव का भ्रमण करते हुए भगवती स्थान यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कुमारी कन्याओं के लिए ग्रामीणों ने हर चौक चौराहे पर शुद्ध पानी की व्यवस्था की थी। तीन दिवसीय रामधुनी यज्ञ में पांच मंडली शामिल है। वहीं रामधुनी यज्ञ को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने सुरक्षा दृष्टिकोण से करीब पचास वालंटियर की व्यवस्था की गई है।

### अखिल भारतीय भगैत का 77 वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र कुर्वन पंचायत अंतर्गत सठमा गांव में अखिल भारतीय भगैत का 77वां वार्षिक अधिवेशन का समापन हो गया। यह सम्मेलन तीन दिनों से हो रहा था। उक्त सम्मेलन में बिहार राज्य के एक दर्जन से अधिक जिले के भगैत मंडली शामिल हुई। वहीं मंगलवार को सम्मेलन के समापन से पहले भगती सुनने वाले श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी। भगत सम्मेलन के साथ-साथ हवन भी हो रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि 77वें भगैत सम्मेलन में कई जिले के पनियार शामिल हुए। भगैत होने से वातावरण बना रहता है। सम्मेलन में गांव के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव, सचिन चित्तलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, गुरदेव सिंह, उप सरपंच करुण शर्मा, पंच विनोद यादव, फैनी यादव, अंबुज यादव, सुलोचन यादव, पप्पू यादव, वार्ड सदस्य बेचन सिंह, विजय यादव, गुडेह शर्मा का भरपूर योगदान रहा।

### पान सम्मान दिवस पर दो हजार लोग जाएंगे पटना

**खगड़िया।** बापू सभागार पटना में आयोजित होने वाले पान सम्मान दिवस कार्यक्रम की सफलता को लेकर आईआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आईपी गुप्ता के साथ बैठक हुई। बैठक में आईआईपी के कई वरीय कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर, शिक्षक नेता मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बैठक में खगड़िया से कम से कम 2000 लोगों को बापू सभागार ले जाने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में अशोक देव, मनोज तांती, वरुण कुमार सिंह, मोहन जायसवाल, बबलू कुमार सिंह, पिंटू तांती, शिवम सिंह, संजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

### महद्दीपुर के राजकीय दुर्गा मेला में दंगल का आयोजन

**खगड़िया।** महद्दीपुर में आयोजित चार दिवसीय राजकीय दुर्गा मेला इस बार पहलवानों के अदम्य साहस और रोमांचक दांव पेच का गवाह बना। मेले के मुख्य आकर्षण दंगल प्रतियोगिता में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों सहित पड़ोसी देश नेपाल से आए दिग्गज पहलवानों ने अपनी ताकत और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन कर जनसमूह का दिल जीत लिया। इस मुकाबले में नेपाल के गोपाल पहलवान, महाराजगंज के रविंद्र और अभिषेक तथा गोरखपुर के सन्नी एवं सर्वेश जैसे नामी पहलवानों ने अखाड़े में अपनी चमक बिखेरी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे गाजीपुर से संजय, चंदौली से इरफान, अयोध्या से रमाकांत और मथुरा से बंटी एवं मांगे पहलवान ने प्रतिद्वंद्वी को चित्त करने के बेहतरीन कौशल दिखाए। दिल्ली के गुरु हनुमान अखाड़े से आए विशाल और मानू पहलवान ने भी अपने दांवपेच का लोहा मनवाया। आगरा के सचिन, गौरव, राहुल, सूरज, सुरेश, भीम और विष्णु जैसे जांबाज योद्धाओं ने दंगल को और भी रोमांचक बना दिया। स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर पश्चिम चम्पारण के अमित, अवधेश, रितेश और रोहियार बंगलिया के दीपक, राज कुमार, बलवीर, राजू एवं अमरेश ने भी अपने साहस से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। उसरी और पौरा के पहलवानों ने भी कड़े संघर्ष के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### कोशी साइंस क्लासेज में 80 विद्यार्थियों का सम्मान



**खगड़िया।** जिले में एक बार फिर शैक्षणिक उत्ष्टता का नया इतिहास रचते हुए कोशी साइंस क्लासेज ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। संस्थान ने न केवल अपने शानदार परिणाम से जिले का नाम रोशन किया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और समर्पण से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में कोसी साइंसेज के परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में करीब 80 ऐसे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 12वीं परीक्षा में 400 से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान और अपने परिवार का नाम गर्व से ऊँचा किया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, गर्व और प्रेरणा से भरा हुआ था, जहाँ हर छात्र की सफलता को विशेष रूप से सराहा गया। समारोह के दौरान ज्ञैब् के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शर्टकट नहीं होता। अनुशासन, नियमित अभ्यास और सही दिशा में मेहनत ही वह मूल मंत्र है, जो किसी भी विद्यार्थी को ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है। शिक्षकों ने यह भी कहा कि जो छात्र अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहते हैं, उनके लिए कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। कार्यक्रम में संस्थान के सीएडी मनीष कुमार सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योतिष मिश्रा एवं डायरेक्टर राजीव कुमार चौहान शामिल थे।

### सत्संग समाज को सही दिशा देता है : मनोहर

**खगड़िया।** जिले अलौली विधानसभा क्षेत्र के धुसमुरी विशनपुर में आयोजित भव्य सत्संग कार्यक्रम काराजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने विधिवत फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सत्संग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्संग समाज को सही दिशा देता है और यह आत्मिक विकास का सर्वोत्तम माध्यम है। इससे व्यक्ति के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है और समाज में सद्भावना का वातावरण बनता है। कार्यक्रम में नेपाल बर्डर से पधारे राष्ट्रीय संत श्री श्री असंग देव जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर भी उपस्थित लोगों को मिला।

# अगलगी में 12 बकरियों की जलने से गयी जान

## बकरी पालन से परिवार का होता था भरण-पोषण

नवसंदेश ब्यूरो

**पसराहा।** महद्दीपुर वार्ड संख्या 9 में बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक आग लगने से भारी तबाही हुई। इस अगलगी की घटना में पूनम देवी के बासा पर बंधी दो बकरियां, सात खस्सी और तीन मेमने जिंदा जल गए। मवेशियों के साथ-साथ घर में रखे एक साइकिल और खेत पटवन करने वाला फीता भी पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

**ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद बुझायी आग, सूचना मिलने के बाद भी मौके पर देर से पहुंची दमकल की गाड़ी**



अगलगी के बाद घटनास्थल पर जमा गांव के लोग।

पीड़िता पूनम देवी ने बताया कि वह बकरी पालन के जरिए अपने परिवार का सहारा बन रही थी। उन्होंने सरकार से मिली सहायता राशि के दस हजार रुपये भी इसी व्यवसाय में लगा दिए थे, जो अब राख में तब्दील हो चुके हैं। पूनम के पति रंजीत सिंह बाहर रहकर मजदूरी करते हैं और बड़ी मुश्किल से परिवार का भरण-पोषण होता है। घटना के तुरंत बाद पसराहा थाना को सूचना दी गई, लेकिन जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचती, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ताकि अन्य घरों को बचाया जा सके। आग कैसे लगी किसी को पता नही है। इस दुखद घटना की जानकारी परबत्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी को दे दी गई है, ताकि पीड़ित परिवार को उचित सरकारी मुआवजा मिल सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अविलंब सहायता की मांग की है।

# महावीर जयंती पर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड के रोहियार पंचायत बंगलिया गांव में महावीर जयंती के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति से बंगलिया गांव में भव्य कलश शोभा यात्रा निकालकर 48 घंटे के रामधुनि महायज्ञ का शुभारंभ किया गया ळें वही कलश यात्रा की शुरुआत धर्मेंद्र सिंह उर्फ डोमी सिंह के दरवाजे स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण से हुई।

सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता में यात्रा पूरे गांव का परिभ्रमण करते हुए मां कात्यायनी मंदिर, ब्राह्मणी मंदिर और दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद पुनः हनुमान मंदिर परिसर में कलश स्थापित किया गया। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर 48 घंटे तक चलने वाले रामधुनि महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रामधुनि महायज्ञ का रोहियार पंचायत के मुखिया भुजंगी यादव, पैक्स अध्यक्ष साकेत कुमार उर्फ बबलू, कृषि सलाहकार उमाकांत सिंह, जदयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदेश्वरी राम, जदयू नेता रतन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता ऋषि कुमार सिंह, मनीष कुमार शिक्षक, फंटूश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। यज्ञ में दूर-दराज से आई रामधुनि मंडलियां भाग ले रही हैं और भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय हो गया है।

**गांव की सुख-शांति और समृद्धि के लिए 48 घंटे के रामधुनि महायज्ञ का शुभारंभ**

आयोजक धर्मेंद्र सिंह उर्फ डोमी सिंह ने बताया कि यह आयोजन गांव की सुख-शांति और समृद्धि के लिए किया जा रहा है, जिसमें सभी ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। पैक्स अध्यक्ष साकेत कुमार उर्फ बबलू ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। जदयू पंचायत अध्यक्ष रतन सिंह ने कहा कि इससे युवाओं में भी धार्मिक आस्था और संस्कार का विकास होता है। सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक मनीष कुमार ने कहा कि रामधुनि जैसे कार्यक्रम लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। कृषि सलाहकार सह सामाजिक कार्यकर्ता उमीकांत सिंह, रामोतार सिंह, डॉ. ऋषि कुमार, इंद्रदेव सिंह, दिनेश सिंह, सुबोध सिंह, फंटूश सिंह, रविंद्र सिंह, सुजीत यादव, अभिषेक आनंद उर्फ मन्नू, मनीष कुमार, ललित कुमार, अजीत कुमार, रोहित कुमार, ललन सिंह, रामोतार सिंह, छोटू सिंह, अजेश सिंह, रवि कुमार, लड्डू लाल सिंह, देवेंद्र सिंह, रामपुकार सिंह सहित बड़ी संख्या में बंगलिया गांव के ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# प्रगति पत्रक पाकर छात्र नजर आये प्रफुल्लित



**खगड़िया (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक में मध्य विद्यालय अलौली में अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच बच्चों को प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। बच्चे प्रगति पत्रक पाकर काफी प्रफुल्लित नजर आए। इस अवसर पर बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार, शिक्षिकाएं किरण कुमारी, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी और कंचन कुमारी मौजूद थीं। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा ब्यूटी कुमारी ने भी पौधा रोपण किया। बताते चलें कि ब्यूटी कुमारी मध्य विद्यालय अलौली की आठवीं वर्ग की छात्रा हैं जो जिला स्तरीय समिति द्वारा चयनित होकर राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड में शामिल हुईं और पूरे राज्य में 13वें स्थान पर रहीं। मौके पर प्रमुख ने कहा कि प्रधानाध्यापक काफी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। वर्ष 1917 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वच्छता अभियान पर अपने ट्विटर के माध्यम से उनकी सराहना की थी। जिला पदाधिकारी आलोक रंजन घोष एवं डीडीसी अभिलाष शर्मा ने भी इन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम की सराहना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने भी की।

# मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा पुरस्कृत

खगड़िया **(एनएसबी)**। मैट्रिक परीक्षा 2026 में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र- छात्राओं को सनराइज कोचिंग सेंटर पुर्वी ठाठा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां दर्जनों उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को मेडल, डायरी एवं कप द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें छात्र आदित्य कुमार द्वारा 469 अंक लाने पर कोचिंग संचालक ने आदित्य को कप डायरी एवं 11 सौ रुपये नगद राशि देकर सम्मानित किया। जबकि राहुल कुमार 439, रितिका कुमारी 433, अमित कुमार 430, मृत्युंजय कुमार 427, प्रीतम कुमार 426, प्रत्युष कुमार 425, सोनम 424, सत्यम कुमार 423,शुमभ कुमार 418 , जागृति कुमारी 411 , भावना कुमारी 411, सनी कुमार 406, शिवम कुमार 405 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से पास होकर अपने गांव का नाम रौशन किया। इधर मुख्य अतिथि मानसी प्रखंड प्रमुख सुशांत कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार सिकन्दर आजाद वक्त एवं कोचिंग के निदेशक देवराज गंधर्व सहित उपस्थित शिक्षकों ने संयुक्त रुप से सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्त किया। अतिथियों ने कहा की मेहनत हमेशा रंग लाती है। अतिथियों ने छात्र छात्राओं को आगे भी मेहनत कर पढ़ाई करने पर जोर दिया। अतिथियों ने कहा की सनराइज कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान किया जा रहा है, जिसके बदोलत दर्जनों छात्र छात्राओं ने प्रथम अंक प्राप्त कर कोचिंग का नाम तो रौशन किया ही है। विधालय एवं परिवार का भी नाम रौशन किया है। मौके पर धीरेन्द्र कुमार, चन्द्रशेखर, पंकज कुमार, अजय सिंह, ललित ठाकुर, बलवीर यादव, प्रकाश कुमार, राजीव राज आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव, सम्मान समारोह और विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित




**खगड़िया (एनएसबी)।** शहर स्थित पारामाउंट पब्लिक स्कूल सह आइडियल कोचिंग सेंटर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दक्षिण बिहार के प्रांत संगठन मंत्री दिनेश कुमार उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य भरत सिंह जोशी तथा 2 कल्याणपुर हाई स्कूल की पूर्व प्राचार्या उषा देवी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक आलोक कुमार आजाद एवं कुमारी प्रगति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न वैज्ञानिक मडल और प्रोजेक्ट्स को देखकर अतिथि काफी प्रभावित हुए। अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय और अभिभावक का सहयोग महत्वपूर्ण : शशिकांत

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय तांतीटोला बभनगामा में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आज की थीम प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ - साथ था। संगोष्ठी के संचालक विशिष्ट शिक्षक शशिकान्त कुमार ने अभिभावकों का स्वागत किया तथा दिए गये थीम पर अपनी बातें रखीं।

**नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित**

उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवेश से लेकर प्रगति तक बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय और अभिभावक का सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप अपने बच्चों पर थोड़ा विशेष रूप से ध्यान दीजिए। बच्चों को रोज विद्यालय भेजें, बच्चे विद्यालयी पोषाक में हो, साफ-सुथरे कपड़े, बालिकाओं के बाल बांधे हुए हों तो कितना सुन्दर लगेगा। इससे बच्चे स्वच्छता, समयबद्धता के प्रति सजग होंगे। प्रधान शिक्षक पवन कुमार ने कहा आप अपने बच्चों के पास एक घंटा घर में पढ़ते समय जरूर बैठें। उनसे पूछें कि वो आज क्या क्या पढ़कर आए हैं, होमवर्क में क्या मिला कौन सी बातें आज अच्छी लगी, सुलेख लिखा है या नहीं इन सब बातों से बच्चों को लगेगा कि हमारे अभिभावक देखते हैं, पूछते हैं तो वह ध्यान से पढ़ेगा। बच्चों के लिए रूम का एक कोना बनाएं। शिक्षक अरुण तिवारी ने बताया कि अगर आपके बच्चा किसी की पेंसिल लेकर आता है, विद्यालय का खिलौना लेकर आता है तो आप कहें कि सर से पूछकर लिये हो, अगर नहीं तो बिना पूछे लेना गलत है। बिना पूछे किसी का भी कोई सामान लेना गलत है। कुछ बच्चे अपने सहयोगी को गाली दे देते हैं। मैं उन्हें समझाता हूं अपशब्द या गाली से कोई आपका मित्र नहीं बनेगा। ये अच्छी बात नहीं। हमें अच्छी अच्छी बातें बोलनी चाहिएं। आप भी अभिभावक के तौर पर बच्चों को समझाइए। माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं और परिवार प्रथम पाठशाला। शिक्षिका शवनम कुमारी ने अभिभावकों को अपने घर के अनामांकित बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने और निः शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के लाभ से लाभान्वित होगें सभी अभिभावकों ने तालियां बजाकर सहमति जताई। अंत में सभी बच्चों को प्रगति पत्र दिया गया। कक्षा एक से पांच तक के सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण बच्चों को सम्मानित किया गया। शिक्षक अनिल कुमार ने सभी बच्चों को और मेहनत करने की सलाह एवं ढेघ्रों शुभकामनाएं दीं। शिक्षा सेवक कैलाश कुमार ने बच्चों प्रतिदिन विद्यालय आने को जोड़ दिया।




# दूसरी शादी से मना करने पर पति ने की मारपीट

**गोगरी (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर ग्राम कचहरी में मंगलवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सरपंच नूर आलम ने की। बैठक में दो मामलों की सुनवाई हुई। इनमें एक दिवानी, एक फौजदारी था। सरपंच नूर आलम ने बताया कि रामपुर ग्राम कचहरी क्षेत्र के वार्ड नं 02 निवासी नूसरत खातून ने एक लिखित आवेदन गोगरी थाना को देते हुए ग्राम कचहरी में भी मामला को दायर दाखिल की, जिसमें आवेदिका नुसरत खातून ने अपने पति महबूल्ला उर्फ महबूब, ससुर अब्दुल जब्बार के विरुद्ध दूसरी शादी से मना करने पर पति के खिलाफ मारपीट कर घर से भगाने से संबंधित शिकायत दर्ज करायी है। जिसमें मामले की पूरी गहनता से जांच पड़ताल कर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति ने गुनाह को स्वीकार किया। लेकिन आपसी समझौते के तहत प्रथम बार पत्नी ने पति को मांफ कर मामले का निष्पादन के लिए अनुरोध किया। वही मामले में बाण्ड पेपर भरकर निष्पादन किया गया। वही रामपुर वार्ड नं 05 निवासी मो सुभान ने अपने पड़ोसी मो सदरूल व मो अहमद के विरुद्ध सामूहिक रास्ते को बंद करने से संबंधित शिकायत दर्ज कराया। उपस्थित दोनों पक्षों ने अपनी अपनी ब्यान दर्ज कर दूसरी सुनवाई में जमीन संबंधित दस्तावेज जमा करने का अनुरोध किया। जिसे ग्राम कचहरी ने स्वीकार कर अगली सुनवाई हेतु तिथि निर्धारित की। इस बैठक में ग्राम कचहरी सचिव सोनी प्रियंका, न्याय मित्र प्रेमलता कुमारी,पंच कैलाश साह, दीपनारायण ठाकुर, कुमारी हलता सिंह, निरंजन पंडित, मोबिना खातून, समाजिक कार्यकर्ता शमशेर आलम सरवर आलम, वार्ड सदस्य फेयाज आलम, खुर्शीद आलम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# मैट्रिक व इंटर के टॉप 10 छात्र-छात्राएं सम्मानित

**मुंगेर।** जिले में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के टपर सहित टप टेन छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें भी दी।

मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव सहित अन्य उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने बताया की यही जिले के लिए हर्ष की बात है की मुंगेर जिले के छात्र छात्राओं द्वारा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया गया है। इसमें छात्राओं का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है, जिन्होंने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की है। इसके लिए सभी छात्राएं एवं उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं। आप सभी इसी तरह अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें। लड़कियों का परीक्षा परिणाम इस बात का प्रमाण है के वो शिक्षित समाज के निर्माण के लिए खुद को सशक्त बना रहीं हैं।



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का जो संकल्प लिया है उसमें आप सभी अभिभावक को भी इसी तरह आगे बढ़कर अपने बच्चों में बिना किसी भेदभाव के उन्हें शिक्षित करना होगा। एक शिक्षित समाज के निर्माण की परिकल्पना भी तभी सम्भव है जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे और इसके लिए अभिभावकों को भी अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों से कुछ प्रश्नों के सवाल भी किए जिसके जवाब से वो काफी संतुष्ट हुए तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। उन्होंने कहा के आप सभी देश का भविष्य हैं और देश के निर्माण में आप सभी का भी अहम योगदान होता है। इसलिए आप सभी पढ़ाई के क्षेत्र के साथ ही अन्य खेल एवं विधाओं में भी खुद को प्रदर्शित करें तथा अपने प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ें।

मैट्रिक के टप टेन छात्र छात्राओं में उच्च विद्यालय मँझगायं की राखी कुमारी 478 अंक के साथ 95.6: अंक प्राप्त कर जिला टपर बन जिले का नाम रोशन की है। जबकि उच्च विद्यालय लोहची के ऋतिक कुमार ने दूसरा, गांधी उच्च विद्यालय के लोकेश भारद्वाज ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उसी प्रकार शांभवी कुमारी चौथे, श्वेता कुमारी पांचवे तथा सोनाली प्रिया ने छठा स्थान प्राप्त किया है जबकि प्रीति कुमारी, मोनालि कुमारी, श्यामा कुमारी, प्रिया कुमारी तथा कोमल कुमारी जिले में सातवें स्थान पर रहीं।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट में कला संकाय में चंद्रशेखर सिंह बालिका उच्च विद्यालय की खुशी पाण्डेय ने पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहजहां प्रवीण एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर की नाज खातून द्वितीय तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर की कहकशा प्रवीण ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त की है।उसी प्रकार वाणिज्य संकाय में टाउन उच्च विद्यालय.2 के पंकज कुमार प्रथम एवं रिया कुमारी केशरी द्वितीय स्थान तथा आरडीएसवाई कलेज की रितिका कुमारी तीसरा स्थान प्राप्त की हैं।विज्ञान संकाय में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमजापुर की साक्षी कुमारी ने प्रथम, गवर्नमेंट इंटर कलेज मुंगेर के सिद्धांत कुमार ने द्वितीय तथा उच्च विद्यालय चन्दनपुरा जमालपुर के सागर कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## रेल में 40 साल सेवा देने वाले 16 रेल कर्मियों का सम्मान पूर्वक दी गई विदाई

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल कारखाना जमालपुर में रेल कर्मियों को अत्यंत सम्मान पूर्वक विदाई सादा समारोह आयोजित कर दी गई। अधिकारी सभा कक्ष में रेल कर्मियों को विदाई सम्मान करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा यह भारतीय रेलवे की एक परंपरा है, जहाँ लंबी सेवा 30-40 वर्ष के बाद कर्मचारियों को भावभीनी विदाई समारोह के साथ सम्मानित किया जाता है। यह परंपरा जमालपुर कारखाना में वर्षो से निभाने की परंपरा चली आ रही है।

जिसको वर्तमान में भी अधिकारी कर्मचारी यूनियन के सहयोग से पूरा करने का किया जा रहा है।सीडब्ल्यूएम ने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के मौके पर कर्मवीर रेल कर्मियों के व्यक्तिगत रूप से उनका सम्मान करते हुए उनके निष्ठावान, ईमानदार व समर्पित सेवाओं की सराहना करते हैं।वही सेवानिवृत्ति के दिन ही अंतिम निपटान के कागजात, सेवा प्रमाण पत्र और अक्सर उपहार या स्मृति चिन्ह देकर विदा किया जाता है।



रेलकर्मी को विदाई देते सीडब्ल्यूएम।

यह पल अधिकारी कर्मचारी के लिए बड़ा ही भावुक भरा होता है। सहकर्मी अपने विदा ले रहे साथियों के अनुभव को याद करते हैं और उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हैं। विदाई से सम्मान समारोह में लेखा अधिकारी अमर कुमार, एपीओ अश्विनी कुमार, सहायक कल्याण पदाधिकारी संजय तांती साहित सेवानिवृत्ति होने वाले रेल कर्मी में पुलंदु विश्वास, निरंजन कुमार सिंह, क्रांति कुमारी, प्रमोद कुमार मंडल, मनोहर तांती, विजय कुमार यादव, शंकर कुमार चौरसिया, अरविंद कुमार शर्मा, शंभू कुमार सिंह, दिलीप कुमार, ब्रह्मचारी संजीव कुमार, बल्की राम, विपिन पासवान, मोहम्मद इकलाम सहित कई शामिल थे।

## सब्जी के बोरे में सप्लाई किया जा रहे शराब की खेप बरामद

### 234 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ लड़ैयाटांड़ थाना के रोशन हुए गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम जमालपुर स्टेशन के पार्सल अफिस समीप से 234 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र के घटवारी निवासी रोशन कुमार बताए गए हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि पार्सल बोरा में शराब की खेप को लाया जा रहा है। इसी सूचना पर कई दिनों से इसकी निगरानी आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम कर रही थी। मंगलवार को हावड़ा गया ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म पर लगी तो गिरफ्तार शराब तस्कर सब्जी के बोरी को लेकर बाहर निकल रहा था। जिसे रोक कर पूछताछ करते हुए बोरी को खोल कर देखा गया तो उसमें 234 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। बरामद शराब मामले में करवाई की जा रही है। विदित हो कि आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम संयुक्त टीम के द्वारा चलाए जा रहे अभियान से सकारात्मक परिणाम सामने देखा देखा जा रहा है।



बरामद शराब गिरफ्तार शराब तस्कर की जानकारी देते आरपीएफ।

## पर्यावरण प्रहरी राम विलास शाण्डिल्य और भगवान महावीर के जन्मदिवस पर पर्यावरण भारती ने किया पौधारोपण

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के चानन प्रखंड के कुन्दर में मंगलवार को पर्यावरण प्रहरी राम बिलास शाण्डिल्य के जन्म दिन तथा जैन पंथ के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2,625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर पर्यावरण भारती द्वारा विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत आम के चार, बेल का एक और अशोक का एक पौधा रोपा गया, जिसका नेतृत्व पर्यावरणविद संजीत कुमार यादव ने किया।


वृक्षारोपण करते लोग।

इस अवसर पर पर्यावरण भारती के संस्थापक राम बिलास शाण्डिल्य ने देशवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि भारत की 140 करोड़ से अधिक की जनसंख्या यदि अपने जन्म दिन पर केवल एक पौधा लगाने का संकल्प ले, तो बिना किसी सरकारी खर्च के प्रतिवर्ष 140 करोड़ पेड़ लग सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ती जनसंख्या और जंगलों की अंधाधुंध कटाई से वायु प्रदूषित हो रही है और गिद्ध व गौरैया जैसे पक्षी विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने बताया कि धरती पर संतुलन के लिए 33 प्रतिशत वृक्ष अनिवार्य हैं, जबकि वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत जंगल ही बचे हैं, जिसके कारण बेमौसम बारिश, आंधी और वज्रपात जैसी आपदाएं किसानों और आम जनमानस को नुकसान पहुँचा रही हैं। शाण्डिल्य ने वैश्विक जल संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि युद्धों के कारण खाड़ी देशों में पीने के पानी की भारी कमी हुई है और भविष्य का विश्व युद्ध पानी के लिए ही होगा। विनाशकारी हथियारों की होड़ से बचने के लिए उन्होंने पौधारोपण को एकमात्र विकल्प बताया। कार्यक्रम में पर्यावरणविद सरिता शंकर ने लोगों से पानी बचाने, पलिथीन का बहिष्कार करने और बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ रखने की अपील की।

अवकाशप्राप्त शिक्षक मिथिलेश कुमार ने प्रति के पंचतत्वों का महत्व समझाते हुए बताया कि पर्यावरण भारती 2008 से अब तक 1,23,633 पौधे लगा चुकी है। उन्होंने सभी से धरती का सच्चा रक्षक बनने का आह्वान किया। समाजसेवी सुनील कुमार ने दोनों महापुरुषों के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि जहाँ भगवान महावीर ने अहिंसा का मार्ग दिखाया, वहीं 1965 में खगड़िया के भरतखंड में जन्मे इतिहास के शिक्षक राम बिलास शाणि-डल्य वृक्षारोपण के माध्यम से मानवता की सेवा कर रहे हैं। इस अभियान में श्रीमती सरिता शंकर, रणधीर कुमार, सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, संजीत कुमार यादव, राम बिलास शाण्डिल्य, अरविंद कुमार, योगेश कुमार, हिमालय, संदीप वत्स, राकेश कुमार, अक्षत राज और दीपक कुमार सहित कई पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## बड़हिया में विकास की बयार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने 5.45 करोड़ की 9 योजनाओं की दी सौगात

लखीसराय (एनएसबी)। बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह-नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र लखीसराय के बड़हिया में विकास कार्यो को नई गति दी। महावीर जयंती के पावन अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज में शांति व सद्भाव का संदेश दिया। इसके उपरांत, नगर विकास एवं आवास विभाग (बुडको) के माध्यम से नगर परिषद बड़हिया के विभिन्न वार्डो में मूलभूत सुविधाओं को सुदृ करने हेतु उन्होंने कुल घ्5,44,99,784 (लगभग घ्5.45 करोड़) की लागत वाली 9 योजनाओं का भव्य उद्घाटन, शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। नगर परिषद क्षेत्र में जल निकासी और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यो को सार्वजनिक किया गया। उद्घाटन की गई योजनाओं में वार्ड 07 और 12 में श्रीधर सेवा आश्रम से मुर्गी फार्म तक सड़क व नाला निर्माण, वार्ड 10 से 16 तक छभ्-80 से गणेश मंदिर तक त्ब्ब नाला व सड़क, वार्ड 11, 13, 15 व 10 में पकार टाल से शीतला स्थान तक निर्माण, वार्ड 21-22 में जुगल सिंह बंगला से बच्चन सिंह के घर तक, वार्ड 24 में विजय सिंह के बथान से रामविलास कुमार के घर तक और वार्ड 06 में मुरारी सिंह के घर से प्रेम कुमार के घर तक च्ब्ब सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही, बिपिन सिंह के घर से मुन्ना सिंह के घर के बीच नए पुल के निर्माण एवं वार्ड 02 में गुपेश महतो के बथान से छभ्-80 तक सड़क व नाला निर्माण का शिलान्यास किया गया। वहीं, यूको बैंक से सूर्यनारा बाबू के घर होते हुए मस्जिद तक च्ब्ब सड़क एवं त्ब्ब नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। ये सभी योजनाएं वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत स्वीत हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लखीसराय का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से नागरिकों को जलजमाव की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी और आवागमन सरल होगा। उन्होंने श्आगे बढ़ता लखीसराय, विकसित हो लखीसरायश के नारे के साथ क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, जिला मंत्री अमित कुमार, बड़हिया नगर अध्यक्ष अमित कुमार, नरोत्तम कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन के बाद श्री सिन्हा ने लखीसराय विधानसभा प्रधान कार्यालय में श्जन कल्याण संवादश के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को उनके त्वरित निवारण के निर्देश दिए।


फीता काटते डिप्टी सीएम ।

# महादलित टोला के सैकड़ों परिवार जल नल कनेक्शन से अब तक वंचित

## अल्टीमेटम-48 घंटा में जल नल कनेक्शन का काम शुरू नहीं होने पर आंदोलन उग्र होगा

**जमालपुर (मुंगेर)।** जल ही जीवन है लेकिन बढ़ती हुई भीषण गर्मी के कारण नगर परिषद जमालपुर के कई जल स्त्रोत अब सूख गए हैं कोई भी चापानल अब काम नहीं कर रहा है, सरकारी पाइपलाइन जलापूर्ति योजना अब भी दर्जनों वार्ड में अधूरी पड़ी हुई है। तथा कई वार्डो में अब मेंटेनेंस के अभाव में योजनाएं दम तोड़ रही है। वर्तमान मामला नगर परिषद जमालपुर के वार्ड संख्या 23 एवं 26 जनता मोड़ के आसपास का क्षेत्र जहां डोमासी एवं राउत टोला के महा दलित बस्ती में अब तक नल जल कनेक्शन नहीं हो पाने के कारण आम परिवार अब भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

एक तरफ नगर परिषद अपने सैकड़ो करोड़ों रुपए के बजट से शहर के विकसित होने का दावा कर रही है वहीं शहर के बाजार क्षेत्र में ही मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव रहने से सारे दावे के पोल खुल जा रहे हैं।मंगलवार को काफी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने जनता मोड से दास टोला तक निर्माण होने वाली सड़कों से पूर्व हर घर में नल जल कनेक्शन के मांगों के साथ अपने हाथों में बाल्टी, गैलन आदि लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोग डीएम साहब पानी दो, हर घर में नल जल कनेक्शन देना होगा, नगर परिषद जमालपुर मुर्दाबाद, बुडको मुर्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे।वार्ड पार्षद साईं शंकर एवं बृजमोहन राउत ने कहा कि पिछले साल जमालपुर सदर बाजार की मुख्य सड़क बनने से पहले बचे हुए सभी नल जल कनेक्शन को कर दिया गया था। लेकिन वर्तमान में जनता मोड़ से दास टोला तक सड़के निर्माण से पूर्व अब तक सैकड़ो घरों में नल जल कनेक्शन बचा हुआ है।


पानी के लिए सड़क किनारे बैठे महादलित परिवार।

भीषण गर्मी को देखते हुए नल जल कनेक्शन से वंचित परिवारों को अति शीघ्र कनेक्शन कर दिया जाना चाहिए।मौके पर कोमल देवी, गंगा देवी, रीता देवी, ममता देवी, वीणा देवी, सुबोध मंडल, प्रकाश राउत, अरुण कुमार, प्रीतम कुमार, राजन राउत आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपीपीसीएस में सफलता प्राप्त होनहार युवक सत्य प्रियदर्शी ने जिले का बढ़ाया मान सम्मान

**मुंगेर।** जिले के होनहार युवक कुमार सत्यप्रियदर्शी सुपुत्र प्रोफेसर ओम प्रकाश सहाय गोपालन एवं वीणा सहाय ने यूपीपीसीएस में सफलता प्राप्त कर असिस्टेंट कमिश्नर (उद्योग) के पद पर चयनित होकर अपने परिवार के साथ जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने आईआईटी खरगपुर से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद लगातार मेहनत और लगन के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। उनका अंतिम लक्ष्य यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त कर आईएएस बनना है, जिसके लिए वे पूरे समर्पण, उत्साह और ढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनके पिता मुंगेर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सेवानिवृत्त डीन रहे हैं, जबकि माता एक गृहिणी हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उनके सभी छह भाई-बहनों ने मुंगेर का नाम रोशन किया है।बहनें एक आईटी कंपनी में सीनियर मैनेजर है, एक सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की वकील है, एक डक्टर और एक पत्रकार है, वहीं उनके छोटे भाई डक्टर हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, धैर्य, परिवार के आशीर्वाद ,गुरु जनक किशोर प्रसाद तथा अपनी दिवंगत दादी सहित सभी बड़ों के मार्गदर्शन को दिया है।


कुमार सत्य प्रियदर्शी।

### अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर-क्यूल रेलखंड के पवई हल्ट के पास मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान लखीसराय नगर थाना क्षेत्र के बड़ी पोखर निवासी सन्नी के रूप में हुई। वह बबलू मंडल का छोटा बेटा था और एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था।जानकारी के अनुसार सन्नी 28 मार्च को अपने दोस्त के बुलावे पर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 30 मार्च को पवई हल्ट के पास रेलवे ट्रैक किनारे उसका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। जमालपुर जीआरपी ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेजा और पहचान के लिए तस्वीरें जारी कीं। तस्वीर के आधार पर पहुंचे स्वजन ने कपड़ों से उसकी पहचान की।मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि सन्नी की हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंका गया है, ताकि इसे हादसा दिखाया जा सके। उन्होंने बताया कि मृतक का मोबाइल और बाइक अब तक नहीं मिला है, जिससे संदेह और गहरा गया है।फिलहाल पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

### 21 से रेल खंड पर चलेगी पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

**जमालपुर (मुंगेर) ।** आगामी गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्तभीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने भागलपुर और दिल्ली के बीच विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। दिल्ली-भागलपुर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई के बीच प्रत्येक मंगलवार को (13 ट्रिप) दिल्ली से 11रू45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13रू30 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, 04061 भागलपुर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन भागलपुर से 16रू30 बजे प्रस्थान करेगी। 22 अप्रैल से 15 जुलाई के बीच प्रत्येक बुधवार को (13 ट्रिप) यह ट्रेन अगले दिन रात 8रू10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्वी रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सुल्तानगंज, जमालपुर और अभैपुर स्टेशनों पर यह ट्रेन रुकेगी। ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित सीटें होंगी।उपरोक्तविशेष ट्रेनों की बुकिंग की तिथि की सूचना शीघ्र ही देने की बात रेल प्रशासन ने कही है।

### सवा दो लीटर अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

लखीसराय (एनएसबी)। बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से मद्यनिषेध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में मद्यनिषेध थाना लखीसराय द्वारा दिनांक 30 मार्च 2026 को मेदनीचौकी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम ने मेदनीचौकी के वंशीपुर (वार्ड नंबर-07) में दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कैलाश महतो, पिता-स्वर्गीय महेश महतो को पकड़ा। आरोपी के पास से पुलिस ने 02.250 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की है। पुलिस रिकर्ड के अनुसार आरोपी स्थानीय स्तर पर शराब बेचने का काम करता था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। मद्यनिषेध विभाग का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि नशामुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके।


- गिरफ्तार धंधेबाज

### मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार 15 मोबाइल और 15 बाइक बरामद

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले के रामगढ़चौक थाना अंतर्गत पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मोबाइल चोरों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से छीने गए कुल 15 मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली एक त15 रेसिंग मोटरसाइकिल बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की दो प्रमुख घटनाएं दर्ज की गई थीं। पहली घटना 12 मार्च 2026 को हुई थी, जिसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरी प्रभात रंजन से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। दूसरी घटना 24 मार्च 2026 को हुई, जिसमें बहादुर मिस्त्री नामक व्यक्ति के साथ झुलौना गांव के समीप इसी तरह की लूटपाट की गई थी। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की निगरानी में रामगढ़ चौक थाना पुलिस लगातार आसूचना संकलन और रेकी कर रही थी। इसी क्रम में 30 मार्च 2026 को जब रामगढ़चौक थाना की टीम झुलौना के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक त15 रेसिंग बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना घर शेखपुरा जिला बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि वे मुख्य सड़क पर चलने वाले राहगीरों से मोबाइल छीनकर तेज रफ्तार रेसिंग बाइक का फायदा उठाकर फरार हो जाते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शेखपुरा जिले के सिरारी थाना अंतर्गत पैगम्बरपुर निवासी विपिन कुमार (पिता जयराम यादव) और एक विधि विरुद्ध बालक के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर शेखपुरा के विभिन्न स्थानों से कुल 15 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस सफल छापेमारी टीम में रामगढ़चौक थानाध्यक्ष पुअनि चुन्नू कुमार सिंह के साथ पुअनि एकता कुमारी, महेश कुमार, सअनि राजकुमार, पीटीसी मनोहर कुमार, शैलेश कुमार त्यागी और चौकीदार रामविलास पासवान, रौशन राज किरण व सुभाष कुमार शामिल थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


बरामद फोन।

# बच्चे को मोबाईल और इंटरनेट से दूर रखें अभिभावक : डॉ. अर्चना सिंह

**आरा (एनएसबी)।** स्थानीय 'शान्ति स्मृति' सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय शुभ नारायण नगर मझौंवा तथा 'शारदा स्मृति' सम्भावना पब्लिक स्कूल मौलाबाग आरा में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल जारी हुआ। परीक्षाफल सह-पुरस्कार वितरण-2026 का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डा. कुमार द्विजेंद्र तथा प्राचार्या डा. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में प्ले ग्रुप से ग्यारहवी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 75 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया।

वही कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक अपनी कक्षा में सभी सेक्शन मिलाकर टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। संभावना पब्लिक स्कूल, मौला बाग, आरा के टॉपर बच्चो के नाम क्रमशः सूर्याश सिंह (नर्सरी), प्रियांशु कुमार (एलकेजी), ऋषभ यादव (यूकेजी), राजवर्धन राज (कक्षा-1), कुश यादव (कक्षा-2), जयेश कुमार (कक्षा-3), आरुषि कुमारी (कक्षा-4) और शिक्षा (कक्षा-5) हैं। वही 'शांति स्मृति' संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौंवा, आरा के टपर छात्र-छात्राओं के नाम क्रमशः आराध्या कुमारी (पीआरईपी), तान्या अर्फशा (एलकेजी), शिवम त्रिमूर्ति (यूकेजी), सम्राट कुमार सिंह (कक्षा-स), नंदनी कुमारी (कक्षा-2), आयुष सिंह (कक्षा-3), आलिया करीम (कक्षा-4), वारिश शफी (कक्षा-5), शौर्य कुमार (कक्षा-6), साक्षी कुमारी (कक्षा-7), अमृत राज (कक्षा-8), निशांत कुमार एवं सफीना करीम (कक्षा-9), एवं अदिति कुमारी (कक्षा-11) हैं।


बच्चों को दिया गया प्रमाण-पत्र और पुरस्कार।

**10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर रिजल्ट देते हैं संभावना के बच्चे : डॉ. द्विजेन्द्र**

**संभावना पब्लिक स्कूल एवं संभावना आवासीय उवि का वार्षिक परीक्षाफल घोषित**

**प्ले ग्रुप से कक्षा 11वीं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले 75 बच्चों को दिया गया प्रमाण-पत्र और पुरस्कार**

**नर्सरी से कक्षा 11वीं तक अपनी कक्षा में सभी सेक्शन मिलाकर टपर रहे बच्चों को मिला विशेष पुरस्कार**

मौके पर प्राचार्या डा.अर्चना सिंह ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चों के लिए तथा उनके अभिभावकों के लिए विशेष दिन है। विद्यालय के लगभग 200 बच्चे अपनी कक्षा के विभिन्न खण्डों में 90 से 100 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये है। जिन बच्चों को पुरस्कार मिला है, उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा की जो बच्चे आज इस मंच से पुरस्त नहीं हुए है, वे और मेहनत करे, ताकि अगले वर्ष की वार्षिक परीक्षा में पुरस्कृत हो सके। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने बच्चे को मोबाईल और इंटरनेट से दूर रखें। अपने बच्चे के साथ-साथ उनके दोस्तों पर भी नजर रखें।

वही निदेशक डा. कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि संभावना विद्यालय में लगभग 27 सौ छात्र-छात्राएँ अध्यनरत है। हमारे बच्चे आतंरिक परीक्षा में जितना बेहतर रिजल्ट देते है, उससे ज्यादा बेहतर सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा-10 व 12 के बोर्ड परीक्षाओं में रिजल्ट देते है। प्रति वर्ष हमारे विद्यालय के 40 से 50 बच्चे 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं, उन्होंने कहा की आज वार्षिक परीक्षा-2026 का परीक्षाफल घोषित होने के बाद अगले एक सप्ताह तक सभी अभिभावकों को अनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं को दिखाया जाएगा। साथ ही, शिक्षक अभिभावक संवाद (पीटीएम) का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि अभिभावक अपने बच्चों के शिक्षकों से रूबरू हो सके और अपनी समस्याओं को शिक्षकों के साथ साझा कर सके।

अगामी 1 से 7 अप्रैल तक विद्यालय में सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से जानकारी हासिल कर सकें और उत्तर पुस्तिकाओं का स्वावलोकन कर सके। साथ ही, अभिभावक अपने बच्चों का वर्ग उत्तीर्णता प्रपत्र (सीपीएफ) भी जमा करेंगे।

विद्यालय के परीक्षा प्रभारी राजेश रमण ने बताया कि विद्यालय के कुल-2783 बच्चों में से 70 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त किया है। शेष बच्चों का औसत अंक 60 प्रतिशत के आस-पास रहा है।

धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। उन्होंने कहा कि संभावना विद्यालय अनुशासन के साथ बेहतर शिक्षा के लिए जाना जाता है। हमारे शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन पर पैनी नजर भी रखते है। हमारा विद्यालय वैसे बच्चे जो पढ़ने में कमजोर है, उन पर विशेष ध्यान देता है। हम बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए कृत सकल्पीत है।

संचालन विद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज अरविन्द ओझा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा, शिक्षक/कर्मचारी सहित काफी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहें।

## सख्त हुआ प्रशासन : पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों की हुई जांच

**कोईलवर (एनएसबी)।** मंगलवार को कोईलवर प्रखंड में गैस तथा पेट्रोल-डीजल के अवैध भंडारण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत कोईलवर , चंदा, गीधा के विभिन्न पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों की औचक जांच की गई। जांच अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने किया। उनके साथ बीपीआरओ कुणाल राज एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनीषा कुमारी भी मौजूद रहीं। अधिकारियों की टीम ने बारीकी से स्टक रजिस्टर, माप-तौल की व्यवस्था, सुरक्षा मानकों तथा लाइसेंस संबंधी कागजातों की जांच की। अधिकारियों ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि कहीं अवैध रूप से गैस सिलेंडरों या पेट्रोल-डीजल का भंडारण तो नहीं किया जा रहा है।

साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, सीसीटीवी व्यवस्था और उपभोक्ताओं को सही मात्रा में ईंधन दिए जाने की भी पड़ताल की गई। जांच के दौरान कुछ स्थानों पर आवश्यक अभिलेखों के संधारण में हल्की अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर संबंधित संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए गए।

हालांकि कहीं भी बड़े स्तर पर अवैध भंडारण की पुष्टि नहीं हुई। बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने स्पष्ट कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के बीच सतर्कता बढ़ी है, वहीं आम लोगों में भी भरोसा जगा है कि प्रशासन अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**आरा (एनएसबी)।** डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, आरा में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रिजल्ट डे सेलिब्रेशन 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को ट्रफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा अनुसार प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, आरा।

विद्यालय के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा तथा प्राचार्या रोजी पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि: "हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। आने वाले सत्र में और बेहतर शिक्षा, अनुशासन एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ छात्रों को आगे बढ़ाया जाएगा।"

इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा प्रणाली, अनुशासन एवं प्रबंधन की सराहना की तथा अगले सत्र 2026-27 के लिए अपने बच्चों के नामांकन को लेकर उत्साह दिखाया।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## शिक्षा से बढ़कर कोई अमूल्य धन नहीं : मंटु


बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने टॉपर छात्रा को किया सम्मानित।

**गड़हनी (एनएसबी)।** प्रखंड के शांतिनगर वार्ड नं-02 में मैट्रिक की परीक्षा में राज्य में 5 वां रैंक लाने पर अली हसन मंसुरी की सुपुत्री नसरीन प्रवीण को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ भोजपुर इकाई के तरफ से अंगवस्त्र, डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने किया। उन्होंने बताया कि परिवार और समाज के लोग अपने बच्ची की उपलब्धि को देखकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान सचिव परमेश्वर पासवान, गड़हनी प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव जय बिहारी पासवान, जगदीशपुर महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, अगिआंव प्रखंड अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, सचिव उपेन्द्र पासवान, उदवन्तनगर प्रखंड के अध्यक्ष रितेष कुमार, बीएसटीए के प्रखण्ड अध्यक्ष अभिनव कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ गड़हनी के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक विनोद कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## आरा नगर निगम में एक टैक्स वसूली के मांग पर आज टेम्पो चालकों की हड़ताल : क्यामुद्दीन अंसारी

**टेम्पो चालकों द्वारा हड़ताल के समर्थन में जिला कलेक्टर पर धरना : किरण प्रसाद**

**आरा (एनएसबी)।** भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संवाददाताओं को बताया कि दिनांक 1 अप्रैल 2026 को टेम्पो युनियन के आह्वान पर टेम्पो चालक हड़ताल पर रहेंगे तथा कल आरा शहर में टेम्पो,ई-रिक्शा नहीं चलेगा। भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि इस हड़ताल के समर्थन में टेम्पो चालक युनियन के सचिव किरण प्रसाद के नेतृत्व में एक टेम्पो, ई-रिक्शा से पुरे शहर में प्रचार किया गया तथा नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। टेम्पो चालकों के नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा नगर निगम टेम्पो चालकों से टैक्स वसूली सभी हदें पार कर दिया है एक टेम्पो चालक को एक दिन में अधिकतम 150 ღ तक टैक्स देना पड़ता है । भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा नगर निगम में एक शहर एक टैक्स प्रणाली लागू करने की मांग पर यह हमारा आंदोलन चल रहा हैआरा नगर निगम की मेयर भ्रष्ट हो चुकी है तथा मेयर - ठेकेदार सांठगांठ से जबरन टेम्पो चालकों से मनमाने तरीके से टैक्स वसूली जाती है। टेम्पो, ई-रिक्शा चालक संघ के नेता किरण प्रसाद ने कहा कि हम नगर निगम के मनमाने ढंग से टैक्स वसूली के खिलाफ हड़ताल कर जिला पदाधिकारी के समक्ष कल धरना देंगेक्ा.किरण प्रसाद ने सभी टेम्पो, ई-रिक्शा चालकों से आह्वान किया कि वे कल के आंदोलन में शामिल हो। हड़ताल के समर्थन में स्टेशन परिसर,गोपाली चौक,बस स्टैंड,धरहरा,गांगी, पुरानी पुलिस लाइन सहित शहर के सभी चौक चौराहे पर प्रचार व नुक्कड़ सभा किया गया। इस प्रचार दल में शामिल थे भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी, टेम्पो, ई-रिक्शा चालक संघ के सचिव किरण प्रसाद,राजु खान,सुनिल कुमार व रोहित कुमार थे।

# एसएन मेमोरियल स्कूल में 'मेधा का महाकुंभ' सफलता की गूंज और प्रतिभाओं का सम्मान

**आरा (एनएसबी)।** आरा, गौसगंज गांगी : शिक्षा जब समर्पण से मिलती है, तो परिणाम 'उत्सव' बन जाते हैं। आरा के प्रतिष्ठित एस एन मेमोरियल स्कूल में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। यह केवल एक रिजल्ट डे नहीं था, बल्कि नन्हे सितारों की मेहनत और शिक्षकों के अटूट संकल्प का एक भव्य संगम था। समारोह की अध्यक्षता कर रहीं विद्यालय की संचालिका डा. स्मिता सिंह ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा भर दी। उन्होंने न केवल छात्रों को ट्रॉफी और मेडल से नवाजा, बल्कि एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए एक्टिव पैरेंट अवार्ड की शुरुआत की। शिक्षा एक त्रिकोण है शिक्षक, अभिभावक और छात्र। जब ये तीनों एक लय में चलते हैं, तभी राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होता है। डा. स्मिता सिंह ने कहा कि इस सफलता के पीछे शिक्षकों की एक समर्पित फौज खड़ी है, जिन्होंने ग्रामीण परिवेश के बच्चों में आत्मविश्वास भरा है। विद्यालय के प्रांगण में जब इन मेधावियों के नाम गूंजे तो पूरा हल तालियों की गड़गड़ाहट से भर गया। इस वर्ष के गौरव कक्षा प्रथम द्वितीय तृतीय प्ले ग्रुप अथर्व सिंह (97.75 प्रतिशत), आयुष सिंह, जन्नत फातमा और पारुल नर्सरी विनायक मिश्रा (97.5 प्रतिशत), जीवा पांडेय, तनुष सिंह एल के जी अंकिता कुमारी (92.75 प्रतिशत), शानवी सिंह, अनुराग कश्यप यूकेजी सक्षम सिंह (94.75 प्रतिशत),कृति कुमारी, आराध्या सिंह हैं। अभिभावकों ने विद्यालय के पर्सनल गाइडेंस मडल की जमकर प्रशंसा की। शिक्षिकाएं अन्नू कुमारी, नाहिद रूबी, नीमा सोनी मीरा, पुतुल प्रियंका, कोमल स्येदा, प्रीति और शिक्षक धीरज सिंह, आशीष उत्तम, अमित, राहुल, बादल, पिंकू गोस्वामी, नवीन एवं चंदन सिंह ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## संक्षिप्त खबरें

### भास्कर समिति की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**आरा (एनएसबी)।** शहर के अनाइठ हनुमान नगर स्थित सिमोरा सदन में रविवार को जिला भास्कर समिति भोजपुर की समीक्षात्मक बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ चन्द्रशेखर मिश्र ने की। बैठक का शुभारम्भ भगवान भास्कर की वंदना से की गई। इस अवसर पर पूर्व बैठक की सम्पुष्टि करते हुए विगत 15 मार्च को शहर के नागरी प्रचारिणी सभागार में सम्पन्न हुई जिला सम्मेलन सह समान समारोह की खूबियों और त्रुटियों की समीक्षा की गई। वक्ताओं ने सम्पन्न हुए कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों के लिए कुछ सुझाव भी व्यक्त किया, जिसपर अमल करने के लिए विचार विमर्श करने की बातें की गई। संचालन संगठन के सचिव वैद्य राघव मिश्र ने की। मौके पर पंकज कुमार, योगेश्वर पाठक, अरूण कुमार, उदय मिश्र, डॉ नित्यानंद जी, देव कुमार मिश्र, मुन्ना बाबा, जयशंकर जी, पुरूषोत्तम पाठक, मृत्युंजय पाण्डेय, दिव्यांशु भास्कर, शंभू नाथ मिश्र, मनोरंजन, रामेश्वर मिश्र, सुनिल मिश्र, दयाशंकर पाठक एवं डॉ शंभू पाठक आदि थे।


भास्कर समिति की समीक्षात्मक बैठक।

### योगेंद्र इंस्टीट्युट ऑफ ट्रेनिंग ट्रेनिंग में सार रचना की विज्ञान प्रदर्शनी (एनाटमी प्रदर्शनी) का संगीत कार्यक्रम

**आरा (एनएसबी)।** अनाईठ में स्थित इंस्टीट्यूट इंस्टीट्यूट ऑफ कोचिंग ट्रेनिंग में विज्ञान प्रदर्शनी (शारीरिक संरचना की विज्ञान प्रदर्शनी) का आयोजन किया गया जिसमें एडोथ (एएनएम) जीएनएम (जीएनएम) और बीएससी (बीएससी) के बच्चों ने भाग लिया और शरीर के अंगों का नमूना तैयार कर चित्रित किया। जिसमें मानव पाचन तंत्र (मानव पाचन तंत्र), मानव हृदय (मानव हृदय), मानव संचार प्रणाली (मानव परिसंचरण) शामिल थे। प्रणाली) गर्भाशय (गर्भाशय), फेफड़ा (फेफड़े), श्वास तंत्र (श्वसन प्रणाली, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन (बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन) आदि के आदर्श थे। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानव शरीर की संरचना के बारे में बताना और उनके कार्य के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था, शिष्य ने सरल भाषा में सारी नमुनो के समागम किये। संचालक सरोज कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा व्यावहारिक और प्रायोगिक ज्ञान, आलोचनिक सोच और समस्या समाधान एवं वैज्ञानिक ष्टिकोण में वृद्धि होती है। आयोजन में प्रबंधन सरोजो कुमार काव्य राज, अंकिता कुमारी, गौतम कुमार, ममता राज, गुडिया कुमारी) एवं अभैको ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।


शारीरिक संरचना की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन।

### एक दिवसीय महिला फुटबल टूर्नामेंट का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** शहर के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय महिला फुटबल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के सिवान और झारखंड के राँची की टीम ने भाग लिया जिसमें सिवान की टीम चौम्पियन बना मैच शुरू होते ही दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे के गोलपोस्ट पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया मैच के 25 वे मिनट में राँची टीम के जर्सी नंबर 10 गोल्डी ने गोल कर अपने टीम को बढ़त दिला दी लेकिन मैच 70 मिनट पर सिवान की जर्सी नंबर 9 ने एक सुन्दर गोल कर स्कोर को बराबरी पर ला दिया जो कि अंत तक बरकार रहा अंत में ट्राई ब्रेकर हुआ और उसमें सिवान की टीम ने बाजी मारी और खुद को चौम्पियन बनाया दिया मैच में निर्णायक की भूमिका में राजकुमार, नंद गोपाल, सुनील कुमार और रवि रंजन ने थे। मौके पर ऋतुराज चौधरीवीश कुमार शिक्षक आनंद मोहन प्रताप सिंह समाजसेवी विकास सिंह छोटू सिंह सहयोगी के रूप में उत्सव राठौर, अभिमन्यु कुमार, मणि कुमार, मृत्युंजय कुमार, रघुराज तिवारी, विकास कुमार राय, शिवम कुमार, यश कुमार, रोहन कुमार के साथ साथ हजारों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।


महिला फुटबल टूर्नामेंट का आयोजन।

### गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के समापन पर महुली गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन

**आरा (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति, भोजपुर के द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के समापन अवसर जिला पदाधिकारी भोजपुर के निर्देश अनुसार पर महुली गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, भोजपुर, जिला जल एवं स्वच्छता समन्वयक, भोजपुर, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति नमामि गंगे, भोजपुर सहित नागदा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई, जिसके पश्चात संध्या बेला में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। आरती के दौरान पूरा घाट दीपों की रोशनी और भक्ति भाव से जगमगा उठा, जिससे वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक हो गया। इस मौके पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने कहा कि "गंगा हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए ऐसे आयोजनों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है।

## खबरें : एक नजर में

### विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा व अधिकारियों ने किया चैता कार्यक्रम का आगाज, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने अतिथियों को किया सम्मानित

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह किला परिसर में चैत्र मास के अवसर पर भव्य दुगोला चौता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा, एसडीओ संजीत कुमार, डीएसपी राजेश कुमार शर्मा और बीडीओ क्रांति कुमार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। । कार्यक्रम में आए हुए लोगो के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री कुशवाहा ने कहा कि पुरानी सांस्तिक विरासत को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने चौता को "मिट्टी की सुगंध" बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए ऐसे पारंपरिक आयोजन आवश्यक हैं। विधायक इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों और उपस्थित जनता को बधाई दीउन्होंने भविष्य में और भी बड़े स्तर पर सांस्कृतिक आयोजन करने का भरोसा दिलाया। लोक गायकों का मुकाबला पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में हरेंद्र उर्फ बुड्ढा व्यास और रामाशंकर व्यास के बीच मुख्य मुकाबला हुआ, जिसे सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। संयोजक मुकेश कुमार गुड्डू ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, बल्कि लुप्त हो रही लोक संस्ति को सहेजना और युवाओं में जागरूकता पैदा करना है। मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### गीधा में शराब सेवन के आरोप में तीन गिरतार, भेजे गए जेल

**कोईलवर (एनएसबी)।** गीधा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब सेवन के आरोप में तीन लोगों को गिरतार किया है। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि गिरतार आरोपियों में धीरज कुमार, रौशन कुमार एवं रवि शंकर राय शामिल हैं। धीरज कुमार चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव का निवासी है, जबकि रौशन कुमार गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी रामेश्वर राय का पुत्र है। वहीं रवि शंकर राय चांदी थाना क्षेत्र के भदवार गांव निवासी वकील राय का पुत्र बताया गया है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर जांच कराई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार और सेवन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

### बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार ातक के छात्र को रौंदा, मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया रोड जाम

**आरा (एनएसबी)।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के समीप मंगलवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक का बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को लेकर आसपास की इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। उधर, घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। सूचना पाकर गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंचल महथा पुलिस के साथ मौके में पहुंच लोगों को समझाने-बुझाने लगे। पुलिस के काफी मान-मनौव्वल के बाद लोगो ने जाम को हटवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी कमलेश सिंह का 20 वर्षीय पुत्र आकाश सिंह है। वह ातक का छात्र था। इधर, मृतक के चचेरे चाचा ने बताया कि सोमवार को वह बाइक द्वारा गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव अपने फुआ के घर घूमने गया था। मंगलवार की सुबह जब वह बाइक द्वारा वापस गांव लौट रहा था। उसी दौरान कारीसाथ फोरलेन पर बेलगाम ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां अनीता देवी व चार बहन नेहा, निधु, निशा एवं एकता है। मृतक के छोटे भाई विकास सिंह की मौत भी ट्रेन की चपेट में आने से कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी।

### किराना दुकान से साढ़े पांच किलो गांजा बरामद, दुकानदार गिरतार, पटना के एएनटीएफ की सूचना पर पीरो थाना पुलिस को मिली सफलता

**आरा / पीरो (एनएसबी)।** पीरो थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव की एक किराना दुकान से गांजे की बिक्री की जा रही थी। पटना की एएनटीएफ की सूचना पर सोमवार की रात पीरो पुलिस की टीम ने दुकान में छापेमारी की। तब इसका खुलासा हुआ। पुलिस ने दुकान से साढ़े पांच किलो गांजा बरामद किया गया। साथ ही भाग रहे दुकानदार अनूप कुमार को भी गिरतार कर लिया गया है। अनूप कुमार जमुआंव गांव निवासी चुनमुन साह का पुत्र है। वह गांव में किराने की दुकान चलाता है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि सोमवार की देर शाम पटना की एएनटीएफ की ओर से सूचना मिली कि जमुआंव गांव के चौधरीयान टोला में चुनमुन साह की किराना दुकान में गांजे की बिक्री की जा रही है। उस आधार पर तत्काल गांजे की बरामी को लेकर पीरो थाने की पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गयी। टीम में शामिल अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस और दंडाधिकारी के तौर पर प्रतिनियुक्ति प्रभारी अंचलाधिकारी सह ग्रामीण विकास अधिकारी मोहसीन खान के साथ जमुआंव गांव चौधरियान टोला निवासी चुनमुन साह की दुकान पहुंचे। तलाशी के दौरान उसकी दुकान से दो पन्नी में पैक साढ़े पांच किलो गांजा बरामद किया गया। उसके बाद दुकानदार अनूप कुमार को गिरतार कर लिया गया। उससे पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इस मामले में दुकानदार अनूप कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# 2024 बैच के बिहार कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



बिहार कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में 2024 बैच के बिहार कैडर के 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विरूपाक्ष विक्रम सिंह, प्रिया रानी, कृष्णा जोशी, प्रेम कुमार, सैयद आदिल मोहसिन, अजय यादव, सुरज कुमार, विग्नेश टीए, जतिन कुमार, के परीक्षित, महेश कुमार एवं श्रीमती कशिश बख्शी ने अपनी टेजनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में 03 महिलायें और 09 पुरूष हैं। इनमें 04 बिहार के, 03 राजस्थान, 02 दिल्ली के, 01 हरियाणा, 01 तमिलनाडु एवं 01 झारखंड के रहनेवाले हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आईएएस अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी जानकी नवमी पर श्री राम कथा के सफल आयोजन के लिए हनुमान ध्वज पूजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जगद्गुरु तुलसी पीठाधीश्वर श्री राम भद्राचार्य जी के सान्निध्य में माता सीता जन्मभूमि पुनौरा धाम, सीतामढ़ी में जानकी नवमी के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य श्री राम कथा कार्यक्रम की सफलता हेतु



हनुमान ध्वज पूजन किया गया। जानकी जन्मभूमि पुनौरा धाम के महंत श्री कौशल किशोर दास जी के उत्तराधिकारी महंत राम कुमार दास जी ने विधिवत ध्वज पूजन कर माता जानकी से श्री राम कथा की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वैदिक विधि से पंडित अवधेश शास्त्री ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। आयोजन से संबंधित जानकारी देते हुए श्री राम कथा के संयोजक राम शंकर शास्त्री ने बताया कि बैसाख शुक्ल प्रतिपदा से जानकी नवमी तक नवाह पारायण रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से 8 बजे तक सीता प्रेक्षागृह में श्री राम कथा का आयोजन होगा। जानकी नवमी के दिन जानकी प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। ध्वज पूजन कार्यक्रम में मारुति नंदन पांडेय, अशोक कुमार, मनोज ठाकुर, डॉ. मृत्युंजय झा, उमेश कुमार, साकेत बिहारी, नरेंद्र मिश्रा, श्रीनिवास मिश्रा, राम कुमार मनोहर, बिरेंद्र सिंह, रंजन कुमार, राम विनय कुमार कुशवाहा, रघुनाथ गुप्ता, राजन चौधरी, मनोज झा, अवधेश सिंह, निर्मल चंद ठाकुर, आग्नेय कुमार, निशांत शर्मा, नंद किशोर झा, ओम प्रकाश झा, राम छबीला चौधरी, राहुल कुमार, गणेश मिश्रा, सज्जन हिसारिया, राधेश्याम मिश्रा, बाल्मीकि कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मघड़ा मेला भगदड़ : जिला प्रशासन की आपराधिक लापरवाही से हुई श्रद्धालुओं की मौत : भाकपा-माले

**पटना (एनएसबी)।** नालंदा जिले के माता शीतला मंदिर, मघड़ा में आज हुई भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की दुखद मौत पर भाकपा-माले ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे जिला प्रशासन की घोर लापरवाही और आपराधिक कृत्य बताया है। पार्टी नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिजनों एवं घायलों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। अस्पताल जाने वालों में जिला सचिव कामरेड श्रीनिवास शर्मा, कामरेड अनिल पटेल, कामरेड मकसूदन शर्मा (प्रखंड सचिव, नूरसराय) तथा कामरेड विनोद रजक प्रमुख रूप से शामिल थे। नेताओं ने कहा कि मघड़ा मंदिर में चैत्र के अंतिम मंगलवार को हर वर्ष भारी भीड़ जुटती है। नालंदा के अलावा नवादा, पटना, शेखपुरा सहित आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए आते हैं. इसके बावजूद जिला प्रशासन ने किसी प्रकार की तैयारी नहीं की. न पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती थी, न मेडिकल टीम, न एंबुलेंस, न ही मजिस्ट्रेट की बहाली—पूरी व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दी गई थी. यही कारण है कि यह दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें अधिकांश मृतक महिलाएं हैं।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक ने आदर्श केंद्रीय कारा बेउर का किया औचक निरीक्षण

**पटना (एनएसबी)।** आज राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक बालकृष्ण गोयल ने आदर्श केंद्रीय कारा बेउर,पटना का औचक निरीक्षण किया। कारा में उन्हें पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया एवं काराधीक्षक के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।विशेष पर्यवेक्षक ने कारा के अंदर की सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।आज कारा में कुल 4207 बंदी आवासित थे जिसमें महिलाओं की संख्या 160 पायी गयी। 17 विदेशी बंदी भी कारा में पायी गयी। विशेष पर्यवेक्षक ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया जहाँ लगभग 5000 पुस्तकें बंदियों के लिये उपलब्ध होने की बात बतायी गयी। महिला खण्ड में महिला बंदियों से भी बात-चीत की एवं उनकी स्थिति का जायजा लिया।उनके स्वाथ्य की जानकारी ली एवं महिला वार्ड में स्थित चिकित्सालय जाकर चिकित्सिका एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से भी जानकारी ली एवं कई निदेश दिए। महिला बंदियों के छोटे-छोटे बच्चों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया तथा इसे सुनिश्चित कराने के आदेश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पुरुष चिकित्सालय जाकर चिकिसकों से बात-चीत की तथा वहाँ उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों का बेहतर उपयोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले इसके निदेश दिए।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने रचा विकास, विस्वास और बदलाव की नयी कहानी : हिमराज

**पटना (एनएसबी)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने सोशल मीडिया संवाद करते हुए कहा कि साल 2005 से पहले ऐसा दौर था जब बिहार की पहचान संकटों से घिरी हुई थी—प्रशासनिक शिथिलता, भ्रष्टाचार और अपराध का बोलबाला, विकास में ठहराव, सड़कों-बिजली-शिक्षा में पूरी तरह अंधकार। लेकिन 2005 के बाद यह तस्वीर तेजी से बदली और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शासन को एक मिशन बनाकर बिहार को सुशासन की नई पहचान दिलाई। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बिहार ने अभूतपूर्व क्रांति देखी। ग्रामीण सड़कों के व्यापक निर्माण और पुलों के तेज विस्तार ने राज्य की कनेक्टिविटी पर नया इतिहास रच दिया।

# प्रकृति का कहर : सीतामढ़ी में देर रात आंधी के साथ भारी बारिश और भीषण ओलावृष्टि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में मंगलवार की देर शाम प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया। रात करीब 8:25 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और शहर से लेकर गांव तक देखते ही देखते आसमान से ओलों की बारिश शुरू हो गई। करीब 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं और भीषण ओलावृष्टि ने पूरे जिले को अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, ओलावृष्टि इतनी जबरदस्त थी कि कुछ ही देर में जमीन सफेद नजर आने लगी। इस बेमौसम बदलाव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त किया, बल्कि भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद पालने वालों के चेहरे पर भी चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

## किसानों की कमर टूटी, खेतों में गिरीं फसलें



मंगलवार की देर शाम आंधी, बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि।

### गेहूं की फसल को सबसे अधिक चोट : बालियां हुईं नष्ट

इस प्राकृतिक आपदा का सबसे विनाशकारी प्रभाव रबी की मुख्य फसल गेहूं पर पड़ा है। वर्तमान में गेहूं की फसल पककर तैयार थी और किसान कटाई की तैयारी में जुटे थे। लेकिन तेज हवा और ओलों के प्रहार से लहलहाती फसल खेतों में ही बिछ गई। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फसल के जमीन पर गिर जाने से बालियां टूट गई हैं, जिससे पैदावार में भारी गिरावट आनी तय है। दाने काले पड़ने या सड़ने की आशंका से किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। महीनों की कड़ी मेहनत और लागत के बाद जब फसल घर आने वाली थी, तब कुदरत की इस मार ने अन्नदाताओं को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है।

### बागवानी और दलहन-तिलहन पर संकट के बादल

सीतामढ़ी अपनी गुणवत्तापूर्ण आम और लीची के उत्पादन के लिए जाना जाता है, लेकिन इस ओलावृष्टि ने बागवानी को भी मटियामेट कर दिया है। तेज हवाओं के कारण पेड़ों से टिकोले और मंजर बड़े पैमाने पर झड़ गए हैं, जिससे इस साल फलों के उत्पादन में भारी कमी आने की आशंका है। इसके अलावा, दलहन और तिलहन की फसलें, विशेषकर सरसों, पूरी तरह तबाह हो गई हैं। ओलों की चोट से सरसों की फलियां फट गईं और दाने खेतों में ही बिखर गए। सब्जियों की खेती करने वाले किसान भी इस तबाही से अछूते नहीं रहे हैं; गोभी, टमाटर और लतर वाली सब्जियां ओलों के प्रभाव से पूरी तरह नष्ट हो गई हैं।

### किसानों को मुआवजे की आस

अचानक हुई इस भारी ओलावृष्टि ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। खेतों की स्थिति देखकर किसान हताश और परेशान हैं। कई गांवों में फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे छोटे और सीमांत किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहा, तो बचे-खुचे अवशेष भी खत्म हो जाएंगे। अब जिले के पीड़ित किसान सरकार और जिला प्रशासन की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं। किसानों की मांग है कि कृषि विभाग जल्द से जल्द नुकसान का सर्वेक्षण कराए ताकि उन्हें उचित मुआवजा मिल सके और वे इस आर्थिक झटके से उबर सकें।

# पराली से होगी समृद्धि, इसे जलाएं नहीं किसान : रामकृपाल यादव

**पटना (एनएसबी)।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने मंगलवार को राज्य के किसानों से पराली न जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है तथा स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसान पराली न जलाकर उसका वैज्ञानिक प्रबंधन करें और पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनी आय बढ़ाएं।

**पराली प्रबंधन से प्रदूषण कम करने की दिशा में राज्य सरकार ने उठाया बड़ा कदम**

उन्होंने कहा है कि फसल अवशेष का वैज्ञानिक प्रबंधन किसानों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। बिहार सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान उपलब्ध करा रही है, ताकि किसान पराली जलाने के बजाय उसका बेहतर उपयोग कर सकें। कृषि मंत्री ने कहा है कि फसल अवशेष के सही प्रबंधन के लिए किसानों को स्ट्रॉ रीपर और स्ट्रॉ बेलर जैसे आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन यंत्रों की खरीद पर सरकार द्वारा अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों की लागत कम होगी और आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि स्ट्रॉ रीपर मशीन का उपयोग कम्बाईन हार्वेस्टर से फसल कटाई के बाद खेत में बचे खड़े फसल अवशेष को काटकर भूसा बनाने में किया जाता है। यह मशीन भूसा को पीछे चल रहे ट्रॉली में जमा करती है तथा बचे हुए बालियों से अन्न निकालकर अलग जमा करती है, जिससे किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलता है। वहीं, स्ट्रॉ बेलर मशीन कम्बाईन हार्वेस्टर से कटाई के बाद खेत में बचे फसल अवशेष को इकट्ठा कर गट्ठर (बेल) बनाने का कार्य करती है।

## बाघ, डॉल्फिन, सफारी और पक्षी विहार देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे पर्यटक

# बिहार बन रहा वाइल्डलाइफ टूरिज्म हब

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के टाइगर रिजर्व, डॉल्फिन अभ्यारण्य, वन्यजीव अभ्यारण्य और सफारी अब इको टूरिज्म के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। राज्य के विभिन्न वन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पर्यटक वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व राज्य का एकमात्र टाइगर रिजर्व है, जो लगभग 901 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यहां बंगाल टाइगर, तेंदुआ, भालू, हिरण, नीलगाय, जंगली बिल्ली और 250 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। घने जंगल, पहाड़ियां और नदियों से घिरा यह क्षेत्र वन्यजीवों को प्राकृतिक आवास का अनुभव प्रदान करता है।

**कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य राज्य का सबसे बड़ा वन्यजीव अभ्यारण्य**

भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य गंगा डॉल्फिन के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 60 किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस अभ्यारण्य में पर्यटक नाव के माध्यम से डॉल्फिन को प्राकृतिक रूप को देखने आते हैं। मुंगेर जिले का भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य वन्यजीव पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां बाघ, तेंदुआ, जंगली सूअर, भालू, सांभर, चीतल और कई अन्य वन्यजीव पाए जाते हैं। पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा यह क्षेत्र प्रकृति प्रेमियों के लिए उपयुक्त स्थल है। नालंदा जिले में स्थित राजगीर नेचर सफारी और राजगीर जू सफारी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। यहां पर्यटक सफारी के माध्यम से बाघ, शेर, भालू, हिरण और अन्य वन्यजीवों को नजदीक से देख सकते हैं। राजगीर का ग्लास स्काई वॉक भी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

पश्चिम चंपारण का उदयपुर वन्यजीव अभ्यारण्य पक्षी प्रेमियों के लिए प्रमुख स्थल है। यहां पर्यटक विभिन्न प्रकार के स्थानीय और प्रवासी जल पक्षियों को देखने आते हैं। कैमूर जिले में स्थित कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य राज्य का सबसे बड़ा वन्यजीव अभ्यारण्य है, जो 1500 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है। यहां चिंकारा, नीलगाय, सांभर, चीतल, भालू और तेंदुए सहित कई वन्यजीव पाए जाते हैं।

वन विभाग और पर्यटन विभाग की ओर से इन वन्यजीव क्षेत्रों में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सड़क, सफारी, गाइड, सुरक्षा और ठहरने जैसी सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है और वन्यजीव संरक्षण को भी मजबूती मिल रही है।

### रोहतास जिले की तेलकप ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के रोहतास जिले की तेलकप ग्राम पंचायत को वर्ष 2025 के लिए नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार (राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार) के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने ग्राम पंचायत की मुखिया अनीता टोप्पो को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य की ग्राम पंचायतें महिला जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड स्थित तेलकप ग्राम पंचायत द्वारा विकास की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, जो बिहार के लिए गर्व का विषय है। यहां की जनप्रतिनिधि का कुशल नेतृत्व न केवल राज्य की बल्कि देश की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है।

# आज से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में बड़ा बदलाव

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए नगर निकायों के लिए जारी किया गया नया गाइडलाइन कल पहली अप्रैल से लागू हो रहा है, जिसमें 100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन करने वाले संस्थान जैसे- अपार्टमेंट, होटल, सरकारी कार्यालयों को खुद कचरा प्रोसेसिंग लगाना अनिवार्य हो जाएगा।

नगर निकायों में चार रंगों के डस्टबिन (हरा, नीला, लाल, काला) का उपयोग अनिवार्य करने का आदेश सुप्रीमकोर्ट कोर्ट के निर्देशों के बाद पटना नगर निगम और अन्य शहरी निकायों द्वारा जारी किया गया है। यह नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के तहत लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कचरे का वैज्ञानिक तरीके से स्रोत पर ही पृथक्करण करना है। यह व्यवस्था न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के तहत सभी नगर निकायों में लागू की जा रही है। वहीं, राजधानी पटना को सुंदर, स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए पटना नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के नए नियम कल पहली अप्रैल से लागू हो जाएगा। अब घरों से कचरा उठाव के दौरान लोगों को अपने कचरे को केवल गीला और सूखा में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना अनिवार्य होगा। जबकि पहले यह व्यवस्था अनिवार्य नहीं थी। अबतक कचरे को केवल दो श्रेणियों में बांट कर कचरे का उठाव किया जा रहा था। इस नई व्यवस्था के तहत अब कचरा ढोने वाली गाड़ियों में चार अलग-अलग रंगों के बिन लगे होंगे।

**100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन किया तो खुद करना होगा निस्तारण**

**चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन में चार श्रेणियों में कचरा बांटना अनिवार्य**

**घरों से कचरा अलग-अलग नहीं मिला तो सफाईकर्मी ने करेंगे स्वीकार**

यदि घरों से कचरा अलग-अलग करके नहीं दिया गया तो सफाईकर्मी उसे स्वीकार नहीं करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निस्तारण करना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। वहीं, राजधानी में दो नए रंग भी लोगों की स्वच्छता नियमों में शामिल किये जा रहे हैं। इसके लिए पटना नगर निगम कुल 225 नये वाहनों की खरीद कर रहा है। जिसमें शहर के सभी छह अंचलों के 375 सेक्टरों में कचरा उठाव के लिए नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में निगम के पास 373 क्लोज टिपर और 150 सीएनजी टिपर हैं, जिनमें से लगभग 327 वाहन वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। कचरा कलेक्शन को बेहतर बनाने के लिए निगम 225 नए वाहनों की खरीदारी कर रहा है। इनमें 150 क्लोज टिपर और 75 ओपन टिपर शामिल हैं। इन सभी वाहनों को नए कलर कोडेड बिन के साथ लैस किया जा रहा है।

नए नियम केवल आम जनता के लिए नहीं, बल्कि बड़े संस्थानों पर भी लागू होंगे। 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली संस्थाएं या 100 किलो से अधिक कचरा पैदा करने वाले थोक कचरा उत्पादक माने जाएंगे। इसमें होटल, अपार्टमेंट, सरकारी संस्थाएं शामिल हैं। इन्हें अपने परिसर के भीतर ही गीले कचरे का निस्तारण करना होगा। यदि कोई संस्थान या नागरिक नियमों का उल्लंघन करता है, गलत रिपोर्टिंग करता है या कचरा नहीं बांटता है, तो उससे प्रदूषक भुगतान सिद्धांत के तहत भारी पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इसकी निगरानी के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया है, जहां कचरे की पूरी चेन की ट्रैकिंग होगी।

# सौतेला ननिहाल और भारत-नेपाल के बीच जमी बर्फ क्या बालेन साह रिश्तों में लाएंगे गर्माहट या बढ़ेगी कड़वाहट!

भरत चौबे

**सीतामढ़ी।** नेपाल की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए बालेन साह ने प्रधानमंत्री की कमान संभाली है, लेकिन इस जीत की गूँज सरहद पार बिहार के सीतामढ़ी जिले में भी सुनाई दे रही है। सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर प्रखंड स्थित भनसपट्टी गांव में बालेन साह का सौतेला ननिहाल है, जहाँ उनके पीएम बनने की खबर मिलते ही उत्सव का माहौल है।

गांव के लोग एक-दूसरे का मुँह मीठा करा रहे हैं और इसे पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक गौरव का पल मान रहे हैं। हालांकि बालेन साह का इस गांव से रिश्ता उनके पिता की पहली शादी से जुड़ा है, लेकिन ग्रामीणों और परिजनों के बीच उन्हें लेकर अटूट प्रेम और गर्व का भाव है।

पारिवारिक जड़ें और रिश्तों का ताना-बानाः

बालेन साह के पिता डॉ. राम नारायण साह का भनसपट्टी गांव से गहरा नाता रहा है। उनकी पहली शादी इसी गांव के निवासी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद की पुत्री रामप्रीत देवी से हुई थी, जिनसे उन्हें एक पुत्र रौशन कुमार और तीन पुत्रियां हुईं। इसके बाद डॉ. साह ने नेपाल में ध्रुवा साह से दूसरी शादी की, जिनसे बालेन साह, कौशल साह और सुजाता का



जन्म हुआ। तकनीकी रूप से भनसपट्टी बालेन साह का 'सौतेला ननिहाल' है, लेकिन यहां के लोग उन्हें अपने परिवार का अभिन्न हिस्सा मानते हैं। बालेन के चचेरे मामा रामनरेश प्रसाद उर्फ कलेश जी, रामबाबू प्रसाद और केदार प्रसाद का कहना है कि सरहदें भले ही अलग हों, लेकिन खून का रिश्ता और जज्बात एक ही हैं।

### बहन अनामिका की यादें और भाई का व्यक्तित्व

सीतामढ़ी शहर में नगर थाना के समीप रहने वाली बालेन साह की बहन अनामिका, जो एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चलाती हैं, अपने भाई की सफलता पर अत्यंत भावुक हैं। अनामिका के अनुसार, बालेन मानवीय संवेदनाओं से भरे व्यक्ति हैं और लोगों की पीड़ा को गहराई से समझते हैं। उन्होंने बताया कि मेयर बनने से लगभग 10 वर्ष पहले बालेन सीतामढ़ी आए थे। अनामिका को उनके शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भी मिला था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह वहां नहीं जा सकीं। भाई-बहन के बीच का यह स्नेह इस बात का प्रमाण है कि सत्ता के शिखर पर पहुँचने के बावजूद बालेन की जड़ें आज भी कहीं न कहीं बिहार की मिट्टी से जुड़ी हुई हैं।

**सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर प्रखंड स्थित भनसपट्टी गांव में है बालेन साह का सौतेला ननिहाल**

### भारत-नेपाल संबंधों पर मुखिया निशा कुमारी का दृष्टिकोण

बालेन साह के ममेरे भाई की पत्नी और स्थानीय पंचायत की मुखिया निशा कुमारी इस जीत को कूटनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण मानती हैं। उनका कहना है कि बालेन के प्रधानमंत्री बनने से भारत और नेपाल के द्विपक्षीय संबंधों में एक नई ऊर्जा और मजबूती आएगी। सीमावर्ती इलाकों के लोगों में इस खबर से एक सकारात्मक संदेश गया है। मुखिया निशा कुमारी का मानना है कि जब नेतृत्व करने वाले व्यक्ति का जुड़ाव पड़ोसी देश की जमीन और संस्कृति से होता है, तो विवादों के समाधान और सहयोग के रास्ते अधिक सुगमता से खुलते हैं। गांव में स्वजनों को मिठाई खिलाकर उन्होंने अपनी खुशी और उम्मीद जाहिर की।

### रिश्तों की चुनौतियां और भविष्य की संभावनाएं!

जहाँ एक ओर जश्न का माहौल है, वहीं क्षेत्र के कुछ प्रबुद्ध लोगों के बीच भविष्य के संबंधों को लेकर चर्चाएं भी गर्म हैं। चूंकि बालेन का सगा ननिहाल नेपाल में है और भनसपट्टी से उनका नाता पिता की पहली पत्नी के माध्यम से है, इसलिए कुछ लोग संशय जता रहे हैं कि क्या वे भारत के प्रति वैसा ही झुकाव रखेंगे। हालांकि, उनके करीबी परिजनों और बहन अनामिका का दावा है कि बालेन का लगाव इस मिट्टी से हमेशा रहा है। अब पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या भनसपट्टी का यह भागिनेय काठमांडू की कुर्सी पर बैठकर भारत और नेपाल के बीच की रोटी-बेटी के रिश्ते को एक नई ऊंचाई पर ले जा पाएगा।